जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



**The Great Indian Bustard...** We, a team of Wildlife Institute of India (WII) scientists, reached this sobering conclusion recently after conducting a complex and statistically-intensive survey in the state

**Here's Some Good News That Might Lift Your Spirits** Scientists now report that the ozone layer is recovering faster than expected, thanks largely to the global ban on harmful chemicals that damage it

# केरल, असम, पुडुचेरी में 9 अप्रेल, तमिलनाडु 23 तथा प.बंगाल में 23 व 29 को मतदान

## सभी राज्यों में मतगणना 4 मई को, आदर्श आचार संहिता लागू

नई दिल्ली, 15 मार्च। चुनाव आयोग ने रविवार को देश के पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी। इसके तहत पुडुचेरी, केरल और असम में 9 अप्रैल को एक ही चरण में मतदान कराया जाएगा। वहीं, तमिलनाडु में 23 अप्रैल को एक चरण में वोट डाले जाएंगे। पश्चिम बंगाल में दो चरणों में मतदान होगा, जिसमें 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को वोटिंग कराई जाएगी। सभी राज्यों के चुनाव परिणाम 4 मई को घोषित किए जाएंगे।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने आज शाम 4 बजे दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी घोषणा करते हुए कहा कि संबंधित पांच राज्यों में लगभग 17.4 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। चुनाव के लिए 824 विधानसभा सीटों पर करीब 2.19 लाख मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। इस पूरी चुनाव प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए लगभग 25 लाख चुनाव कर्मी तैनात किए जाएंगे।

आयोग के मुताबिक, पांचों राज्यों की विधानसभाओं का कार्यकाल

- **मुख्य चुनाव आयुक्त ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि पाँच राज्यों में 17.4 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। कुल 824 विधानसभा सीटों में 2.19 लाख मतदान केन्द्र बनेंगे तथा करीब 25 लाख चुनावकर्मी तनाव होंगे।**

अलग-अलग तारीखों पर समाप्त हो रहा है। पश्चिम बंगाल विधानसभा का कार्यकाल 7 मई को खत्म होगा, जबकि तमिलनाडु विधानसभा का कार्यकाल 10 मई तक है। असम विधानसभा का कार्यकाल 20 मई और केरल विधानसभा का कार्यकाल 23 मई को समाप्त होगा। वहीं, केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी की विधानसभा का कार्यकाल 15 जून तक है।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पश्चिम बंगाल की 294 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा होते ही पूरे राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है, जो चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक प्रभावी रहेगी।

निर्वाचन आयोग के अनुसार पहले चरण में 152 सीटों पर मतदान कराया जाएगा, जबकि दूसरे चरण में शेष 142 सीटों पर वोट डाले जाएंगे।

पश्चिम बंगाल में पिछली बार 2021 का विधानसभा चुनाव रिकॉर्ड आठ चरणों में हुआ था, जिसमें कई जगह हिंसा की घटनाएं सामने आई थीं। इससे पहले 2016 और 2011 में छह चरणों में मतदान हुआ था, जबकि 2006 में पांच चरणों में चुनाव कराए गए थे। 2001 के बाद से राज्य में एक ही दिन मतदान नहीं हुआ है।

पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस 2011 से सत्ता में है। ममता बनर्जी के नेतृत्व में पार्टी ने 34 साल पुराने वाम मोर्चा शासन को समाप्त किया था। 2011 के विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस को 184 सीटें, कांग्रेस को 42 सीटें, वाम दल को 40 सीटें मिली थीं। इसके बाद भाजपा ने राज्य में धीरे-धीरे अपनी राजनीतिक पकड़ मजबूत की।

इसके बाद 2016 के चुनाव में भाजपा को 3 सीट तथा 2021 में भाजपा को 77 सीटें मिली थीं। वहीं, सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने 213 सीटें जीती थीं, जो बाद में उपचुनाव जीतकर 215 हो गईं।

2019 लोकसभा चुनाव में भाजपा ने पश्चिम बंगाल की 42 में से 18 सीटें जीती थीं। हालांकि, 2024 में यह संख्या घटकर 12 रह गई।

चुनाव से पहले मतदाता सूची को लेकर भी विवाद जारी है। तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि लगभग 63 लाख नाम हटाए गए हैं और करीब 60 लाख मतदाताओं को ''विवादाधीन'' श्रेणी में रखा गया है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस बार तृणमूल कांग्रेस सत्ता बचाने के लिए पूरी ताकत लगाएगी, जबकि भाजपा राज्य में पहली बार सरकार बनाने के लक्ष्य के साथ चुनाव मैदान में है। वाम दल और कांग्रेस भी अपनी जमीन वापस पाने की कोशिश में हैं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# देश की आठ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की घोषणा

नई दिल्ली, 15 मार्च। चुनाव आयोग ने चार राज्य और एक केंद्र शासित प्रदेश में चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। सभी राज्यों में मतदान अप्रैल के महीने में होंगे। इसके साथ ही छह राज्यों की 8 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव का ऐलान भी किया गया है। महाराष्ट्र की दो गुजरात की एक विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने हैं। वहीं, गोवा, नागालैंड और त्रिपुरा की एक-एक सीट उपचुनाव होना है।कर्नाटक में दो सीटों पर उपचुनाव होंगे। ये सभी सीटें तत्कालीन विधायकों

- **गोवा, कर्नाटक, नागालैंड व त्रिपुरा में मतदान 9 अप्रेल को तथा महाराष्ट्र व गुजरात में 23 अप्रेल को होगा।**

के निधन से खाली हुई हैं। चुनाव आयोग के अनुसार उपचुनाव दो चरण में होंगे।गोवा, कर्नाटक, नागालैंड और त्रिपुरा में पहले चरण में 9 अप्रैल को वोटिंग होगी। वहीं, महाराष्ट्र और गुजरात में दूसरे चरण में 23 अप्रैल को मतदान होना है।

अजित पवार की बारामती सीट पर दूसरे चरण में 23 अप्रैल को मतदान होगा। अजित पवार के निधन के बाद उनकी जगह उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाली सुनेत्रा पवार का इस सीट से

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# इज़रायल को बैलिस्टिक मिसाइल इंटरसेप्टर की कमी महसूस होने लगी

## अमेरिका के पास पर्याप्त भंडार है, पर अभी स्पष्ट नहीं कि वह इज़रायल को देगा या नहीं

तेल अवीव/वॉशिंगटन, 15 मार्च। पश्चिम एशिया में जारी सैन्य तनाव के बीच इज़रायल की मिसाइल रक्षा क्षमता पर दबाव बढ़ता दिख रहा है। ईरान की तरफ लगातार हो रहे हमलों के कारण इज़रायल के पास बैलिस्टिक मिसाइल इंटरसेप्टर की कमी होने लगी है।

बताया जा रहा है कि इज़रायल ने इस स्थिति को लेकर अमेरिका को आगाह किया है, जबकि वॉशिंगटन का कहना है कि उसके अपने भंडार फिलहाल पर्याप्त हैं। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि अमेरिका अपने इंटरसेप्टर इज़रायल को बेचेगा या साझा करेगा।

समाचार समूह टाइम्स ऑफ इज़रायल ने अमेरिकी समाचार वेबसाइट सेमाफोर के हवाले से बताया है कि पश्चिम एशिया में बीते 15 दिनों से जारी संघर्ष के बीच इज़रायल को अपनी मिसाइल रक्षा प्रणाली के लिए जरूरी बैलिस्टिक मिसाइल इंटरसेप्टर की कमी का सामना करना पड़ रहा है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, इज़रायल ने इस हफ्ते अमेरिका को जानकारी दी

- **पिछले साल गर्मियों में ईरान के साथ हुई झड़पों में बड़ी संख्या में इन्टरसेप्टर इस्तेमाल हो गये थे। इस कारण से उसकी लम्बी दूरी की हवाई रक्षा प्रणाली पर पहले ही दबाव था। मौजूदा संघर्ष में ईरान के लगातार हमलों ने इस दबाव को और बढ़ा दिया।**

है कि लगातार हो रहे हमलों के कारण उसके इंटरसेप्टर का भंडार तेजी से घट रहा है।

वहीं, रिपोर्ट में कहा गया है कि, अमेरिकी अधिकारियों को पहले से पता था कि इज़रायल पहले से ही सीमित इंटरसेप्टर स्टॉक के साथ इस संघर्ष में उतरा था। पिछले साल गर्मियों में ईरान के साथ हुई झड़पों के दौरान बड़ी संख्या में इंटरसेप्टर इस्तेमाल हो चुके थे, जिससे उसकी लंबी दूरी की हवाई रक्षा प्रणाली पर पहले से दबाव था। मौजूदा संघर्ष के दौरान ईरान के लगातार हमलों ने इस दबाव को और बढ़ा दिया है।

रिपोर्ट के अनुसार, ईरान अब अपनी कुछ मिसाइलों में क्लस्टर गोला-बारूद भी जोड़ रहा है। इससे मिसाइलों को रोकने के लिए ज्यादा इंटरसेप्टर की जरूरत पड़ सकती है और इज़राइल की एयर डिफेंस प्रणाली पर अतिरिक्त दबाव बन सकता है।

फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि अमेरिका अपने इंटरसेप्टर इज़रायल को बेचेगा या साझा करेगा। ऐसा करने से अमेरिका के घरेलू भंडार पर भी दबाव पड़ सकता है।

रिपोर्ट के मुताबिक, इज़रायल के पास ईरानी मिसाइलों से बचाव के लिए अन्य विकल्प भी हैं, जिनमें लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल शामिल है। हालांकि लंबी दूरी की मिसाइलों को रोकने के लिए इंटरसेप्टर सबसे प्रभावी रक्षा प्रणाली माने जाते हैं। वहीं, इज़राइल की प्रसिद्ध आयरन डोम प्रणाली मुख्य रूप से कम दूरी के रॉकेट और ड्रोन हमलों को रोकने के लिए बनाई गई है।

# 'मध्य पूर्व के देश अपने क्षेत्रों से अमेरिकी सेना हटाएं'

## ईरान के विदेश मंत्री ने कहा कि विदेशी सेना की उपस्थिति मौजूदा क्षेत्रीय तनाव को और बढ़ाती है

तेहरान, 15 मार्च। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने खाड़ी और मध्य पूर्व के देशों से अपील की है कि वे अपने क्षेत्रों से अमेरिका की सेना को हटाने पर विचार करें। उनका कहना है कि मौजूदा हालात में विदेशी सैन्य मौजूदगी क्षेत्रीय तनाव को और बढ़ा रही है।

अराघची ने कहा कि पूरे क्षेत्र में लगातार जवाबी हमले और सैन्य

- **ईरान का कहना है कि अमेरिका लंबे समय से खाड़ी देशों को सुरक्षा देने का दावा करता रहा है, पर उसका सुरक्षा ढांचा कमज़ोर साबित हुआ है।**

गतिविधियां जारी हैं, जिससे हालात और अधिक अस्थिर हो गए हैं। उनके अनुसार, ऐसी स्थिति में बाहरी ताकतों की सैन्य मौजूदगी शांति स्थापित करने के बजाय संकट को और गहरा कर सकती है।

ईरानी विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि अमेरिका लंबे समय से खाड़ी देशों को सुरक्षा देने का दावा करता रहा है, लेकिन मौजूदा परिस्थितियों में यह सुरक्षा ढांचा कमजोर साबित हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिकी सुरक्षा नीति क्षेत्र में स्थिरता लाने में प्रभावी नहीं रही है।

अराघची ने यह दावा भी किया कि अमेरिका अब महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग होर्मुज स्ट्रेट की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अन्य देशों, खासकर चीन से सहयोग की मांग कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति दिखाती है कि क्षेत्रीय सुरक्षा व्यवस्था में नई चुनौतियां सामने आ रही हैं।

ईरान ने अपने पड़ोसी देशों से अपील करते हुए कहा कि वे विदेशी सैन्य ताकतों को अपने क्षेत्रों से हटाने के बारे में गंभीरता से विचार करें, ताकि क्षेत्र में स्थिरता और शांति कायम की जा सके।

# मुख्यमंत्री ने वित्तमंत्री सीतारमण से मुलाकात की

नई दिल्ली/जयपुर, 15 मार्च। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने पूंजीगत निवेश हेतु राज्य को विशेष सहायता योजना (एसएएससीआई) के तहत मिल रहे

- **उन्होंने राजस्थान को विशेष सहायता योजना के तहत मिल रहे सहयोग पर आभार व्यक्त किया।**

सहयोग के लिए केन्द्र सरकार का आभार व्यक्त किया।

विकसित राजस्थान के लिए मुख्यमंत्री और केन्द्रीय वित्त मंत्री ने प्रदेश के चहुंमुखी विकास, योजनाओं के सफल क्रियान्वयन एवं आधारभूतढांचे के विषय परविस्तृत बातचीत की।

# "नेतन्याहू ठीक हैं" : इज़रायल ने उनकी मौत की खबर को फर्जी बताया

## युद्ध को लेकर नेतन्याहू की प्रेस कॉन्फ्रैंस के वीडियो के बाद सोशल मीडिया में उनकी मौत की खबर फैली

नई दिल्ली, 15 मार्च। सोशल मीडिया पर कुछ पोस्ट में इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के निधन की बात कही जा रही है। इसको लेकर उनके ऑफिस ने बयान जारी कर कहा है कि वे ठीक हैं।

अनादोलू एजेंसी के एक संवाददाता ने दफ्तर से पूछा कि क्या उनके पास सोशल मीडिया पर बढ़ते इन दावों पर कोई बयान है कि ''नेतन्याहू की हत्या कर दी गई है।'' इस पर नेतन्याहू के ऑफिस ने कहा, ''ये फर्जी खबरें हैं, प्रधानमंत्री बिल्कुल ठीक हैं।''

शुक्रवार को नेतन्याहू ने अपने एक्स (पहले ट्विटर) अकाउंट पर अमेरिका-इजरायल-ईरान के बीच

- **सोशल मीडिया यूजर्स के अनुसार, वीडियो में नेतन्याहू के दाहिने हाथ में छह उंगलियां दिख रही हैं, इससे लगता है कि यह ए.आई. जनरेटेड है। इस कारण से इज़रायल के प्रधानमंत्री की मौत की चर्चा सोशल मीडिया में फैल गई।**

चल रहे युद्ध को लेकर हुई एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का वीडियो शेयर किया था।

कई सोशल मीडिया यूजर्स ने दावा किया कि उन्होंने इस वीडियो में नेतन्याहू के दाहिने हाथ में छह उंगलियां देखी हैं, जिससे यह अफवाहें तेज हो गईं कि यह वीडियो एआई-जनरेटेड है।

वीडियो में जब नेतन्याहू अपने हाथ ऊपर उठाते हैं तो छोटी उंगली के बगल में मांस का एक अतिरिक्त टुकड़ा दिखाई देता है। कई सोशल मीडिया यूजर्स ने दावा किया कि यह छठी उंगली थी।

अमेरिकी रूढ़ि वादी राजनीतिक टिप्पणीकार कैंडिस ओवेन्स ने पूछा, "बीबी कहां हैं?" उन्होंने लिखा, "ध्यान दें कि पूरे वीडियो में ब्लैकआउट पर्दा बिल्कुल एक ही पैटर्न में कैसे हिल रहा है, ऐसा लगता है जैसे यह लूप में चल रहा हो। जबकि दोनों झंडे बिल्कुल भी नहीं हिलते। यह एआई का साफ संकेत है।''

हालांकि, इस दावे को एक अन्य यूज़र ने खारिज कर दिया, जिसने कहा, ''आजकल कई लोग नकली बैकग्राउंड का इस्तेमाल करते हैं, जैसे कि न्यूज ब्रॉडकास्टर। इसका मतलब यह नहीं है कि वह नकली है।''

# ओडिशा में 11 ईनामी माओवादियों ने सरेंडर किया

भुवनेश्वर, 15 मार्च। वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ अभियान में ओडिशा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। कालाहांडी जिला मुख्यालय भवानीपटना की रिजर्व पुलिस लाइन में रविवार को आयोजित विशेष कार्यक्रम

- **इन सभी पर कुल मिलाकर 63.25 लाख रूपए का ईनाम था।**

में 11 हार्डकोर माओवादियों ने पुलिस महानिदेशक वाई बी खुरानिया के सामने हथियार डाल दिए।

आत्मसमर्पण करने वालों में नकुल नामक माओवादी भी शामिल है, जो भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) की ओडिशा राज्य समिति का डिविजनल कमेटी सदस्य था और जिस पर 22 लाख रुपये का इनाम घोषित था। आत्मसमर्पण करने वाले समूह में एक डिविजनल कमेटी सदस्य, पांच एरिया कमेटी सदस्य और पांच पार्टी सदस्य शामिल हैं। इन सभी पर कुल मिलाकर 63.25 लाख रुपये का इनाम घोषित था।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीजीपी ने आश्वासन दिया कि आत्मसमर्पण करने वाले सभी माओवादियों को राज्य सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत वित्तीय सहायता, कौशल प्रशिक्षण और पुनर्वास की सुविधाएं प्रदान की जाएंगी, ताकि वे सम्मानजनक जीवन जी सकें।

# 'भारत के नेतृत्व में ब्रिक्स पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव को दूर करे'

## ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियन ने भारत से इस संबंध में आग्रह किया है

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 14 मार्च। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को "ईरान का मित्र" बताया है। लेकिन जिस बात को भारतीय मुख्यधारा का मीडिया कम महत्व दे रहा है, वह यह है कि तेहरान ने नई दिल्ली से आग्रह किया है कि "ब्रिक्स", जिसकी अध्यक्षता इस समय भारत कर रहा है, पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष को सुलझाने में "मजबूत" और "रचनात्मक" भूमिका निभाए, जो वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और समुद्री व्यापार मार्गों को प्रभावित कर रहा है।

भारत इस समय ब्रिक्स का अध्यक्ष है और यह ऐसा एकमात्र प्रमुख मंच है, जिसने अब तक कोई बयान जारी नहीं किया है। ईरान 2024 से इसका सदस्य है और भारत अक्सर खुद को "ग्लोबल साउथ" की आवाज बताता है। समूह के अन्य संस्थापक सदस्य, ब्राज़ील, चीन, रूस और दक्षिण अफ्रीका व्यक्तिगत रूप से अमेरिका-इज़रायल के हमलों की निंदा कर चुके हैं।

भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में उस प्रस्ताव का सह-प्रायोजन किया है, जिसमें खाड़ी देशों पर ईरान के हमलों की निंदा की गई है, लेकिन अमेरिका-इज़रायल द्वारा ईरान और लेबनॉन पर किए गए हमलों की आलोचना नहीं की गई। यह बात तेहरान ने साफ तौर पर और निश्चित रूप से नोट की है। संयुक्त बयान जारी करने में विवाद का मुख्य कारण ईरान और संयुक्त अरब अमीरात के बीच के मतभेद भी हैं।

ऊर्जा संकट को गहराई से महसूस कर रही मोदी सरकार ईरान से लगातार संपर्क करती दिखाई दे रही है। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर और उनके ईरानी समकक्ष अब्बास अराधची ने युद्ध शुरू होने के बाद गुरुवार शाम चौथी बार फोन पर बातचीत की। भारत की मुख्य

- **ब्रिक्स ने ईरान वॉर के बारे में अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है, हालांकि, ब्रिक्स के सदस्य देश, ब्राज़ील, चीन, रूस, साउथ अफ्रीका आदि, ईरान पर अमेरिका-इज़रायल हमलों की व्यक्तिशः निंदा कर चुके हैं। जबकि भारत, जो ब्रिक्स की अध्यक्षता कर रहा है, ईरान के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव का समर्थन करने वाले 135 देशों में से एक है।**
- **ईरान के राष्ट्रपति ने भारतीय मीडिया पर भी प्रश्न चिन्ह लगाया, कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ईरान को मित्र बताया है, पर, भारतीय मीडिया तेहरान के इस आग्रह को दबा रहा है कि भारत को ब्रिक्स के मार्फत पश्चिम एशिया में शांति स्थापना के लिए पहल करनी चाहिए।**

चिंता यह है कि होरमुज़ स्ट्रेट के रणनीतिक समुद्री मार्ग से भारतीय ध्वज वाले व्यापारिक जहाज़ सुरक्षित रूप से गुजर सकें, जिसे तेहरान ने आंशिक रूप से अवरुद्ध कर दिया है। नई दिल्ली में ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहाली ने शुक्रवार दोपहर पत्रकारों से कहा कि उनकी सरकार जल्द ही यह स्पष्ट कर देगी कि क्या भारत को होरमुज़ स्ट्रेट से गुजरने की अनुमति दी जाएगी, जिसे ईरानी बलों ने अमेरिका-इज़रायल के हमलों के जवाब में बंद किया है। फतहाली ने कहा कि दो से तीन घंटे में और जानकारी दी जाएगी। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि भारत इस स्थिति में और "युद्ध के बाद" "विभिन्न क्षेत्रों में ईरान की "मदद" करेगा, हालांकि उन्होंने इसके बारे में विस्तार से कुछ नहीं बताया।

# कई जिलों में वर्षा, हनुमानगढ़ टपकूड़ा में ओले गिरे

जयपुर, 15 मार्च। राजस्थान में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से रविवार को मौसम बदला हुआ नजर आया। कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हुई, जबकि हनुमानगढ़ और टपूकड़ा क्षेत्र में ओलावृष्टि भी दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिन मौसम शुष्क रहेगा, जबकि 18 से 21 मार्च के बीच एक और मजबूत पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से आंधी-बारिश की संभावना है।

मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक

- **मौसम विभाग ने 18 से 21 मार्च के बीच आंधी व वर्षा की संभावना बताई।**

राधेश्याम शर्मा ने बताया कि 16-17 मार्च को मौसम मुख्यतः शुष्क रहेगा। इसके बाद 18 मार्च से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से जोधपुर और बीकानेर संभाग में मेघगर्जन, आंधी और

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पोप लियो ने सैन्य संघर्ष रोकने की अपील की

वेटिकन सिटी, 15 मार्च। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और जारी सैन्य संघर्ष के बीच पोप लियो ने युद्धिवराम की जोरदार अपील की है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में हालात बेहद गंभीर हैं और हिंसा को तुरंत रोककर संवाद का

- **उन्होंने कहा कि खाड़ी देशों में लोग दो सप्ताह से युद्ध की भयावहता झेल रहे हैं।**

रास्ता अपनाया जाना चाहिए।

रविवार को वेटिकन सिटी में एंजेलस प्रार्थना के बाद अपने संबोधन में पोप ने कहा कि खाड़ी देशों में लोग पिछले दो सप्ताह से युद्ध की भयावहता झेल रहे हैं। उन्होंने संघर्ष में शामिल पक्षों से अपील करते हुए कहा कि वे तुरंत संघर्ष विराम लागू करें और बातचीत के जरिए समाधान तलाशें।

पोप लियो ने कहा कि इस संघर्ष में हजारों निर्दोष लोगों की जान जा चुकी है और बड़ी संख्या में लोग अपने घर छोड़ने को मजबूर हुए हैं। उन्होंने उन परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की जिनके प्रियजन स्कूलों, अस्पतालों और रिहायशी इलाकों पर हुए हमलों में मारे गए।

## विचार बिन्दु

दोष निकालना सुगम है, उसे अच्छा करना कठिन। –प्लूटार्क

# लेखन, मानदेय और एक पुस्तक-विहीन समाज का खतरा

कुछ दिन पहले एक रोचक संवाद हुआ। यद्यपि यह बातचीत बहुत निजी और पारिवारिक वातावरण में हुई थी, मुझे लगा कि इसमें उठे प्रश्न व्यापक चर्चा के योग्य हैं। इसलिए इस संवाद की चर्चा यहां कर रहा हूं।

यह संवाद मेरी पौत्री और मेरे बीच हुआ। वह कई वर्षों से ऑस्ट्रेलिया में रह रही है। उसकी अधिकांश शिक्षा वहीं हुई और अब वह वहीं काम भी कर रही है। लेखन में उसकी गहरी रुचि है। उसकी कुछ कविताएँ वहाँ प्रकाशित हो चुकी हैं और वह वहां के विभिन्न प्रकाशनों के लिए नियमित रूप से लिखती भी है। पिछली मुलाकात में उसने सहज ढंग से बताया कि ऑस्ट्रेलिया में केवल लेखन के आधार पर भी सम्मानजनक जीवन जीना संभव है। यह हुई पृष्ठभूमि।

हाल ही में मैंने उसकी एक कविता पढ़ी। मुझे वह बहुत अच्छी लगी और मुझे लगा कि उसे भारत की किसी प्रमुख काव्य पत्रिका में प्रकाशित होना चाहिए। संयोग से उस पत्रिका के संपादक से मेरी आत्मीयता है, लेकिन मैं उस परिचय का दुरुपयोग नहीं करना चाहता था। इसलिए मैंने उन्हें कविता केवल उनकी राय जानने के लिए भेज दी। उन्हें भी वह कविता पसंद आई और उन्होंने स्वयं ही यह प्रस्ताव रखा कि वे इस युवा कवयित्री की कुछ कविताएँ प्रकाशित करना चाहेंगे। स्वाभाविक है, इससे मुझे गर्व का अनुभव हुआ। जब मैंने यह बात अपनी पौत्री को बताई तो वह भी प्रसन्न हुई। लेकिन तभी उसने एक प्रश्न पूछा जिसने मुझे थोड़ा चौंका दिया। उसने पूछा–क्या वह पत्रिका पेड (Paid) है?

चूँकि वह भारत के प्रकाशन जगत के तौर–तरीकों से परिचित नहीं है, मैंने उसे कुछ बातें समझाने की कोशिश की। मैंने बताया कि भारत में अधिकांश साहित्यिक पत्रिकाएँ अपने रचनाकारों को कोई मानदेय नहीं देतीं। साथ ही, सामान्यतः लेखक भी अपनी रचना प्रकाशित कराने के लिए प्रकाशक को पैसे नहीं देते। साहित्य छापने वाली अधिकांश पत्रिकाएँ लघु पत्रिकाएँ होती हैं जिनकी प्रसार संख्या सीमित होती है। कई बार तो वे निःशुल्क ही वितरित की जाती हैं। हाल के वर्षों में डाक–व्यय बढ़ जाने से उन्हें भेजना भी कठिन होता जा रहा है। मैंने यह भी बताया कि बड़ी प्रसार संख्या वाली पत्रिकाओं में साहित्य के लिए बहुत कम स्थान होता है।

मैंने उससे यह भी कहा कि भारत में साहित्य–लेखन प्रायःस्वांतःसुखाय होता है। लेखक अपनी आजीविका के लिए नौकरी या किसी अन्य पेशे पर निर्भर रहते हैं। यह भी बताया कि कुछ पत्रिकाएँ–विशेषकर शोध से जुड़ी–लेखकों से पैसे लेकर लेख प्रकाशित करती हैं। कभी–कभी कुछ साहित्यिक पत्रिकाएँ भी परोक्ष रूप से लेखक से पैसा माँगती हैं, लेकिन यह बात अधिक समय तक छिपी नहीं रहती और ऐसी पत्रिकाओं तथा उनमें प्रकाशित होने वाले लेखकों को अच्छी दृष्टि से नहीं देखा जाता।

बात आगे बढ़ी तो पुस्तक–प्रकाशन की स्थिति पर भी चर्चा हुई। मैंने बताया कि भारत में––विशेषकर हिंदी में–साहित्यिक पुस्तकों का प्रकाशन तो बहुत होता है, लेकिन लेखक को उसके श्रम का पर्याप्त प्रतिफल शायद ही मिलता है। प्रकाशकों का कहना होता है कि साहित्यिक पुस्तकें बहुत कम बिकती हैं, इसलिए वे रॉयल्टी नहीं दे पाते। कई बार लेखक स्वयं अपने पैसे से भी पुस्तकें प्रकाशित कराते हैं। आजकल हिंदी प्रकाशन में यह तरीका काफ़ी सामान्य हो गया है। कुछ स्थापित और प्रसिद्ध लेखक अपने लेखन से कुछ आय प्राप्त कर लेते हैं, लेकिन अधिकांश लेखक अपनी जीविका के लिए अन्य साधनों पर निर्भर रहते हैं और लेखन को मुख्यतः अपने जुनून के रूप में निभाते हैं। और भी बहुत कुछ कहा जा सकता था, लेकिन मुझे लगा कि इस संवाद के लिए इतना पर्याप्त है।

मेरी पौत्री ने मेरी बातें ध्यान से सुनीं और फिर शांत स्वर में कहा कि सिद्धांततः वह भी मानती है कि लेखन भीतर की प्रेरणा से होना चाहिए, न कि केवल लाभ की अपेक्षा से। लेकिन जीवन केवल सिद्धांतों से नहीं चलता। यदि कोई व्यक्ति पूरे मन से लिखे और बदले में उसे कुछ भी न मिले, तो वह अपना जीवन कैसे चलाएगा? वह खाएगा क्या, रहेगा कहाँ, पहनेगा क्या? आखिर हर व्यक्ति को भोजन, आवास और वस्त्र की आवश्यकता तो होती ही है।

**बहुत-सी ऑनलाइन सामग्री निःशुल्क पढ़ी जा सकती है, लेकिन प्रिंट पत्रिकाएँ सामान्यतः खरीदकर ही पढ़ी जाती हैं। कुछ डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म प्रतिदिन सीमित संख्या में लेख निःशुल्क पढ़ने देते हैं, उसके बाद उन्हें भुगतान करना पड़ता है। कथेतर लेखन और कथा साहित्य के लिए भी अलग-अलग व्यवस्थाएँ होती हैं। लेकिन कुल मिलाकर स्थिति यह है कि वहाँ बिना भुगतान के लिखना लगभग असामान्य माना जाता है।**

भारतीय व्यवस्था में इसका उत्तर स्पष्ट है–जीविका के लिए नौकरी या व्यवसाय करो और मन की संतुष्टि के लिए लिखो। लेकिन तब वह व्यक्ति चाहे जो हो जाए, पूर्णकालिक लेखक नहीं बन सकता। वह अधिक से अधिक अंशकालिक लेखक ही रहेगा।

यहाँ एक महत्वपूर्ण प्रश्न उठता है। यदि लेखक अपना पूरा समय और ऊर्जा लेखन को नहीं दे सकता, तो उसके काम की गुणवत्ता से हम क्या और कितनी अपेक्षा कर सकते हैं? हम विदेशी लेखकों की गहन शोध पर आधारित पुस्तकों की बहुत प्रशंसा करते हैं और अफसोस करते हैं कि हमारे यहाँ वैसा लेखन क्यों नहीं होता। लेकिन क्या हम यह भी सोचते हैं कि हमारे लेखकों को वैसी ही परिस्थितियाँ उपलब्ध हैं या नहीं? क्या वे अपने लेखन की प्रामाणिकता के लिए दूर–दूर तक यात्राएँ कर सकते हैं? क्या वे किसी पुस्तक के लिए दो–तीन वर्ष तैयारी में लगा सकते हैं? क्या वे अपने शोध के लिए हजारों रुपये की किताबें खरीद सकते हैं? क्या वे शोध–सहायकों की टीम रख सकते हैं? क्या वे अपने लेखन को संपादित कराने के लिए पेशेवर संपादकों को भुगतान कर सकते हैं? क्या वे प्रकाशक से बातचीत के लिए साहित्यिक एजेंट नियुक्त कर सकते हैं? यदि इन सभी प्रश्नों का उत्तर स्पष्ट रूप से 'नहीं' है, तो उनसे महान कृतियों की अपेक्षा करना कितना उचित है? प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद वे लिखते रहते हैं, क्या यह अपने आप में कम बड़ी बात है?

जब मैंने यह सब कहा तो उसने ऑस्ट्रेलिया की स्थिति के बारे में कुछ और जानकारी दी। वहाँ जो प्रकाशन अपने लेखकों को मानदेय नहीं देते या बहुत कम देते हैं, उन्हें अच्छी दृष्टि से नहीं देखा जाता। उन्हें खुले तौर पर लेखक की प्रतिभा का शोषण करने वाला माना जाता है। हाँ, वहाँ भी छोटे और बड़े प्रकाशनों में भुगतान की दरें अलग–अलग होती हैं। बहुत–सी ऑनलाइन सामग्री निःशुल्क पढ़ी जा सकती है, लेकिन प्रिंट पत्रिकाएँ सामान्यतः खरीदकर ही पढ़ी जाती हैं। कुछ डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म प्रतिदिन सीमित संख्या में लेख निःशुल्क पढ़ने देते हैं, उसके बाद उन्हें भुगतान करना पड़ता है। कथेतर लेखन और कथा साहित्य के लिए भी अलग–अलग व्यवस्थाएँ होती हैं। लेकिन कुल मिलाकर स्थिति यह है कि वहाँ बिना भुगतान के लिखना लगभग असामान्य माना जाता है।

जिस प्रकार मेरी पौत्री के लिए यह कल्पना से परे है कि कोई व्यक्ति जीवन भर बिना पैसे लिए लिखता रहे, उसी प्रकार हमारे लिए यह कल्पना करना कठिन है कि किसी लेखक को उसके लिखे हर शब्द के लिए भुगतान किया जाए। ये दो अलग–अलग व्यवस्थाएँ हैं।

प्रश्न यह है कि हमें कौन–सी व्यवस्था अधिक उचित लगती है?

क्या लिखना भी एक काम नहीं है? यदि है, तो उसके लिए भुगतान क्यों न हो? लेकिन यदि हम यह प्रश्न उठाते हैं तो एक और प्रश्न भी सामने आता है–क्या हम पाठक के रूप में पढ़ने के लिए पैसे खर्च करते हैं? क्या हम नियमित रूप से पुस्तकें और पत्रिकाएँ खरीदते हैं? क्या हमारे घरेलू बजट में इसके लिए कोई स्थान होता है? क्या हमारे घरों में पुस्तकों के लिए कोई कोना निर्धारित होता है? क्या हमारे यहाँ एक मजबूत सार्वजनिक पुस्तकालय व्यवस्था है? क्या नई बसने वाली कॉलोनियों में मंदिर, स्विमिंग पूल, टेनिस कोर्ट और जिम आदि के साथ–साथपुस्तकालय भी बनाए जाते हैं? क्या हमारे शैक्षणिक संस्थान नियमित रूप से नई पुस्तकें खरीदते हैं? क्या हम अपने बच्चों और विद्यार्थियों को अधिक पढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं? क्या हमारे अखबार और पत्रिकाएँ नई पुस्तकों की नियमित चर्चा करते हैं?

इन प्रश्नों के उत्तर हम सब जानते हैं।

तो फिर लेखक को पैसा कहाँ से मिलेगा? और यदि लेखक को पैसा नहीं मिलेगा, तो वह कब तक केवल अपने जुनून के सहारे लिखता रहेगा?

क्या हम तेज़ी से एक पुस्तक–विहीन समाज की ओर बढ़ रहे हैं?

और पुस्तक–विहीन समाज अंततः विचार–विहीन समाज बन जाता है–<br>एक ऐसा समाज जिसमें दृष्टि नहीं होती,<br>एक ऐसा समाज जिसमें सपने नहीं होते।<br>सोचिए।<br>गंभीरता से सोचिए।<br>और कुछ कीजिए–इससे पहले कि बहुत देर हो जाए।

**–अतिथि संपादक,**<br>**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल,**<br>**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# राजस्थान की उच्च शिक्षा में सेवा निरंतरता और वेतन संरक्षण : एक अनिवार्य नीतिगत सुधार

## राजस्थान में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक गंभीर विसंगति देखने को मिल रही है



प्रो. अशोक कुमार

किसी भी राष्ट्र या राज्य की प्रगति उसकी उच्च शिक्षा की गुणवत्ता पर निर्भर करती है। राजस्थान, जो अपनी सांस्कृतिक धरोहर के साथ–साथ अब एक एजुकेशन हब के रूप में उभर रहा है, वहां उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक गंभीर विसंगति देखने को मिल रही है। यह विसंगति है–राजकीय महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के बीच शिक्षकों की गतिशीलता में आने वाली बाधाएं। वर्तमान में, राजस्थान लोक सेवा आयोग के माध्यम से नियुक्त उच्च योग्यता प्राप्त नेट, पीएचडी शिक्षक जब विश्वविद्यालयों में नियुक्त होते हैं, तो उन्हें अपने पिछले वर्षों के अनुभव और वेतन का लाभ नहीं मिलता। यह न केवल उन शिक्षकों के साथ अन्याय है, बल्कि राज्य की अकादमिक उत्कृष्टता के लिए भी एक बड़ा खतरा है।

राजस्थान के विश्वविद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्तियां कई वर्षों तक लंबित रहती हैं। इस बीच, अत्यधिक सक्षम विद्वान, जो पीएचडी धारक हैं और नेट उत्तीर्ण हैं, अपना करियर शुरू करने के लिए राजस्थान लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में बैठते हैं और राजकीय महाविद्यालयों में सहायक आचार्यके रूप में कार्यभार ग्रहण कर लेते हैं।

समस्या तब उत्पन्न होती है जब 5–10 वर्षों के अंतराल के बाद विश्वविद्यालयों में भर्ती प्रक्रिया शुरू होती है। ये अनुभवी शिक्षक, जो अब कॉलेज शिक्षा प्रणाली के अभिन्न अंग बन चुके हैं, अपनी शोध अभिरुचि के कारण विश्वविद्यालयों में आवेदन करते हैं। चयन होने पर, उन्हें एक नवागंतुक की तरह व्यवहार किया जाता है। उनकी पिछली सरकारी सेवा, उनके द्वारा पढ़ाए गए वर्ष और उनका प्राप्त किया गया वेतन स्तर–सब कुछ शून्य मान लिया जाता है।

प्रमुख चुनौतियां और उनके प्रभाव

1. वेतन संरक्षण का अभाव

एक शिक्षक जिसने राजकीय कॉलेज में 8 साल सेवा दी है, वह सीनियर स्केल या सिलेक्शन ग्रेड पर होता है। विश्वविद्यालय ज्वाइन करते ही उसे पुनः शुरुआती मूल वेतन पर ला दिया जाता है। यह आर्थिक दंड जैसा है। परिवार और सामाजिक जिम्मेदारियों के बीच कोई भी विद्वान स्वेच्छा से अपनी सैलरी कम करवाकर शोध क्षेत्र में नहीं जाना चाहेगा।

2. करियर एडवांसमेंट स्कीम में बाधा

यूजीसी के नियमों के अनुसार, पदोन्नति के लिए पिछला अनुभव गिना जाना चाहिए। लेकिन प्रशासनिक पेचीदगियों के कारण, विश्वविद्यालयों में ज्वाइन करने के बाद शिक्षकों को अपनी सीनियरिटी खोनी पड़ती है। उनकी पिछली 10 साल की तपस्या को करियर प्रोग्रेशन में नहीं जोड़ा जाता, जिससे वे अपने साथियों से पिछड़ जाते हैं। जब सबसे सक्षम मस्तिष्क यह देखते हैं कि विश्वविद्यालय जाने पर उन्हें आर्थिक और पदोन्नति का नुकसान होगा, तो वे कॉलेजों में ही रुकना पसंद करते हैं। इससे विश्वविद्यालयों को वह अनुभवी वर्कफोर्स नहीं मिल पाता जो शोध और नवाचार को नई दिशा दे सके।

इस संकट को दूर करने के लिए राज्य सरकार और उच्च शिक्षा विभाग को एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाना होगा। निम्नलिखित सुधार इस दिशा में क्रांतिकारी सिद्ध हो सकते हैं:–

अंतर–संस्थागत सेवा निरंतरता

सरकार को एक स्पष्ट आदेश जारी करना चाहिए कि राजकीय महाविद्यालयों और राज्य के सार्वजनिक विश्वविद्यालयों के बीच सेवा को निरंतर माना जाएगा।

यूजीसी नियमों का कड़ाई से क्रियान्वयन: यूजीसी रेगुलेशन 2018 के क्लॉज 10.0 में स्पष्ट है कि यदि पिछले अनुभव की योग्यताएं वर्तमान पद के समान हैं, तो उसे गिना जाना चाहिए। राजस्थान को इसे बिना किसी स्थानीय अवरोध के लागू करना चाहिए।

अनुभव का सीधा लाभ: यदि कोई शिक्षक 7 साल के अनुभव के साथ आता है, तो विश्वविद्यालय में उसे सीधे अगले ग्रेड–पे या स्तर पर पदस्थापित किया जाना चाहिए।

वेतन संरक्षण के ठोस नियम

सरकारी कर्मचारी के एक विभाग से दूसरे विभाग में जाने पर अंतिम वेतन प्रमाण पत्र–को सुरक्षित रखना एक स्थापित प्रशासनिक सिद्धांत है। इसे शिक्षा विभाग में भी अनिवार्य रूप से लागू किया जाना चाहिए।

नोशनल फिक्सेशन: नियुक्ति के समय शिक्षक के पिछले इंक्रीमेंट्स को संरक्षित कर नया वेतन निर्धारित किया जाए। इससे शिक्षक को मानसिक शांति मिलेगी और वह पूर्ण ऊर्जा के साथ शोध कार्य कर सकेगा।

एकीकृत उच्च शिक्षा सेवा का गठन

राजस्थान को कॉलेज शिक्षा और विश्वविद्यालय शिक्षा के बीच की दीवार को गिराना होगा। एक यूनिफाइड कैडर या एकीकृत संवर्ग बनाने से शिक्षकों का स्थानांतरण या प्रतिनियुक्तिआसान होगी। इससे सीनियरिटी विवाद खत्म होंगे और एक साझा अंतिम वेतन प्रमाण पत्र, सेवा नियम पुस्तिका या सेवा नियमावली होने से वित्तीय लाभों में एकरूपता आएगी। विश्वविद्यालयों को अपनी भर्ती प्रक्रिया को राजस्थान लोक सेवा आयोग की तर्ज पर नियमित करना चाहिए।

अनुभव को प्राथमिकता: स्क्रीनिंग या इंटरव्यू प्रक्रिया में राजकीय कॉलेजों में पढ़ा रहे शिक्षकों को उनके शिक्षक दिवस के आधार पर अतिरिक्त अंक मिलने चाहिए। यह उनके द्वारा समाज को दी गई सेवाओं का वास्तविक सम्मान होगा।

यदि इन सुझावों को लागू किया जाता है, तो इसके लाभ केवल शिक्षकों तक सीमित नहीं रहेंगे।

शोध की गुणवत्ता में सुधार: अनुभवी शिक्षक जब विश्वविद्यालयों में आएंगे, तो वे अपने साथ व्यावहारिक ज्ञान और शोध की परिपक्वता लाएंगे।

नैकरैंकिंग में सुधार: जब विश्वविद्यालयों में फैकल्टी की प्रोफाइल मजबूत होगी और भारत में छात्र–शिक्षक अनुपात सुधरेगा, तो प्रदेश के विश्वविद्यालयों की राष्ट्रीय रैंकिंग में भारी उछाल आएगा।

युवाओं को प्रेरणा: योग्य शिक्षकों को उचित सम्मान मिलने से नई पीढ़ी भी शोध और शिक्षा के क्षेत्र में आने के लिए प्रेरित होगी।

**निष्कर्ष–** शिक्षक केवल एक कर्मचारी नहीं, बल्कि समाज का मार्गदर्शक होता है। राजस्थान के संदर्भ में, राजकीय महाविद्यालयों के अनुभवी विद्वानों को विश्वविद्यालयों में एसेट मानकर उन्हें पूर्ण सेवा लाभ और वेतन संरक्षण देना समय की मांग है। यदि प्रशासनिक जड़ता के कारण इन विद्वानों का मार्ग रोका गया, तो हमारे विश्वविद्यालय केवल ईंट–पत्थर की इमारतें बनकर रह जाएंगे, जहाँ शोध और मौलिक चिंतन का अभाव होगा।

अतः, राज्य सरकार को अविलंब एक उच्च–स्तरीय समिति का गठन कर इन विसंगतियों को दूर करना चाहिए ताकि पधारो म्हारे देस की तर्ज पर हमारे विश्वविद्यालय भी प्रतिभाओं का सहर्ष स्वागत कर सकें।

**–प्रोफेसर अशोक कुमार,**<br>**विभागाध्यक्ष राजस्थान**<br>**विश्वविद्यालय जयपुर**

# परमाणु नगरी पोकरण में आस्था का अद्भुत केंद्र

## गुरु बालीनाथजी का ऐतिहासिक धूणा : हजारों वर्ष पुरानी तपोस्थली पर हर वर्ष उमड़ती है लाखों श्रद्धालुओं की भीड़



जुगल किशोर बिस्सा

पश्चिमी राजस्थान की परमाणु नगरी पोकरण केवल अपने ऐतिहासिक और सामरिक महत्व के लिए ही नहीं, बल्कि शक्ति, भक्ति और आध्यात्मिक आस्था के केंद्र के रूप में भी जानी जाती है। यह तपोभूमि अनेक संतों की साधना और तपस्या की साक्षी रही है। मान्यता है कि यहां भगवान परशुराम, बालक नाथ जी, कबीर दास, साधुजी, डुगरपुरी जी, रामनाथ जी और सेवापुरी महाराज सहित कई संतों ने साधना कर मानव कल्याण का संदेश दिया।

इसी पावन धरती पर स्थित लोकदेवता बाबा रामदेव जी के गुरु बालीनाथ जी की तपोस्थली बालीनाथ जी का धूणा सदियों से श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। देश–विदेश से आने वाले बाबा रामदेव जी के लाखों भक्त हर वर्ष इस पवित्र स्थल पर पहुंचकर गुरु बालीनाथ जी के धूणे पर शीश नवाते हैं और आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। आस्था, इतिहास और लोककथाओं से जुड़ा यह स्थान पश्चिमी राजस्थान की धार्मिक परंपरा का महत्वपूर्ण अध्याय माना जाता है।

**गुरु–शिष्य परंपरा का पावन स्थल :** लोक मान्यताओं के अनुसार संत बालीनाथ जी नाथ संप्रदाय के सिद्ध योगी और महान तपस्वी थे। उन्होंने पश्चिमी राजस्थान के कई स्थानों पर साधना की, जिनमें पोकरण क्षेत्र की यह तपोस्थली विशेष रूप से प्रसिद्ध हुई। कहा जाता है कि संत बालीनाथ जी ने यहां अपना धूणा स्थापित कर वर्षों तक कठोर तपस्या की। समय के साथ यह स्थान बालीनाथ जी का घुणा के नाम से विख्यात हो गया। जनश्रुति के अनुसार लोकदेवता बाबा रामदेव जी ने बाल्यकाल में यहीं अपने गुरु बालीनाथ जी से योग, साधना और धर्म का ज्ञान प्राप्त किया था। इस कारण यह स्थल गुरु–शिष्य परंपरा का अद्वितीय प्रतीक माना जाता है।

**लोककथाओं में जीवंत है इतिहास**

स्थानीय लोककथाओं में उल्लेख मिलता है कि प्राचीन समय में इस क्षेत्र में भैरव नामक दैत्य का आतंक था। कहा जाता है कि बालीनाथ जी ने बालक रामदेव जी को उसकी बुरी नजर से बचाने के लिए कुछ समय तक अपने आश्रम में ही सुरक्षित रखा था। इसी कारण यह स्थान आगे चलकर गुरु का धूणा या बालीनाथ जी का घुणा के नाम से प्रसिद्ध हो गया। एक अन्य मान्यता के अनुसार इस धूणे की पवित्र राख को चमत्कारी माना जाता है। श्रद्धालु इसे प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं और विश्वास करते हैं कि यहां श्रद्धा से माथा टेकने से कष्ट दूर होते हैं तथा मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

**रामदेवरा यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव :** पोकरण शहर के उत्तर दिशा पवित्र स्थल रामदेवरा से लगभग 12 किलोमीटर दूरी पर माना जाता है। रामदेवरा की यात्रा पर आने वाले लाखो भक्त पहले गुरु बालीनाथ जी के घुणा के दर्शन कर अपनी यात्रा का प्रारंभ करते हैं और उसके बाद बाबा रामदेव जी के मंदिर व डाली बाई के दर्शन कर यात्रा को पूर्ण मानते हैं। विशेष अवसरों, मेलों और धार्मिक आयोजनों के दौरान यहां श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ता है।

**वर्तमान में भी जीवंत है आस्था :** वर्तमान में बालीनाथ जी का घुणा साधु–संतों और श्रद्धालुओं के लिए एक पवित्र तपोस्थली के रूप में स्थापित है। यहां स्थित धूणा, प्राचीन बावड़ी और शिव मंदिर आसपास के धार्मिक स्थल श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। धार्मिक अवसरों और मेलों के समय हजारों भक्त यहां पहुंचकर पूजा–अर्चना करते हैं और गुरु बालीनाथ जी की महिमा का गुणगान करते हैं।

**संरक्षण और शोध की आवश्यकता :** आज भी पोकरण और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बालीनाथ जी का घुणा गुरु–भक्ति, लोकधर्म और आध्यात्मिक परंपरा का जीवंत प्रतीक बना हुआ है। सदियों पुरानी यह तपोस्थली क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को संजोए हुए लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बनी हुई है।

हालांकि इस ऐतिहासिक स्थल पर लगे कई प्राचीन शिलालेख आज भी शोध की प्रतीक्षा कर रहे हैं। आवश्यकता है कि देवस्थान विभाग, पर्यटन विभाग तथा पुरातत्व विभाग इस तपोस्थली की ऐतिहासिक धरोहर और शिलालेखों पर गहन शोध करें। इससे इस पवित्र स्थल से जुड़े अनेक ऐतिहासिक और आध्यात्मिक रहस्य उजागर हो सकते हैं तथा यह स्थान धार्मिक पर्यटन के रूप में भी नई पहचान प्राप्त कर सकता है।

**–जुगल किशोर बिस्सा,**<br>**प्रेस रिपोर्टर।**

# बाइक पर बैठकर कलैक्टर ने मां कैला देवी मेले की व्यवस्थाएं देखी

## जिला कलैक्टर नीलाभ सक्सेना ने फुटपाथ, भंडारा स्थल, चिकित्सा शिविर, प्याऊ आदि जगहों का अवलोकन किया और अधिकारियों को निर्देश दिये

- **अधिकारियों को निर्देश दिये कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा सभी विभाग व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करें**
- **कैला माता का चैत्र नवरात्र लक्खी मेला आज से, मेले में प्रदेश सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है**

**करौली,** (निसं)। उत्तर भारत के प्रसिद्ध शक्तिधाम कैला माता के चैत्र नवरात्र लक्खी मेले के शुभारंभ से पूर्व जिला कलैक्टर नीलाभ सक्सेना ने रविवार को करौली से कैला देवी मार्ग तक बाइक से भ्रमण कर मेले की व्यवस्थाओं का जमीन स्तर पर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मार्ग में श्रद्धालुओं के लिए की गई तैयारियों का बारीकी से जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलैक्टर ने मार्ग पर बनाए गए फुटपाथ, भंडारा स्थल, चिकित्सा शिविर, प्याऊ, शौचालय तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करें। कलेक्टर ने विशेष रूप से स्वच्छता, पेयजल, चिकित्सा एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने पर जोर देते हुए संबंधित विभागों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने मार्ग में लगाए गए भंडारों एवं टेंट व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की तथा इन्हें सड़क से सुरक्षित दूरी पर लगाने के निर्देश दिए, ताकि श्रद्धालुओं की आवाजाही सुगम बनी रहे। इसके साथ ही पंचायतों द्वारा बनाए गए अस्थायी शौचालयों एवं अन्य सुविधाओं की भी जांच की। उल्लेखनीय है कि कैला माता का चैत्र नवरात्र लक्खी मेला 16 मार्च से प्रारंभ होगा, जिसमें प्रदेश सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों से बडी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। जिला प्रशासन द्वारा मेले को लेकर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। निरीक्षण के दौरान मेला अधिकारी एवं करौली एसडीएम प्रेमराज मीणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**सोमवार 16 मार्च, 2026**

चैत्र मास, कृष्ण पक्ष, द्वादशी तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2082, धनिष्ठा नक्षत्र मंगलवार प्रातः 6:22 तक, शिव योग प्रातः 9:37 तक, तैतिल करण प्रातः 9:41 तक, चन्द्रमा आज सायं 6:14 से कुम्भ राशि में संचार करेगा।

**गृह स्थितिः** सूर्य–मीन, चन्द्रमा–मकर, मंगल–कुम्भ, बुध–कुम्भ, गुरू–मिथुन, शुक्र–मीन, शनि–मीन, राहु–कुम्भ, केतु–सिंह

आज सोम प्रदोष व्रत है। पंचक सायं 6:14 से आरम्भ होंगे।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 8:09 तक, शुभ 9:38 से 11:07 तक, चर 2:05 से 3:34 तक, लाभ–अमृत 3:34 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 6:40, सूर्यास्त 6:32



**मेष**

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।



**वृष**

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन/संदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**मिथुन**

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आज आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं।



**कर्क**

परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। आपसी सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।




**सिंह**

अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।



**कन्या**

व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। व्यावसायिक परेशानियां दूर होने लगेंगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ से राहत मिल सकती है।



**तुला**

घर–परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। खान–पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**वृश्चिक**

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**धनु**

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। आर्थिक मामलों में परिजनों से सहयोग मिल सकता है। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।



**मकर**

व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।



**कुंभ**

घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। आज समय अनर्गल कार्यों में खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा।



**मीन**

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

# भाजपा ने कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर का जयपुर में पुतला फूंका

## प्रधानमंत्री को लेकर अय्यर द्वारा अमर्यादित भाषा के उपयोग पर जताई कड़ी नाराजगी

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ दिए गए कथित बयान को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी रोष देखने को मिला। रविवार को जयपुर में कानोडिया कॉलेज के सामने गांधी सर्किल पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए मणिशंकर अय्यर का पुतला दहन किया और कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। दोपहर करीब 3:30 बजे बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता गांधी सर्किल पर एकत्रित हुए और कांग्रेस पार्टी मुर्दाबाद, राहुल गांधी मुर्दाबाद मणिशंकर अय्यर मुर्दाबाद जैसे नारे लगाते हुए कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ अपना आक्रोश प्रकट किया।

इस विरोध प्रदर्शन में भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, भूपेंद्र सैनी, प्रदेश मंत्री अजीत माढण, एकता अग्रवाल, नारायण मीना, अपूर्वा सिंह, भाजपा कार्यालय मंत्री मुकेश पारीक, पूर्व सांसद रामचरण बोहरा, महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुमन शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता स्टेफी चौहान, निमिषा गौड, जीएन पारीक, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शंकर गोरा, जयपुर शहर जिलाध्यक्ष अमित गोयल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और युवा मौजूद रहे।



भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार को जयपुर में कानोडिया कॉलेज के सामने गांधी सर्किल पर कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर का पुतला जलाया।

- **प्रधानमंत्री के खिलाफ अपमानजनक भाषा का प्रयोग करना पूरे देश का अपमान, जिसे किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेंगे : बगड़ी**

भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के खिलाफ अपमानजनक भाषा का प्रयोग करना पूरे देश का अपमान है और इसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मणिशंकर अय्यर ने देश के प्रधानमंत्री का अपमान किया है और इसे देशवासी कभी भी स्वीकार नहीं करेंगे। जनता में इस बयान को लेकर गहरा आक्रोश है। एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का मान वैश्विक पटल पर लगातार बढ़ रहा है, दूसरी ओर मणिशंकर अय्यर जैसे नेता ओछी मानसिकता के साथ राजनीति कर रहे हैं, जो अत्यंत शर्मनाक है।

बगड़ी ने कहा कि प्रधानमंत्री के लिए ऐसे शब्दों से संबोधित करना न केवल प्रधानमंत्री पद की गरिमा को ठेस पहुंचाना है बल्कि यह देश के 140 करोड़ नागरिकों का भी अपमान है। कांग्रेस नेताओं की भाषा की मर्यादा पूरी तरह समाप्त हो चुकी है और वे अपने पद की गरिमा तक भूल चुके हैं। कांग्रेस पार्टी के नेता लगातार हो रही चुनावी हार से बौखला गए हैं और इसी कारण इस प्रकार की अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व पर हमला बोलते हुए कहा कि जिस पार्टी का नेतृत्व राहुल गांधी जैसे नेता कर रहे हों, वहां से इस तरह की बयानबाजी होना अब कोई आश्चर्य की बात नहीं रह गई है। मणिशंकर अय्यर को सार्वजनिक रूप से देश के प्रधानमंत्री और देशवासियों से माफी मांगनी चाहिए।

भाजपा नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि कांग्रेस नेताओं की इस प्रकार की बयानबाजी जारी रहती है तो भाजपा कार्यकर्ता पूरे प्रदेश में इसी तरह विरोध-प्रदर्शन करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि मणिशंकर अय्यर मार्क्सवादी लोगों के हाथों की कठपूतली बनकर इस तरह के बयान जारी कर रहे है, यह बेहद ही शर्म की बात है। कांग्रेसी नेताओं के स्वयं के पास कहने को कुछ नहीं बचा तो वे मार्क्सवादी लोगों के इशारों पर बयानबाजी कर रहे है।

# मुख्यमंत्री ने किया "राजस्थान को जानें" क्विज में भाग लेने का आव्हान

**जयपुर (कासं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के ऊर्जावान युवाओं और जागरूक नागरिकों का आव्हान करते हुए कहा है कि वे राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेश के गौरवशाली इतिहास, कला और संस्कृति से रूबरू होने के लिए 'राजस्थान को जानें' क्विज में अधिकाधिक संख्या में भाग लें। साथ ही, 'विकसित राजस्थान-2047' के विजन के प्रतिभागी बनें।

शर्मा ने रविवार को सोशल मीडिया हैण्डल एक्स पर जानकारी पोस्ट करते हुए इस विशेष प्रश्नोत्तरी की शुरूआत की है।

उल्लेखनीय है कि राजस्थान दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, आरकेसीएल एवं शिक्षा विभाग की सहभागिता से इस विशेष क्विज को तैयार किया गया है। इसमें 'राजस्थान को जानें' और 'विकसित राजस्थान-2047' के नाम से 2 सेक्शन बनाए गए हैं। 'राजस्थान को जानें' सैक्शन में राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक धरोहर, भौगोलिक परिदृश्य, महापुरुषों के जीवन व त्याग, राज्य व केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, खेल प्रतिभाओं, विशेष पुरस्कारों सहित विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे गए हैं। साथ ही, 'विकसित राजस्थान-2047' सेक्शन में प्रदेश की अर्थव्यवस्था, सामाजिक उत्थान, स्थानीय सरकार, शिक्षा, जल प्रबंधन, उद्योग, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन सहित प्रदेश को सुदृढ़ और विकसित बनाने के विजन से संबंधित प्रश्न संधारित किए गए हैं।

प्रदेश के नागरिक और युवाओं को 15 से 19 मार्च तक आयोजित होने वाली इस क्विज में भाग लेने के लिए मोबाइल नम्बर व ओटीपी से रजिस्ट्रेशन करना होगा।

रजिस्ट्रेशन होने के पश्चात क्विज शुरू होगी। प्रत्येक क्विज में 15 मिनट में 25 प्रश्न हल करने होंगे। क्विज के पश्चात उसे रिव्यू भी किया जा सकेगा। क्विज पूर्ण करने पर प्रतिभागियों द्वारा राजस्थान सरकार एवं राजस्थान नॉलेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आरकेसीएल) की ओर से डिजिटल प्रमाण-पत्र भी प्राप्त किया जा सकेगा।

राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में यह अनूठी पहल की गई है, जिसमें युवाओं की भागीदारी बड़ी संख्या में देखने को मिल रही है।

# नौकरानी ने मालिक को लगाई लाखों रु. की चपत

## सोने-चांदी के आभूषण समेत हजारों रुपए चुराए

- **एक महीने पहले ही रखा था काम पर**

**जयपुर।** जगतपुरा इलाके में घर में काम करने वाली शातिर नौकरानी अपने ही मालिक को चुना लगाकर वहां से लाखों रुपयों के सोने-चांदी के गहने और हजारों रुपयों की नकदी लेकर फरार हो गई।

चोरी की जानकारी मिलने के बाद पीड़ित ने मालवीय नगर थाने पहुंच नौकरानी के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर आरोपी महिला की तलाश शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि जगतपुरा के पामकोर्ट कॉलोनी निवासी सोनिया उप्रेती (62) ने मामला दर्ज करवाया है की करीब एक महीने पहले उन्होंने घरेलू कामकाज के लिए उन्होने नौकरानी रखी थी। 19 फरवरी को उसे कुछ कपड़े व्यवस्थित करने के लिए दिए गए थे।

उन्हीं कपड़ों के बीच एक पाउच में करीब 65 हजार रुपए कैश और एक छोटी पोटली में 6-7 जोडी कानों के टॉप्स और सोने की दो चेन रखी हुई थी। इसके अलावा कपड़ों के नीचे उनके सोने के दो कंगन भी रखे हुए थे, जो अनजाने में उन्हीं कपड़ों के साथ चले गए। गत 21 फरवरी को नौकरानी खाटूश्यामजी मंदिर जाने का कहकर छुट्टी पर चली गई।

पीड़िता ने गहने व नकदी संभाली तो गायब मिली। नौकरानी से पूछताछ करने के बाद पीड़िता को उस पर शक हुआ तो नौकरानी को काम से हटा दिया। जिसके बाद पीड़िता ने मामले की जानकारी पुलिस को दी और घरेलू नौकरानी के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर घरेलू नौकरानी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है।

# दो साल से फरार शराब तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़े

**जयपुर।** दूदू पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के मामले में 2 साल से फरार तस्करों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने दोनो शराब तस्करों को बाड़मेर में दबिश देकर गिरफ्तार किया है। अवैध शराब तस्करी के मामले में पुलिस चार अन्य आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर चुकी है।

जयपुर ग्रामीण एसपी राशि डोगरा ने बताया कि दूदू थाना पुलिस ने 28 फरवरी 2024 को कार्रवाई करते हुए एक ट्रक से पंजाब निर्मित 7872 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब और बीयर बरामद की थी। जब्त शराब की कीमत करीब 80 लाख रुपये आंकी गई थी। इस मामले में दूदू थाने में आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था।पुलिस की कार्रवाई के दौरान ट्रक ड्राइवर, खलासी और अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए थे। इस मामले में पुलिस पहले ही आरोपी आशीफ अयुब, भंवराराम उर्फ पिंटू, मांगीलाल और प्रकाश ज्याणी को गिरफ्तार कर चुकी है। हालांकि ट्रक ड्राइवर सत्यप्रकाश उर्फ सतीश और खलासी मनोहर लाल घटना के बाद से लगातार फरार चल रहे थे और पुलिस उनकी तलाश में जुटी हुई थी।फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू शिवलाल बैरवा और वृत्ताधिकारी दीपक खंडेलवाल के सुपरविजन में थानाधिकारी मुकेश कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई थी। विशेष टीम ने तकनीकी सहायत व मुखबिर की सूचना पर सत्यप्रकाश उर्फ सतीश (33) पुत्र भागीरथ, निवासी गोडा थाना सेडवा जिला बाड़मेर, और मनोहर लाल (28) पुत्र बाबूलाल, निवासी खारा डेर थाना सेडवा जिला बाड़मेर निवासी को दबोच लिया।

# प्रशासक नियुक्त करने की मांग

**जयपुर।** कानोडिया गर्ल्स कॉलेज ट्रस्ट, जवाहर लाल नेहरू मार्ग स्थित संस्थान को लेकर डॉ. अखिल शुक्ला (एडवोकेट) ने गंभीर आरोप लगाते हुए सरकार से कार्रवाई की मांग की है। डॉ. शुक्ला, जो आजीवन सीनेट सदस्य भी हैं, ने कहा कि ट्रस्ट के अंतर्गत कई महाविद्यालय संचालित होते हैं, जिनके भवनों का निर्माण और संचालन सरकारी अनुदान व राज्य सरकार द्वारा आवंटित निःशुल्क भूमि के कारण संभव हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान में ट्रस्ट की कार्यकारिणी फर्जी तरीके से बनाई गई है तथा ट्रस्ट में राष्ट्रवादी विचारधारा से जुड़े लोगों को बाहर करने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही महाविद्यालयों के संचालन में सार्वजनिक धन के दुरुपयोग और वित्तीय अनियमितताओं का भी आरोप लगाया गया है।

# नई दिल्ली के बीकानेर हाऊस में सजा राजस्थान की कला, संस्कृति और परंपरा का महोत्सव

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नई दिल्ली में किया "राजस्थान उत्सव 2026" का शुभारंभ

**नई दिल्ली (कासं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में नई दिल्ली स्थित बीकानेर हाउस में आयोजित "राजस्थान उत्सव 2026" का रविवार को शुभारंभ किया। राष्ट्रीय राजधानी में 15 से 25 मार्च तक आयोजित होने वाला यह उत्सव राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक परंपराओं, हस्तशिल्प, लोकसंगीत, लोकनृत्य और पारंपरिक व्यंजनों की झलक प्रस्तुत करेगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान की संस्कृति, लोक परंपराएं और कला-संस्कृति हमारी गौरवशाली पहचान का आधार हैं। राज्य सरकार इनके संरक्षण और संवर्धन के साथ-साथ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कियह उत्सव देश-विदेश के लोगों को राजस्थान की जीवंत सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का प्रभावी माध्यम बन रहा है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मेले में राजीविका और ग्रामीण गैर-कृषि विकास एजेंसी (रूडा) की तरफ से लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया तथा प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए शिल्पकारों और राजीविका से जुड़ी महिला स्वयं सहायता समूहों की दीदियों से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने हस्तशिल्प उत्पादों, पारंपरिक वस्त्रों और कलात्मक कृतियों की सराहना करते हुए उनके अनुभव और कार्य प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्राप्त की।

मुख्यमंत्री ने राजीविका दीदियों से स्वयं सहायता समूहों की गतिविधियों, उत्पादों की बिक्री और आजीविका के अवसरों के बारे में चर्चा कर उत्साहवर्धन किया। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्वयंसहायता समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने औरउत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने के लिए निरंतर काम कर रही है।ऐसे आयोजन एसएचजी और शिल्पकारों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने और उनकी आय में वृद्धि करने का महत्वपूर्ण माध्यम बनते हैं। साथ ही, उन्होंने कहा कि राजस्थान की पारंपरिक शिल्पकला और हस्तशिल्प हमारी सांस्कृतिक धरोहर का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, जिन्हें संरक्षित और प्रोत्साहित करना हम सब की जिम्मेदारी है।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को नई दिल्ली स्थित बीकानेर हाऊस में "राजस्थान उत्सव 2026" का शुभारंभ फीता काटकर किया।

- **15 से 25 मार्च तक दिखेगी प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत**
- **मुख्यमंत्री ने शिल्पकारों और राजीविका दीदियों से आत्मीय संवाद कर बढ़ाया उत्साह, उत्पादों की भी सराहना की**

बीकानेर हाउस परिसर में शर्मा ने राजस्थानी फोटोग्राफी प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया, जिसमें राजस्थान के लोकजीवन, ऐतिहासिक धरोहरों और सांस्कृतिक परंपराओं को आकर्षक चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में अलवर के गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर प्रवीण प्रजापत ने पारंपरिक मटका भवाई नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं, कलाकार विष्णु दत्त शर्मा द्वारा प्रस्तुत "ब्रज के रंग" के साथ ही मनमोहक मयूर नृत्य तथा फूलों की होली की रंगारंग प्रस्तुति ने आगंतुकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस अवसर पर सांसद मदन राठौड़, घनश्याम तिवाड़ी, पी.पी. चौधरी, दामोदर अग्रवाल, मंजू शर्मा, चुन्नीलाल गरासिया, राजेन्द्र गहलोत, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास,राज्यसभा के महासचिव पी.सी. मोदी, आवासीय आयुक्त नवीन जैन सहित संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी,कलाकार, शिल्पकार और बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

# महाभारत की कथा को लोक गायन शैली में किया प्रस्तुत

## जवाहर कला केन्द्र में पद्मश्री अवार्डी उस्ताद गफरुद्दीन खान मेवाती और उनके समूह की प्रस्तुति

**जयपुर (कासं)।** जवाहर कला केन्द्र में पद्मश्री अवार्ड से पुरस्कृत उस्ताद गफरुद्दीन खान मेवाती और उनके समूह ने पंडून का कड़ा गायन की भव्य प्रस्तुति दी। उन्होंने महाभारत की कथा को लोक गायन शैली में प्रस्तुत किया।

मेवाती ने बगड़ बम-बम-बम लहरी गीत से कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद महाभारत के विभिन्न प्रसंग अपनी सुरीली आवाज़ में गायन कर, मिट्टी की खुशबु की अनुभूति करवाई। उन्होंने महाभारत के महत्वपूर्ण किरदारों जैसे युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन, नकुल, सहदेव सहित पांडवों, द्रोपदी, दुर्योधन सहित कौरव और अन्य किरदारों के रोचक संवाद को लोक गायकी के साथ प्रस्तुत किया।

यह आयोजन राजस्थान दिवस समारोह-2026 के तहत कला-साहित्य एवं संस्कृति विभाग की ओर से शाम 6:30 बजे के अंतर्गत जवाहर कला केंद्र के कृष्णायन सभागार में हुआ। यहां उस्ताद गफरुद्दीन खान मेवाती एवं उनके समूह द्वारा पंडून का कड़ा गायन के साथ ही भपंग वादन भी किया। जिसमें भपंग की विभिन्न ध्वनियों ने खासा रोमांचित किया।

भपंग वादन की जुगलबंदी भी पेश की गई। साथ ही प्रसिद्ध लोक गीत "दुनिया में हो रही है टर्र-टर्र" को प्रस्तुत किया जिससे पर दर्शकों ने भी कलाकारों का गायन में साथ दिया। इस दौरान दर्शकों ने समय-समय पर तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर कला- साहित्य एवं संस्कृति तथा पुरातत्व उप सचिव एवं जवाहर कला केंद्र की अतिरिक्त महानिदेशक डॉ.अनुराधा गोगिया तथा वहां उपस्थित पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित उस्ताद अली तथा उस्ताद गनी की उपस्थिति में पद्मश्री अवार्ड से पुरस्कृत उस्ताद गफरुद्दीन खान मेवाती का साफा भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर राजेश आचार्य ने मंच संचालन किया पंडून का कड़ा गायन विभिन्न विशेषताओं पर प्रकाश भी डाला। उन्होंने बताया कि ऐतिहासिक रूप से पंडून का कड़ा गायन में 1800 से 2500 दोहों का गायन होता था, किन्तु अब इस शैली में लगभग 700 से 800 दोहे ही गाये जाते है।



जवाहर कला केन्द्र में पद्मश्री अवार्डी उस्ताद गफरुद्दीन खान मेवाती और उनके समूह ने पंडून का कड़ा गायन की भव्य प्रस्तुति देते हुए महाभारत की कथा को लोक गायन शैली में प्रस्तुत किया।

# ऊंटों की घटती संख्या पर हाईकोर्ट ने जताई चिंता

**जयपुर (कासं)।** हाईकोर्ट ने ऊंटों की घटती संख्या पर चिंता जाहिर की है। कोर्ट ने टिप्पणी की कि ऊंटों की घटती संख्या को लेकर सरकार गंभीर नहीं है, अदालती आदेश के बावजूद पैरवी के लिए महाधिवक्ता नहीं आ रहे। कोर्ट ने निर्देश दिया कि सरकार 27 मार्च को ऊंटों की घटती संख्या और उसके संरक्षण के प्रयासों के बारे में स्थिति स्पष्ट करे।

न्यायाधीश पुष्पेन्द्र सिंह भाटी व न्यायाधीश विनीत कुमार माथुर की खंडपीठ ने ऊंटों की घटती संख्या के बारे में स्वप्रेरणा से दर्ज याचिका पर यह आदेश दिया। कोर्ट ने इस बात पर भी चिंता जाहिर की कि कानून में संशोधन के बाद ऊंटों की संख्या में कमी आई है। न्यायमित्र अधिवक्ता प्रतीक कासलीवाल ने कहा कि ऊंट लगातार घट रहे हैं। अदालती आदेश के बावजूद न तो महाधिवक्ता पैरवी के लिए आ रहे हैं और न ही इस ओर सरकार का ध्यान है। ऊंटों की पिछले कुछ साल से तो गणना ही नहीं हुई। कानून में सरकार ने कलक्टर को नोडल एजेंसी बना रखा है, ऐसे में कोई ऊंटों को बाहर चराने के लिए भी ले जाए तो अनुमति लेना मुश्किल है। वर्ष 2004 में प्रदेश में साढ़े सात लाख ऊंट थे। वर्ष 2015 में जब कानून बना तो ऊंटों की संख्या घटकर 3.26 लाख रह गई और इसके इसके चार साल बाद यह और घटकर 2.13 लाख रह गई। वर्ष 2021 में यह संख्या करीब डेढ़ लाख रह गई।

# "जयपुर सोल्जराथॉन" में 4500 से अधिक धावकों ने लगाई दौड़

**जयपुर, (हि.स.)।** जयपुर मिलिट्री स्टेशन स्थित गांडीव स्टेडियम में आयोजित "जयपुर सोल्जराथॉन 2026" दौड़ में 4500 से अधिक धावकों ने भाग लेकर फिटनेस और देशभक्ति का संदेश दिया। प्रतिभागियों में सेवारत सैनिक, पूर्व सैनिक, पेशेवर धावक, विद्यार्थी और आम नागरिक शामिल रहे, जिन्होंने पूरे जोश के साथ इस आयोजन में हिस्सा लिया।

जनसंपर्क अधिकारी (रक्षा) राजस्थान लेफ्टिनेंट कर्नल निखिल धवन ने बताया कि वंडर सीमेंट जयपुर सोल्जराथॉन एक सशक्त नई पहल है, जिसका उद्देश्य फिटनेस, अनुशासन और सशस्त्र सेनाओं के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ाना देना है। रन विद सोल्जर, रन फॉर सोल्जर के संदेश के साथ आयोजित इस दौड़ ने नागरिकों को व्यक्तिगत उपलब्धि के साथ-साथ राष्ट्रीय उद्देश्य के लिए दौड़ने की प्रेरणा दी। इस पहल के माध्यम से फिट इंडिया के संकल्प को मजबूती मिली तथा से यस टू स्पोर्ट्स, नो टू ड्रग्स का संदेश भी व्यापक रूप से प्रसारित हुआ। दौड़ को मिजोरम के राज्यपाल एवं सोल्जराथॉन के संरक्षक जनरल (डॉ.) वी. के. सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सप्त शक्ति कमान के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मंजींदर सिंह भी उपस्थित रहे। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति ने युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने और सैन्य-नागरिक सौहार्द को सुदृढ़ करने के प्रति भारतीय सेना की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।



सोल्जराथॉन में 21 किमी हाफ मैराथन, 10 किमी टाइम्ड रन, 5 किमी ट्रिब्यूट रन और 3 किमी फन रन जैसी विभिन्न श्रेणियां रखी गईं, जिससे सभी आयु वर्ग के लोगों को भाग लेने का अवसर मिला।

प्रतिभागियों ने जयपुर मिलिट्री स्टेशन के सुंदर वातावरण में दौड़ का विशेष अनुभव प्राप्त किया। कार्यक्रम को उत्सवमय बनाने के लिए ज़ुम्बा सत्र, पंजाबी ढोल और भांगड़ा प्रस्तुतियां, गतका मार्शल आर्ट प्रदर्शन, आर्मी बैंड की धुनें, फेस पेंटिंग गतिविधियां और इंटरैक्टिव फोटो बूथ जैसी आकर्षक गतिविधियां भी आयोजित की गईं। विभिन्न दौड़ श्रेणियों के विजेताओं को नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। 21 किमी हाफ मैराथन के विजेताओं को 10 हजार रुपये तथा 10 किमी दौड़ के विजेताओं को 5 हजार रुपये की पुरस्कार राशि दी गई। इसके साथ ही विभिन्न आयु वर्गों के उपविजेताओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से घायल सैनिकों के प्रति एकजुटता भी व्यक्त की गई। पैराप्लेगिक रिहैबिलिटेशन सेंटर के समर्थन से उन सैनिकों के अदम्य साहस को नमन किया गया, जिन्होंने कर्तव्य निर्वहन के दौरान रीढ़ की गंभीर चोटें झेली हैं। आयोजन के सफल समापन के साथ सशस्त्र सेनाओं और नागरिकों के बीच फिटनेस, राष्ट्रीय एकता और सैनिकों के प्रति सम्मान की भावना और मजबूत हुई।

# अंबाला में पकड़े आतंकियों ने आईईडी के पार्सल चार से पांच दिन तक हनुमानगढ़ में रखे थे

## अंबाला में पकड़े गए तीनों आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उनकी योजना देश के कई शहरों में विस्फोट करने की थी

**हनुमानगढ़, (निसं)।** हरियाणा के अंबाला में गिरफ्तार तीन आतंकवादियों से पूछताछ में हनुमानगढ़ से जुड़ा एक बड़ा खुलासा हुआ है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इन आतंकियों ने आईईडी के पार्सल करीब चार से पांच दिन तक हनुमानगढ़ में रखे थे। इस सूचना के सामने आते ही हनुमानगढ़ पुलिस सतर्क हो गई है और मामले की जांच के लिए एक टीम अंबाला रवाना की गई है। अंबाला में पकड़े गए तीनों आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उनकी योजना देश के कई शहरों में विस्फोट करने की थी। शुरुआती सूचना में हनुमानगढ़ का नाम भी संभावित लक्ष्यों में से एक के रूप में सामने आया है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई है।

- **इस सूचना के सामने आते ही हनुमानगढ़ पुलिस सतर्क हो गई है और मामले की जांच के लिए एक टीम अंबाला रवाना की गई है**
- **शुरुआती सूचना में हनुमानगढ़ का नाम भी संभावित लक्ष्यों में से एक के रूप में सामने आया है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई है**
- **आरोपियों ने पहले आरडीएक्स हनुमानगढ़ लाने की योजना बनाई थी, लेकिन वह यहां नहीं पहुंच सका, बाद में उन्होंने अपनी योजना बदली और आईईडी के साथ अंबाला रवाना हो गए**

सूत्रों के मुताबिक आरोपियों ने पहले आरडीएक्स हनुमानगढ़ लाने की योजना बनाई थी, लेकिन यह यहां नहीं पहुंच सका। इसके बाद उन्होंने अपनी योजना बदली और आईईडी के साथ अंबाला की ओर रवाना हो गए। इसी दौरान हरियाणा एसटीएफ ने तीनों संदिग्धों को अंबाला में गिरफ्तार कर लिया था। इस खुलासे के बाद हनुमानगढ़ पुलिस तुरंत हरकत में आ गई है। पुलिस अधीक्षक हरिशंकर के निर्देश पर एक टीम अंबाला भेजी गई है। यह टीम वहां गिरफ्तार आतंकियों से पूछताछ कर मामले से जुड़े सभी तथ्यों की जानकारी जुटाएगी। फिलहाल, हरियाणा पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियां आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही हैं। हनुमानगढ़ पुलिस भी स्थानीय स्तर पर जांच में जुट गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और सायबर सेल की मदद से आतंकियों के संभावित गतिविधियों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

एसपी हरीशंकर ने बताया कि विस्फोटक पदार्थों की कथित आवाजाही के समय ही जिला पुलिस ने एक अंतरराज्यीय गिरोह के दो सदस्यों को बड़ी मात्रा में हथियारों के साथ पकड़ा था। उन्होंने कहा कि उस दौरान पुलिस पूरी तरह से सक्रिय होकर काम कर रही थी।

हनुमानगढ़ दो राज्यों, पंजाब और हरियाणा की सीमा से सटा हुआ है और अंतरराष्ट्रीय सीमा से भी अधिक दूर नहीं है। ऐसे में यह इलाका लंबे समय से हथियार और मादक पदार्थों की तस्करी का ट्रांजिट रूट माना जाता रहा है। हाल ही में पुलिस ने बस में सवार दो लोगों से बड़ी मात्रा में हथियार भी बरामद किए थे। ऐसे में सुरक्षा एजेंसियों को आशंका है कि इस नेटवर्क से जुड़े स्लीपर सेल भी इलाके में सक्रिय हो सकते हैं। पुलिस अब इस पूरे एंगल से जांच कर रही है।

## 'आतंकी साजिश में गिरफ्तार अली अकबर ऑटो चलाता था'

**अजमेर (निसं)।** हनुमानगढ़ ब्लास्ट की साजिश में गिरफ्तार अजमेर निवासी अली अकबर शहर में ऑटो चलाकर अपना गुजारा करता था। वह 8 मार्च को घर से जयपुर घूमने जाने की बात कहकर निकला था, लेकिन परिजनों को यह जानकारी नहीं थी कि वह वास्तव में कहां गया है।

- **आरोपी के भाई ने बताया कि जयपुर घूमने की बात कहकर आठ मार्च को घर से निकला, परिजनों को गतिविधियों की जानकारी नहीं थी**

उल्लेखनीय है कि अजमेर के रहने वाले अली अकबर पुत्र अली रमजान को पुलिस ने हनुमानगढ़ ब्लास्ट की साजिश के मामले में उसके दो साथियों के साथ अंबाला जिले के बराड़ा दोसदड़ा रोड स्थित सिंबला गांव के पास से गिरफ्तार किया था। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक किलो 975 ग्राम आरडीएक्स, आईईडी डेटोनेटर और अन्य उपकरण बरामद किए हैं। अंबाला कोर्ट ने तीनों आरोपियों को सात दिन की रिमांड पर पुलिस के हवाले किया है, जहां सुरक्षा एजेंसियां उनसे पूछताछ कर रही हैं। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि विस्फोटक पाकिस्तान में बैठे आतंकी शहजाद भट्टी द्वारा ड्रोन के माध्यम से पंजाब में गिराए गए थे। इन विस्फोटकों के जरिए हनुमानगढ़ के तोपखाना क्षेत्र को उड़ाने की साजिश रची जा रही थी।

गिरफ्तार आरोपी के भाई अली असगर ने मीडिया को बताया कि अली अकबर उसका भाई है और वह रेलवे स्टेशन के गेट नंबर 2 से दरगाह तक अपना ऑटो चलाने का काम करता था। इन दिनों रमजान के चलते कामकाज कम होने से वह घर पर ही रहता था। 8 मार्च की सुबह करीब छह बजे वह एक हजार रुपये लेकर घर से निकला और जयपुर घूमने जाने की बात कही थी। असगर के अनुसार 9 मार्च को फोन पर उससे सामान्य बातचीत हुई थी, लेकिन उसके बाद से उसने फोन उठाना बंद कर दिया। परिवार को इस बात की कोई जानकारी नहीं थी कि वह किसी आतंकी साजिश में शामिल है। उसने कहा कि यदि उसके भाई ने गलत काम किया है तो उसे कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। साथ ही जिसने उसका ब्रेनवॉश किया है, उसे भी बराबर की सजा मिलनी चाहिए। परिजनों के अनुसार आरोपी का ऑटो उसी का है और वह अक्सर रात में रेलवे स्टेशन से दरगाह तक जायरीन को छोड़ने का काम करता था। शनिवार रात पुलिस टीम उसके घर पहुंची थी और परिवार से पूछताछ के साथ उसका पहचान पत्र भी ले गई। परिवार ने पुलिस को वही जानकारी दी जो उन्हें पता थी।

सूत्रों के अनुसार अली अकबर की गिरफ्तारी के बाद सात दिन की रिमांड के दौरान उससे पूछताछ में कई अहम खुलासे होने की संभावना है। जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि वह आतंकियों के संपर्क में कैसे आया और उसे साजिश में शामिल करने वाला कौन था। साजिश के लिए फंडिंग कहां से हुई और क्या अजमेर में उसका कोई नेटवर्क था, इस पहलू की भी जांच की जा रही है।

# जोधपुर सेंट्रल जेल से 13 मोबाइल बरामद

## जब्त मोबाइल को जेल के शौचालय, फर्श और नालियों में छिपाया गया था

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर की सेंट्रल जेल में 13 मोबाइल बरामद किए गए। जेल में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया था। इस पार्टी में हुए आयोजन के फोटो किसी कैदी ने मोबाइल के जरिए सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। इसका पता लगने के बाद जेल अधीक्षक प्रदीप लखावत के नेतृत्व में टीम ने देर रात तलाशी अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान 13 मोबाइल बरामद किए गए, जिसमें से 11 मोबाइल अलग-अलग जगहों पर छिपाए गए थे, जबकि 2 मोबाइल बंदियों के पास से मिले। इसके अलावा 11 सिम कार्ड भी बरामद किए गए हैं। फिलहाल इस पूरे मामले की जांच की जा रही है।

- **जेल में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया था, इस पार्टी में हुए आयोजन के फोटो किसी कैदी ने मोबाइल के जरिए वायरल कर दिए थे**

जेल सूत्रों के मुताबिक 13 मार्च को क्वार्टर के निर्देशों पर एक ही बैरक में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया था। इस पार्टी में जेल के कैदियों को शामिल किया गया था। बताया जा रहा है कि किसी कैदी ने इस पार्टी से जुड़े वीडियो सोशल मीडिया पर डाल दिए। इस फोटो के आधार पर जेल में बंदियों को चिन्हित कर तलाशी ली गई तो बंदियों के पास से मोबाइल और सिम कार्ड बरामद किए गए। जेल सुपरिंटेंडेंट प्रदीप लखावत के नेतृत्व में टीम ने देर रात वार्ड 7 की बैरक संख्या 3 में आधुनिक मशीन के जरिए तलाशी ली। यहां से 7 एंड्रॉयड मोबाइल, 4 कीपैड फोन और 11 सिम कार्ड बरामद किए गए। ये मोबाइल अलग-अलग स्थान पर छिपाए गए थे। इन मोबाइल को जेल के शौचालय, फर्श और नालियों में अलग-अलग जगहों पर छिपाया गया था।

जानकारी के मुताबिक जेल के कैदी वसीम खान, वहिद खान, शेखर, सुभाष और करीम ने सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर शेयर की। सेल्फी लेने वाला कैदी सलीम वार्ड दस की बैरक संख्या 2 के बंदी नरपत पुत्र चौथाराम से लेकर आया था। टीम ने जब उसकी बैरक में तलाशी ली तो कैदी नरपत के बिस्तर से 1 मिनी कीपैड मोबाइल बिना सिम कार्ड के बरामद किया गया। वहीं बंदी करीम पुत्र सलीम की ओर से यूज किए गए रेडमी कंपनी का एक एंड्राइड मोबाइल भी बरामद किया गया। इसके बाद टीम ने जेल की बैरक में और तलाशी ली तो अलग-अलग जगह पर छिपाए गए 11 और मोबाइल फोन व सिम कार्ड बरामद हुए। जेल प्रशासन जांच कर रहा है।

# 500 ग्राम हेरोइन ले जाने के मामले में पिता गिरफ्तार, पुत्र फरार

**बीकानेर, (निसं)।** जनवरी माह में पाक तस्करों की ओर से खाजूवाला बॉर्डर से तीन किमी दूर चक 40केजेडी में ड्रोन से दो पैकेट हेरोइन गिराई गई थी। श्रीगंगानगर से चोरी की बाइक पर आए पिता-पुत्र 500 ग्राम हेरोइन का एक पैकेट ले गए थे। दूसरा पैकेट उन्हें नहीं मिला जो बाद में बीएसएफ और पुलिस ने बरामद किया, जिसमें 505 ग्राम हेरोइन थी। पुलिस ने इस मामले में पिता को गिरफ्तार किया है। पुत्र फरार है जिसकी तलाश की जा रही है।

- **श्रीगंगानगर से चोरी की बाइक पर आए पिता-पुत्र ले गए थे 500 ग्राम हेरोइन**
- **दूसरा पैकेट 40 केजेडी में बरामद हुआ था, जिसमें 505 ग्राम हेरोइन थी**

मामले की जांच कर रहे पूगल पुलिस थाने के एसएचओ समरवीरसिंह ने बताया कि पाकिस्तानी तस्करों ने बीकानेर के खाजूवाला में बॉर्डर से तीन किमी दूर 40 केजेडी में ड्रोन से दो पैकेट हेरोइन गिराई थी। बीएसएफ और पुलिस को 2.50 करोड़ रुपए की 505 ग्राम हेरोइन का एक पैकेट ही मिला था। मामले की जांच-पड़ताल में सामने आया कि श्रीगंगानगर में समेजा कोठी स्थित 2बीडब्लूयूएसएम बरुवाला निवासी कृष्णकुमार रायसिख और उसका बेटा चरणजीत उर्फ चन्नी चोरी की बाइक लेकर हेरोइन की डिलीवरी लेने आए थे। दोनों को एक पैकेट मिल गया, जिसमें 500 ग्राम हेरोइन थी। दूसरा पैकेट हाथ नहीं लगा और इस दौरान बीएसएफ की हलचल देखकर वे दोनों बाइक छोड़कर मौके से फरार हो गए थे।

पुलिस ने कृष्ण कुमार को गिरफ्तार कर 18 मार्च तक रिमांड पर लिया है। उसका बेटा फरार है जिसकी तलाश की जा रही है। दोनों शातिर अपराधी हैं और उनके खिलाफ पूर्व में भी तस्करी के मुकदमे दर्ज हैं। कृष्णकुमार के एक बेट और है, वो भी मादक पदार्थों की तस्करी करता रहा है। अभियुक्तों ने 500 ग्राम हेरोइन का पैकेट किसको दिया, हेरोइन तस्करी में कौन लोग शामिल हैं, इसका पता लगाया जा रहा है। गौरतलब है कि खाजूवाला पुलिस थाने में दर्ज हुए पाक से हेरोइन तस्करी के मामले की जांच पूगल एसएचओ को सौंपी गई थी।

# उदयपुर : झाड़ोल इलाके में दो दोस्तों की हत्या के बाद दूसरे दिन भी तनाव

**उदयपुर, (कासं)।** झाड़ोल उपखण्ड में दो दोस्तों की हत्या के मामले में दूसरे दिन रविवार को भी तनाव के हालात बने हुए हैं। बाघपुरा थाने के बाहर रविवार सुबह से धीरे-धीरे ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। करीब तीन थानों का जाब्ता यहां तैनात है। ग्रामीण जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी, परिवार को 50-50 लाख रुपए मुआवजा और संविदा पर नौकरी की मांग पर अड़े हैं। लोगों का कहना है कि मांग पूरी नहीं होने तक वे शव नहीं उठाएंगे।

- **ग्रामीण आरोपियों की गिरफ्तारी, परिवार को 50-50 लाख रुपए का मुआवजा और संविदा पर नौकरी की मांग पर अड़े**
- **लोगों का कहना है कि मांग पूरी नहीं होने तक वे शव नहीं उठाएंगे, मौके पर करीब तीन थानों का जाब्ता तैनात है**

शनिवार देर शाम को तहसीलदार और डीएसपी विवेकसिंह के साथ ग्रामीणों की वार्ता हुई थी, लेकिन मांगों पर सहमति नहीं बनी। फिर से प्रशासन के साथ मांगों पर वार्ता और समझाइश के प्रयास जारी हैं। इधर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार तलाश में जुटी हैं लेकिन फिलहाल कोई सफलता नहीं मिल पाई है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को रात करीब आठ बजे सुरेश (25) पुत्र अमृत अहारी और भैरूलाल (27) पुत्र प्रभुलाल बडगोजा निवासी रिछावर बाइक पर सैलाना गए थे। रास्ते में बाइक सवार करीब छह बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। तलवारों और हथियारों से हमला कर दिया, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई थी। घटना के समय पास ही किराना की दुकान चलाने वाले सुमित (30) पुत्र रूपजी ने शोर सुना तो बीच-बचाव करने आया। बदमाशों ने उस पर भी हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण दौड़कर मौके पर पहुंचे, लेकिन बदमाश वहां से भाग निकले।

# अफीम सहित आरोपी को गिरफ्तार किया

**कोटा, (निसं)।** मादक पदार्थ विरोधी अभियान को जारी रखते हुए केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) चित्तौड़गढ़ सेल के अधिकारियों की टीम ने कार्रवाई करते हुए बाइक सवार को रोककर तलाशी के दौरान 1.945 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया।

- **बाइक सवार को रोककर तलाशी लेने पर 1.945 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम बरामद की**

उक्त कार्रवाई केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल के निर्देशन में की गई। उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि मोटरसाइकिल से एक व्यक्ति चितौड़गढ़ में अवैध नशीले पदार्थ को तस्कर तक पहुंचाने के लिये जिला चितौड़गढ़ के निम्बाहेड़ा-चितौड़गढ़ राजमार्ग शंभूपुरा बायपास से अवैध मादक पदार्थ अफीम ले जा रहा है। उक्त सूचना पर सीबीएन चित्तौड़गढ़ सेल के अधिकारियों की एक टीम गठित की गई और टीम को मौके के लिये रवाना किया गया। गठित टीम ने संदिग्ध मार्ग पर कड़ी निगरानी रखी और वाहन तथा उस व्यक्ति की पहचान करने के बाद सीबएन अधिकारियों ने शंभूपुरा बायपास निम्बाहेड़ा-चित्तौड़गढ़ राजमार्ग के पास मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति को रोका और मौके पर तलाशी लेने पर 1.945 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम बरामद की। टीम ने मौके पर अवैध मादक पदार्थ अफीम व वाहन को जब्त किया और एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। मामले में आगे की जांच जारी है।

# कोटा में महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत

**कोटा, (निसं)।** अनंतपुरा थाना इलाके में एक महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत होने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार अनंतपुरा इलाके में 29 वर्षीय महिला की शनिवार देर रात्रि को संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई।

- **पीहर पक्ष की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया**

मामले में सामने आया कि मृतका महिला के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। वहीं मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष के लोगों पर मारपीट व अन्य आरोप लगाते हुए महिला की हत्या की शंका जताई। महिला की मौत की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। अनंतपुरा थानाधिकारी रमेश कविया ने बताया कि मृतका अनंतपुरा निवासी सारिका (29) थी, मृतका के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। मृतका के शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष के खिलाफ शिकायत दी है। थानाधिकारी ने बताया कि मृतका के परिजनों की रिपोर्ट पर ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। मृतका की मौत किन कारणों के चलते हुई है, इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो पायेगा। मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

# निवाई की होटलों में तीन घरेलू सिलेंडर मिले

## होटल में घरेलू सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग मिला

**टोंक, (निसं)।** निवाई थाना क्षेत्र में उपखण्ड अधिकारी प्रीति मीणा ने घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग पर कार्रवाई करते हुए निवाई के ढाणी जुगलपुरा स्थित अनुष्का होटल व रेस्टोरेंट पर छापेमारी कर तीन घरेलू एलपीजी सिलेंडर जब्त किए। यह कार्रवाई घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग और कालाबाजारी रोकने के अभियान के तहत की गई। होटल में घरेलू सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग पाया गया, जो नियमों का उल्लंघन है। जब्त किए गए सिलेंडरों को गैस एजेंसी को सुपुर्द कर दिया गया।

- **जब्त किए गए सिलेंडरों को गैस एजेंसी को सुपुर्द कर दिया गया**

अभियान के तहत एसडीएम मीणा ने झिलाय इंडियन गैस एजेंसी का भी औचक निरीक्षण किया। उन्होंने एजेंसी के रिकॉर्ड और वितरण व्यवस्था की जांच की। इसी दौरान हाइवे पर स्थित पारस रिसोर्ट की भी जांच की गई, जहां व्यावसायिक सिलेंडरों का उपयोग होता मिला। एसडीएम प्रीति मीणा ने बताया कि घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग करने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने आमजन से अपील की कि घरेलू सिलेंडरों का दुरुपयोग न करें और कालाबाजारी की सूचना तुरंत खाद्य विभाग को दें।

# समर शेड्यूल में उदयपुर से दिल्ली, मुंबई की आधी फ्लाइट्स बंद

## दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु जैसे बड़े शहरों की कनेक्टिविटी लगभग आधी रह जाएगी

**उदयपुर, (कासं)।** महाराणा प्रताप एयरपोर्ट पर लागू होने जा रहे नए समर शेड्यूल में उडानों की संख्या में भारी कटौती की गई है, जिससे दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु जैसे बड़े शहरों की कनेक्टिविटी लगभग आधी रह जाएगी।

- **उडानों की संख्या में कटौती होने से विद्यार्थियों एवं व्यवसायियों को परेशानी होगी, पर्यटन उद्योग भी प्रभावित होगा**
- **महाराणा प्रताप एयरपोर्ट पर 29 मार्च से लागू होगा समर शेड्यूल, इंदौर की उडान पूरी तरह बंद**
- **राहत की बात सिर्फ इतनी है कि जयपुर के लिए चलने वाली उडानों में कोई कटौती नहीं की गई है**

उदयपुर के महाराणा प्रताप एयरपोर्ट से हवाई सफर करने वाले यात्रियों के लिए 29 मार्च से मुश्किलें बढ़ने वाली है। एयरपोर्ट पर लागू होने जा रहे नए समर शेड्यूल में उडानों की संख्या में भारी कटौती की गई है, जिससे दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु जैसे बडे शहरों की कनेक्टिविटी लगभग आधी रह जाएगी। सबसे ज्यादा झटका उन हजारों छात्रों और व्यवसायियों को लगा है, जो लंबे समय से पुणे के लिए डायरेक्ट फ्लाइट की उम्मीद लगाए बैठे थे, लेकिन इस बार भी उनके हाथ खाली रहे। शेड्यूल के अनुसार दिल्ली के लिए अब 8 के बजाय केवल 4 फ्लाइट्स ही उडान भरेंगी। वहीं मुंबई के लिए भी संख्या 8 से घटकर 5 रह गई है। इंदौर की फ्लाइट पूरी तरह बंद कर दी गई है, जबकि बेंगलुरु के लिए अब सिर्फ एक विकल्प बचेगा। जयपुर रूट पर राहत है, लेकिन वहां भी समय में बड़ा बदलाव किया गया है।

विंटर शेड्यूल के मुकाबले इस बार समर शेड्यूल में फ्लाइट्स का ग्राफ काफी नीचे गिरा है। दिल्ली के लिए जहां पहले 8 फ्लाइट्स ऑपरेट होती थी, अब 29 मार्च से केवल 4 ही चलेंगी। इनमें दो फ्लाइट इंडिगो की और दो एयर इंडिया की शामिल हैं। इसी तरह मुंबई के लिए भी उडानों की संख्या 8 से घटकर 5 रह गई है। फ्लाइट्स कम होने का सीधा असर पैसेंजर्स की जेब पर पड़ेगा। सीटों की संख्या कम होने और डिमांड अधिक रहने से आने वाले दिनों में दिल्ली-मुंबई का टिकट काफी महंगा हो सकता है। आईटी सिटी बेंगलुरु जाने वालों को भी मायूसी हाथ लगी है, क्योंकि वहां के लिए अब 3 के बजाय सिर्फ 1 फ्लाइट ही उपलब्ध होगी। विंटर शेड्यूल में चल रही इंदौर की फ्लाइट को इस समर शेड्यूल में पूरी तरह हटा दिया गया है। इससे व्यापारिक दृष्टिकोण से जुड़े लोगों को अब सड़क मार्ग या लंबी दूरी तय कर दूसरे शहरों से कनेक्टिंग फ्लाइट लेनी होगी।

राहत की बात सिर्फ इतनी है कि जयपुर के लिए चलने वाली उडानों में कोई कटौती नहीं की गई है। विंटर शेड्यूल की तरह ही 2 फ्लाइट्स यथावत रहेंगी। इनके समय में बड़ा फेरबदल हुआ है। वर्तमान में जो फ्लाइट सुबह 7.55 बजे उदयपुर आती है, वह 29 मार्च से सुबह 11.25 पर आएगी। शाम को आने वाली फ्लाइट अपने निर्धारित समय से 45 मिनट जल्दी यानी शाम 5.50 पर उदयपुर पहुंचेगी। उदयपुर संभाग के लोगों में खासकर युवाओं और नौकरी पेशा लोगों को उम्मीद थी कि इस बार पुणे के लिए सीधी उडान शुरू होगी, लेकिन इस बार भी निराशा ही हाथ लगी है। उदयपुर, राजसमंद, चित्तौड़गढ़ और भीलवाड़ा जैसे जिलों के हजारों छात्र इंजीनियरिंग, मेडिकल और एमबीए की पढ़ाई के लिए पुणे में रहते हैं। साथ ही आईटी और ऑटोमोबाइल सेक्टर में काम करने वाले प्रोफेशनल भी बड़ी संख्या में वहां बसे हैं। उदयपुर एक प्रमुख पर्यटन स्थल है और गर्मियों की छुट्टियों में यहां बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। प्रमुख महानगरों से फ्लाइट्स कम होने से पर्यटन व्यवसाय पर भी असर पड़ने की आशंका है।

# ट्रेलर की चपेट से युवक की मौत

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर के डबोक थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात दरौली स्थित हाइवे पर ट्रेलर की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। हादसा रात करीब दस बजे हुआ।

जानकारी के अनुसार जब युवक पैदल हाइवे पार कर रहा था। तभी तेज रफ्तार ट्रेलर ने उसे चपेट में ले लिया। युवक की मौके पर ही मौत हो गई और ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया।

- **हादसे के बाद ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया**

घटना के बाद आसपास लोगों की भीड़ जुट गई और हाइवे पर कुछ देर के लिए ट्रैफिक जाम हो गया। राहगीरों की सूचना पर डबोक थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली।

थानाधिकारी गोपाल नाथ ने बताया कि मृतक की पहचान 35 वर्षीय किशनलाल उर्फ पिंटू पिता मोहनलाल डांगी निवासी महाराज की खेड़ी डबोक के रूप में हुई है। वह उदयपुर किसी काम से गया था। हाइवे क्रॉस कर वापस घर लौट रहा था। तभी ये हादसा हो गया। पुलिस ने रविवार को मृतक का पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। थानाधिकारी के अनुसार ट्रेलर की पहचान को लेकर आसपास सीसीटीवी खंगालते हुए पुलिस जांच में जुटी है।

# टोंक में ग्रेनाइट माइंस में शॉर्ट सर्किट से आग लगी

**टोंक, (निसं)।** नासिरदा थाना क्षेत्र के गांव बिजवाड़ स्थित ग्रेनाइट माइंस में शनिवार को शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग की चपेट में आने से मजदूरों की झोपड़ी और पास खड़ी एलएनटी मशीन का केबिन जल गया। घटना के समय मौके पर कोई मौजूद नहीं था, जिससे आग लगने की जानकारी देर से मिल सकी। बाद में मजदूरों और खान मालिक ने पानी के टैंकरों की मदद से करीब एक घंटे में आग पर काबू पाया। घटना में लगभग पांच लाख रुपए के नुकसान का अनुमान है।

- **लगभग पांच लाख रुपए के नुकसान का अनुमान है, टैंकरों की मदद से आग पर काबू पाया**



आग से मजदूरों की झोपड़ी और पास खड़ी एलएनटी मशीन का केबिन जल गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बिजवाड़ में जय भवानी माइंस के पास बनी एक झोपड़ी में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। आग तेजी से फैलने से झोपड़ी में रखा बेड, कुर्सी, कूलर और अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो गया, झोपड़ी में खान में काम करने वाले मजदूरों के कपड़े और जरूरी सामान भी रखा था, जो पूरी तरह नष्ट हो गया। आग की लपटें पास में खड़ी एलएनटी मशीन तक पहुंच गई, जिससे उसका केबिन भी काफी हद तक जल गया। हालांकि गनीमत रही कि आग मशीन के अंदरूनी हिस्सों तक नहीं पहुंची, वरना नुकसान और अधिक हो सकता था। माइंस में काम कर रहे लोगों को एलएनटी मशीन के केबिन से जलने की गंध आने पर घटना की जानकारी मिली। इसके बाद मजदूर तुरंत बाहर निकले और पानी के टैंकर मंगवाकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। करीब आधे से एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया।

घटना की सूचना मिलने पर नासिरदा थाना प्रभारी व पुलिस टीम मौके पर पंहुची तथा स्थिति का जायजा लिया। आग लगने की सूचना पर फायर ब्रिगेड को भी बुलाया गया था, लेकिन उसके पहुंचने से पहले ही पानी के टैंकरों से आग बुझा दी गई। पुलिस ने बताया कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन लाखों का नुकसान जलकर राख हो गया।

# महंगाई और गैस सिलेंडर के बढ़े दामों के विरोध में कांग्रेस सड़कों पर उतरी

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। बढ़ती महंगाई और रसोई गैस सिलेंडर के दामों में बढ़ोतरी के विरोध में रविवार को जयपुर के कलेक्ट्रेट सर्किल पर पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंककर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

खाचरियावास ने कहा कि केवल कलेक्ट्रेट सर्किल ही नहीं, बल्कि सिविल लाइंस, आदर्श नगर, किशनपोल सहित अन्य विधानसभा क्षेत्रों में भी कांग्रेस कार्यकर्ता गैस सिलेंडर के बढ़े दामों के विरोध में पुतला दहन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जिन मुद्दों को पहले से उठा रही थी, आज वही बातें सही साबित हो रही हैं।

उन्होंने कहा कि जब बाजार में गैस सिलेंडर की कमी है और आम लोगों को समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है, ऐसे समय में कीमतें बढ़ाना आम जनता के साथ अन्याय है। सरकार जनता को रोटी और रसोई गैस जैसी बुनियादी जरूरतें भी उपलब्ध नहीं करा पा रही और ऊपर से महंगाई का बोझ बढ़ाया जा रहा है।

खाचरियावास ने कहा कि कोरोना काल में कांग्रेस सरकार ने गरीबों, ऑटो चालकों, रिक्शा चालकों और दिहाड़ी मजदूरों को राहत देने के लिए विशेष पैकेज जारी किए थे। कई परिवारों को 20 हजार से लेकर 50 हजार रुपये तक की आर्थिक सहायता दी गई थी। वर्तमान में भी ऑटो चालकों, दिहाड़ी मजदूरों और छोटे व्यापारियों के सामने आर्थिक संकट है, इसलिए केंद्र सरकार को तत्काल राहत पैकेज जारी करना चाहिए।



कांग्रेस नेता प्रताप सिंह खाचरियावास के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने रविवार को कलेक्ट्री सर्किल पर गैस सिलेंडर के दामों में बढ़ोतरी को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

- **पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा कि जब बाजार में गैस सिलेंडर की कमी है और आम लोगों को समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है, ऐसे समय में कीमतें बढ़ाना अन्याय है।**

उन्होंने कहा कि यह आंदोलन केवल जयपुर तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे देश में कांग्रेस कार्यकर्ता महंगाई और गैस सिलेंडर के बढ़ते दामों के खिलाफ आवाज उठाते रहेंगे।

कांग्रेस कभी डरने वाली पार्टी नहीं है और यदि कार्यकर्ताओं पर किसी प्रकार का दबाव या अन्याय किया गया तो कांग्रेस मजबूती से उसका सामना करेगी।

खाचरियावास ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के इस संकटपूर्ण समय में कांग्रेस पार्टी देशहित में भारत सरकार के साथ खड़ी है, लेकिन देश के स्वाभिमान और आम जनता के हितों से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। कांग्रेस का यह आंदोलन आगे भी जारी रहेगा।

## आग से गैस सिलेंडर फटा

**जयपुर**। मानसरोवर क्षेत्र में रविवार शाम एक प्लॉट में बने टीडीशेड के कमरों में अचानक आग लग गई। आग की चपेट में आने से कमरे में रखा घरेलू गैस सिलेंडर भी ब्लास्ट हो गया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि समय रहते दमकल की टीम ने आग पर काबू पा लिया और हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

फायर ऑफिसर देवांग यादव ने बताया कि पत्रकार कॉलोनी स्थित गिरिराज नगर में एक प्लॉट में टीडीशेड के चार कमरे बने हुए हैं। रविवार देर शाम अज्ञात कारणों से बंद पड़े इन कमरों में आग लग गई। कुछ ही देर में धुएं के गुबार के साथ आग की लपटें उठने लगीं, जिसे देखकर आसपास के लोगों को आग लगने की जानकारी हुई।

सूचना मिलने पर मानसरोवर फायर स्टेशन से दमकल की दो गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। इसी दौरान कमरे में रखा घरेलू गैस सिलेंडर भी आग की चपेट में आकर ब्लास्ट हो गया। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। दमकलकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर कमरों की दीवार तोड़कर अंदर पहुंच बनाई और करीब 30 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। आग से कमरों में रखा सामान जलकर नष्ट हो गया, लेकिन राहत की बात यह रही कि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

## प्रदेश के 10 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट

**जयपुर**। उत्तर भारत में सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ के असर से राजस्थान के मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने प्रदेश के 10 जिलों में आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है। नए सिस्टम के प्रभाव से शनिवार देर रात जयपुर सहित कई जिलों में हल्की बरसात हुई।

मौसम विभाग ने 18 मार्च को फिर से बारिश और कहीं-कहीं ओले गिरने की संभावना जताई है। शनिवार देर रात जयपुर, टोंक, अजमेर और दौसा सहित कई जिलों में तेज हवा के साथ हल्की बारिश हुई। मौसम में आए इस बदलाव से तापमान में गिरावट हुई और लोगों को तेज गर्मी से राहत मिली।

प्रदेश के अन्य इलाकों में भी धूलभरी हवा और बादलों के कारण मौसम का मिजाज बदला रहा। दिनभर धूप कमजोर रही और हल्की हवा चलने से तापमान में कमी आ गई। शनिवार को कोटा, जोधपुर, जयपुर समेत कई जिलों के अधिकतम तापमान में करीब तीन डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आ गई। प्रदेश के सभी शहरों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा के अनुसार वर्तमान में सक्रिय सिस्टम का असर 15 मार्च तक रहेगा, जिससे प्रदेश में गर्मी से कुछ राहत मिली है। उन्होंने बताया कि 16 और 17 मार्च को मौसम साफ रहने की संभावना है, लेकिन 18 मार्च से एक नया सिस्टम सक्रिय होगा। इसके प्रभाव से प्रदेश में दो दिन तक आंधी-बारिश और कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि होने की संभावना है।

- **मौसम विभाग ने 18 मार्च को बारिश और कहीं-कहीं ओले गिरने की संभावना जताई है।**

## ओडीओपी व जयपुर रत्नम्' प्रदर्शनी 19 तक

**जयपुर**। राजस्थान दिवस (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) के अवसर पर प्रदेश में 14 से 19 मार्च तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस क्रम उद्योग एवं वाणिज्य विभाग द्वारा राज्य स्तर और सभी जिलों में ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद) प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जयपुर संभागीय आयुक्त पूनम, जयपुर जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी और उद्योग एवं वाणिज्य आयुक्त सुरेश ओला ने रविवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में राज्य स्तरीय और 'जयपुर रत्नम्' प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में सभी जिलों के ओडीओपी उत्पाद प्रदर्शित किए गए हैं, जहां से इन्हें खरीदा भी जा सकता है। इन दोनों प्रदर्शनियों में ओडीओपी उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए 120 स्टॉल लगाई गई हैं। आमलोग 19 मार्च तक सुबह 10 से शाम 7 बजे तक अवलोकन कर सकते हैं।

# जगतपुरा में फायरिंग करने वाले छह बदमाश गिरफ्तार

## आपसी रंजिश में युवक पर चलाई थी गोली

**जयपुर**। शहर के रामनगरिया थाना पुलिस ने जगतपुरा इलाके में आपसी रंजिश के चलते युवक पर फायरिंग करने वाले छह बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने झगड़े के दौरान युवक की तलाश में आकर गाली-गलौज की और बाद में भागते समय फायरिंग कर दी, जिससे एक युवक घायल हो गया।

डीसीपी (पूर्व) संजीव नैन ने बताया कि गुरुवार रात जगतपुरा क्षेत्र में यह वारदात हुई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रविवार को छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार आरोपी राजू वैष्णव का परिचित रवि शर्मा से किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। इसी रंजिश के चलते राजू अपने साथियों के साथ होंडा सिटी कार में जयपुर आया और रवि शर्मा की तलाश करने लगा। उसे शक था कि रवि अपने दोस्त गोपाल सिंह के पास हो सकता है, इसलिए आरोपी जगातपुरा स्थित उसकी साइट पर पहुंच गए। यहां आरोपियों ने गोपाल सिंह से रवि शर्मा के बारे में पूछताछ की। जानकारी देने से इनकार करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। हंगामा देखकर साइट पर काम करने वाले युवक भी एकत्र हो गए। इसके बाद आरोपी वहां से कार में बैठकर निकलने लगे। इसी दौरान भागते समय आरोपियों ने फायरिंग कर दी, जिससे बलराम सिंह के बाएं हाथ में गोली लग गई। वारदात के बाद आरोपी कार लेकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले में राजू वैष्णव उर्फ राज (28) निवासी बसेड़ी, धौलपुर, सुमित कुमार (26) निवासी मलपुरा, आगरा (उत्तर प्रदेश), सुनील रॉय (25) निवासी मलपुरा, आगरा, हरिओम गुर्जर (21) निवासी जगनेर, आगरा, रोहिताश गुर्जर (29) निवासी वैर, भरतपुर और विजय कुमार (21) निवासी कोतवाली, सवाई माधोपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक देसी पिस्टल और दो कारतूस भी बरामद किए हैं। मामले में अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

## 'डिजिटल युग में जनसंपर्ककर्मी रहे अपडेट'

जयपुर। वर्तमान समय में हम डिजिटल युग में हैं। विश्व की आधी से अधिक और देशों 58 फीसदी आबादी डिजिटल माध्यमों का उपयोग कर रही है। इसका प्रभाव प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर भी पड़ रहा है। किन्तु सच्चाई यह भी है कि सभी मीडिया टूल्स का अपना प्रभाव क्षेत्र है। सूचनाओं का जितना प्रसार अब जो रहा है उतना कभी नहीं रहा। इतनी तेज गति से हो रहा है, जितना पहले कभी नहीं हुआ। एक सफल जनसंपर्क कर्मी को ए आई सहित मीडिया संसाधनों का समुचित प्रयोग करना होगा और अपडेट रहना होगा तथा अपनी विश्वसनीयता पर करना होगा। यह बात मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विशेषाधिकारी गोविंद नारायण पारीक ने पब्लिक रिलेशन्स सोसाइटी ऑफ इंडिया के जयपुर चैप्टर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कही। जनपथ स्थित यूथ हॉस्टल में आयोजित सम्मान समारोह तथा होली मिलन कार्यक्रम की शुरुआत हाल ही में दिवंगत हुए वरिष्ठ सदस्य साहित्यकार डॉ.नरेंद्र शर्मा कुसुम को मौन श्रद्धांजलि के साथ हुई। इसके पश्चात सभी सदस्यों का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया।

इस दौरान अलका सक्सेना, अंजना बैराठी, डॉ. तनुश्री मुखर्जी, कविता जोशी, योगेश कानवा, लीलाधर एवं सुरेंद्र कुमार शर्मा को इस वर्ष उनकी पुस्तकों के प्रकाशन के लिए सम्मानित किया गया। पॉपुलर प्रिंटर्स के संचालक निर्मल गोयल को मिले बेस्ट प्रिंटिंग अवार्ड के लिए भी सम्मानित किया गया। इस दौरान संस्था के नए सदस्यों का भी दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया।



समारोह को अध्यक्ष वीरेंद्र पारीक, बीबीसी के एशिया पेसिफिक संवाददाता संजीव श्रीवास्तव और वी.के.सिंघवी ने भी संबोधित किया। ईश्वर दत्त माथुर ने जयपुर की पारंपरिक होली रचना का गायन कर समारोह में उत्सवी रंग घोल दिए। चैप्टर की उपाध्यक्ष कविता जोशी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के दौरान सचिव मनीष हूजा, वरिष्ठ मार्गदर्शक कल्याणमल कोठारी, डॉ. संजीव भानावत सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन चंद्रशेखर पारीक ने किया।

## शिविर में 425 यूनिट रक्तदान

**जयपुर** (कासं)। खंडेलवाल डवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन के तत्वावधान में स्व. रमेश चंद माचीवाल की पुण्य स्मृति में रविवार को रक्तदान एवं नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। संस्था के पूर्व अध्यक्ष राजेश ताम्बी, मंत्री दीपक बाजारगान ने बताया कि शिविर में युवाओं एवं समाजबंधुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 425 यूनिट रक्तदान हुआ। कार्यक्रम में सोहन तांबी (पूर्व प्रदेश कार्यालय प्रभारी), अनिल रावत (नयाखेड़ा अध्यक्ष), अशोक माचीवाल, राजेंद्र माचीवाल, राजेश ताम्बी तथा सुरेंद्र पूर्वांशी (जिला उपाध्यक्ष) मौजूद थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जयपुर शहर भाजपा जिलाध्यक्ष अमित गोयल, पूर्व महापौर ज्योति खंडेलवाल, खंडेलवाल समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष कालीचरण कोडिया, हनुमान सहाय ओड, रामकिशोर खुटेटा रहे।

## नव संवत्सर का जयपुर में होगा जोरदार स्वागत

**जयपुर**। भारतीय संस्कृति के पावन पर्व चैत्र शुक्ल प्रतिपदा भारतीय नववर्ष नवसंवत्सर 2083 प्रारम्भ हो रहा है। इसके स्वागत के लिए 5 दिवसीय नवसंवत्सर उत्सव बड़े ही धूमधाम से जयपुर में आयोजित किया जायेगा।

संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पण्डित सुरेश मिश्रा ने बताया कि 15 से 19 मार्च तक 5 दिवसीय विभिन्न कार्यक्रम नवसंवत्सर उत्सव के रूप में आयोजित किये जाएंगे। जिसमें 16 मार्च को नवसंवत्सर के स्वागत के लिये चार अश्व पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण दिशाओं में रवाना होंगे और नवसंवत्सर का अनूठे तरीके से प्रचार करेंगे। भारतीय संस्कृति और नवसंवत्सर का प्रचार करने के लिये यह श्वेत अश्व जयपुर शहर के सभी मंदिरो में जाएंगे। इनका विधिवत पूजन विद्वानों द्वारा वैदिक रीति से किया जायेगा। इस अवसर पर जयपुर के विभिन्न मंदिरों के संत-महंत उपस्थित रहेंगे। पण्डित मिश्रा ने बताया कि ये चार अश्व ईशान में खोले के हनुमान मंदिर, पूर्व में गलताजी, आग्नेय में गोनेर मंदिर, दक्षिण में सांगा बाबा, नैऋत्य में स्वामी नारायण मंदिर, पश्चिम में हाथोज हनुमानजी, वायव्य में कदम्ब डूंगरी व उत्तर में आमेर काले हनुमान मंदिर तक जाएंगे और नवसंवत्सर का अनूठे तरीके से प्रचार-प्रसार करेगें। इनके साथ में समिति के कार्यकर्ता पम्पलेट बांटते हुये चलेंगे और विशेषकर युवाओं से आग्रह करेंगे कि भारतीय नवसंवत्सर को धूमधाम से आयोजित करें। अश्व छोडने की परम्परा भारतीय संस्कृति में हजारों वर्षों से चली आ रही है, राजा साम्राज्य के विस्तार के लिये छोडते थे लेकिन इस बार अश्व नवसंवत्सर के प्रचार के लिए होंगे।

## लग्जरी बाइक चुराने वाला शातिर बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। जवाहर नगर पुलिस ने डीएसटी पूर्व के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए वाहन चोरी की वारदात का पर्दाफाश करते हुए शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर चोरी की रॉयल इंफिल्ड मोटर साइकिल बरामद करते हुए वारदात के काम में ली गई स्कूटी जब्त की है। पुलिस गिरफ्तार अभियुक्त से अन्य वाहन चोरी और खरीदारों के बारे में गहनता से पूछताछ करने में जुटी है।

पुलिस उपायुक्त पूर्व संजीव नैन ने बताया कि गत 12 मार्च को परिवादी धर्मपाल ने मामला दर्ज कराया था की उसने अपनी रॉयल मोटरसाईकिल जवाहर नगर स्थित शांति पथ पर खड़ी की थी। कुछ देर बाद आकर देखा तो मोटरसाईकिल गायब मिली।

मामला दर्ज होने के बाद डीएसटी टीम पूर्व ने सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद शातिर वाहन चोर आदित्य शर्मा (23) निवासी बंधबारेटा ,भरतपुर हाल शिव कॉलोनी ,श्याम नगर को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की मोटर साईकिल रॉयल इंफिल्ड व वाहन चोरी के काम में ली गई स्कूटी बरामद की है। पुलिस गिरफ्तार अभियुक्त से अन्य वाहन चोरी और चोरी के वाहन खरीदने वालों के बारे में गहनता से पूछताछ करने में जुटी है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी सुबह स्वीगि में डिलेवरी बॉय का काम करता है और देर रात तक डिलेवरी देता है।

आदित्य डिलेवरी देने के पश्चात ही देर रात रॉयल इंफिल्ड चोरी करके ले गया और वैशाली नगर में ले जाकर छुपा दिया और कैब से वापस घटना स्थल पर आया और स्कूटी लेकर अपने घर चला गया। पूछताछ में सामने आया है कि गिरफ्तार अभियुक्त को बुलट मोटर साईकिल चलाने का शौक है। शौक पूरा करने के लिए चोरी की वारदात को अंजाम दिया है।

- **आरोपी के कब्जे से चुराई हुई रॉयल इंफिल्ड बाइक समेत वारदात के काम में ली गई स्कूटी बरामद की पुलिस ने**
- **पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अपने महंगे शौक पूरे करने के लिए वारदातों को अंजाम देता था**

## कलाकारों ने अभिनय से किया प्रशासनिक व्यवस्था पर प्रहार

**जयपुर**। जयपुर रंगमंच के वरिष्ठ कलाकारों ने रविवार को अपने अभिनय के माध्यम से प्रशासनिक व्यवस्था पर व्यंग्य बाण चलाएं। मशहूर अफसाना निगार कृष्ण चंद्र की लोकप्रिय कहानी "जामुन के पेड़" पर आधारित नाटक का लेखन नीरज गोस्वामी ने किया और इस नाटक का निर्देशन गुरमिंदर सिंह पूरी रोमी ने किया।

नाटक में दर्शाया गया कि एक आम व्यक्ति सचिवालय परिसर में गिरे जामुन के पेड़ के नीचे दब जाता है और प्रशासनिक अमला अपनी ज़िम्मेदारियों से बचते हुए एक दूसरे पर इसका आरोप लगाते हैं। इसी बीच विरोधी दल के नेता इस मौके का लाभ उठाते हुए राजनीति करने में भी नहीं चूकते। नाटक में मीडिया के रवैया पर भी कटाक्ष किया गया है। नाटक के अंत में जयपुर रंगमंच के वरिष्ठ कलाकार और वर्तमान में मुंबई प्रवास कर रहे नरेंद्र गुप्ता ने रविंद्र मंच की बदहाली और प्रशासनिक अनदेखी पर सवाल खड़े किए और रंग कर्मियों का आवाह्न किया कि वे अपनी इस कर्म स्थली के संरक्षण और रख रखाव को लेकर सक्रिय भूमिका निभाई। नाटक में जयपुर रंगमंच के वरिष्ठ कलाकारों में नीरज गोस्वामी, ईश्वर दत्त माथुर, राजेंद्र शर्मा राजू, मोइनुद्दीन खान, अशोक माहेश्वरी, गुरमिंदर सिंह पूरी रोमी, आलोक चतुर्वेदी, दीपक कथूरिया, जितेंद्र शर्मा व अन्य शामिल थे।

# 'जड़ों से जुड़ाव और संस्कार ही ब्राह्मण समाज की ताकत'

**जयपुर**। विश्व ब्राह्मण सभा ट्रस्ट का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन रविवार को ब्रह्म शक्ति के जागरण और जड़ों से जुड़े रहने के आव्हान के साथ संपन्न हो गया। रविवार को अधिवेशन के दूसरे दिन कथावाचक आचार्य मारुति नंदन शास्त्री ने भगवान परशुराम के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया।

मारुति नंदन शास्त्री ने ब्राह्मण समाज के समक्ष वर्तमान चुनौतियां पर मंथन विषय पर मंगलाचरण से शुरुआत की। उन्होंने कहा कि भगवान ने भी ब्राह्मण को सम्मान दिया है। कथा और उद्बोधन ब्राह्मण समाज को ऊंचाई देते हैं। भगवान भी ब्राह्मण के चरणों में बैठकर आंसू बहाते है और ब्रह्म शक्ति को पूरा सम्मान देते हैं। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण के आश्रय से जीवन में बहुत-सी परेशानियां समाप्त होती है। मारुति नंदन शास्त्री ने राम और कृष्ण का उदाहरण देते हुए रामायण की चौपाइयों से जुडे कई प्रसंगों का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण सत्य और सरलता से पूर्ण है। ब्राह्मण महान है और ब्राह्मण महान शक्ति भी है। देवताओं ने भी समस्याओं का समाधान ब्राह्मण को माना है। सर्व कल्याण की बात करते हैं ब्राह्मण। ऋषि दाधीच और चाणक्य की विशेषता भी उन्होंने बताई। विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि समाज के समक्ष अनेक चुनौतियां हैं, हमें जड़ों से जुड़े रहना होगा। वरिष्ठ पत्रकार रेनू शर्मा ने समाज की एकता पर जोर देते हुए कहा कि एकता और संगठन से हर चुनौती का समाधान होगा। आरक्षण और यूजीसी प्रकरण पर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहिए।



विश्व ब्राह्मण महासभा का राष्ट्रीय अधिवेशन रविवार को संपन्न हुआ।

डॉ. एस.एन. शर्मा ने समाज की चिताओं पर विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि समाज को श्रेष्ठ बनाए रखने के लिए मूल्यों को बनाए रखना होगा। त्याग, संस्कार की परम्परा को जीवित रखना होगा। सब को संगठित होकर रहना होगा। विश्व ब्राह्मण सभा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित देवनारायण जैमन ने अधिवेशन में आए सभी ब्राह्मण समाज के बंधुओं से संगठित रहने का आव्हान किया। राष्ट्रीय महामंत्री पंडित महेश शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष पंडित बृजेश शर्मा और जयपुर महानगर के अध्यक्ष पंडित रघु शर्मा ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर कोमल शर्मा लिखित ऑर्गेनिक केमिस्ट्री विषयक पुस्तक का भी विमोचन किया गया। राष्ट्रीय अधिवेशन के दो दिवसीय आयोजन में एक दर्जन से अधिक सत्र आयोजित किए गए और महिलाओं युवाओं और उद्यिमता संबंधी विषयों पर चिंतन मंथन किया।

## सार-समाचार

### योद्धा राव तुलाराम की विरासत पर मंथन




**जयपुर**। 1857 के एक भूले-बिसरे स्वतंत्रता संग्राम की प्रभावशाली कहानी पर हुआ मंथन, जहां महान योद्धा राव तुला राम द्वारा ब्रिटिश राज के खिलाफ संघर्ष और साहस और नेतृत्व पर भी विचार साझा हुए। ये नजारा था 2- पेजेज बुक क्लब की ओर से बुक 'द बैटल ऑफ नरनौल' पर आयोजित हुए एक विशेष लेखक सत्र का। पेंगुइन रैंडम हाउस और क्लॉक टावर के सहयोग से रविवार को हुए इस कार्यक्रम में पुस्तक के लेखक कुलप्रीत यादव और मधुर राव शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने इंडियन रिबेलियन ऑफ़ 1857 की एक महत्वपूर्ण और भीषण लड़ाई पर आधारित इस पुस्तक के विषय पर विस्तार से चर्चा की। इस सत्र में लेखकों ने पुस्तक के ऐतिहासिक महत्व, इसे लिखने के दौरान किए गए शोध और भारत के स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ी कम चर्चित कहानियों को सामने लाने की आवश्यकता पर भी चर्चा की। कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर राव तुला राम के पर-परपोते, राव राघवेंद्र सिंह, भी शामिल हुए। उन्होंने इस महान स्वतंत्रता सेनानी की विरासत और उनके साहस की आज के समय में प्रासंगिकता पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का संचालन निष्ठा अग्रवाल ने किया। साथ ही विशिष्ट अतिथियों में राजेंद्र सिंह यादव (राजस्थान के पूर्व गृह राज्य मंत्री और मधुर राव के पिता), लालचंद कटारिया (राजस्थान के पूर्व कैबिनेट मंत्री) और ठाकुर गज सिंह जी आलसीसर (आलसीसर परिवार के मुखिया और प्रसिद्ध होटल व्यवसायी) शामिल थे। इसके साथ ही 2-पेजेज बुक क्लब के संस्थापक सदस्य डॉ. राम गुलाटी, प्रग्या रामजेवाल और मोहित बत्रा भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।इस दौरान 2-पेज़ेज़ बुक क्लब के संस्थापक सदस्य डॉ. राम गुलाटी, प्रग्या रामजेवाल और मोहित बत्रा भी उपस्थित रहे।

### इंस्पेक्टर दिनेश सिंह को अवार्ड से नवाजा




**जयपुर**। महाराजा कॉलेज के पूर्व छात्रों का (रीयूनियन) भव्य मिलन समारोह महाराजा समागम 14 मार्च को को मानसरोवर में आयोजित हुआ। महाराजा कॉलेज बडीज़ समिति के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम में देश-विदेश से महाराजा कॉलेज के पूर्व छात्र शामिल हुए। इस अवसर पर रोड सेफ्टी अवेयरनेस (सड़क सुरक्षा जागरूकता) पर उत्कृष्ट कार्य करने व उल्लेखनीय योगदान के लिए इंस्पेक्टर दिनेश सिंह फौजदार को महाराजा रत्न 2026 अवार्ड से एवं मेडिकल हैल्थ में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. योगेश अग्रवाल को महाराजा विभूषण-2026 अवार्ड दिया गया। इस मौके पर राजस्थान विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष डॉ. प्रणवेन्द्र शर्मा ने दोनों को अवार्ड प्रदान किया एवं माला पहनाकर स्वागत किया। ज्ञात रहे कि इंस्पेक्टर दिनेश सिंह फौजदार वर्ष 1991 में महाराजा कॉलेज से बीएससी (गणित) में उत्तीर्ण है। मंच संचालन समिति के उपाध्यक्ष डॉ. ललित सांचौरा ने किया, जबकि आयोजन संयोजक अवनीश पंवार और समन्वयक कंवर सेन यादव ने व्यवस्थाओं का संचालन संभाला। समिति के सचिव राकेश फोगाट, महासचिव सुनील भारद्वाज और अध्यक्ष पवन भगत ने सभी छात्रों का आभार व्यक्त किया।

### 'द ग्रेट इंडियन ब्रेन रॉट' पुस्तक पर चर्चा



**जयपुर**। भारत में फेक फॉलोअर्स का सबसे बड़ा मार्केट है। आज सोशल मीडिया की कॉन्टेम्परारी दुनिया की वास्तविकता बहुत अलग है। इन्फ्लूएंसर्स सोशल मीडिया के मैटरिक्स और एलॉगरिदम के बीच फंस कर रह गए हैं। आज हर एक व्यक्ति अपने आप में इन्फ्लूएंसर है, क्योंकि वे किसी न किसी माध्यम से लोगों को इन्फ्लूएंस कर रहे हैं। यह बात दिल्ली के प्रख्यात लेखक, पोडकास्टर एवं कल्चरल क्रिटिक, अनुराग माइनस वर्मा ने अपनी पुस्तक द ग्रेट इंडियन ब्रेन रॉट: लव, लाइज एंड एल्गोरिदम इन डिजिटल इंडिया पर चर्चा के दौरान कही। उन्होंने जयपुर की ब्लॉगर एवं कम्यूनिकेशन स्पेशलिस्ट, तुषारिका सिंह के साथ चर्चा की। यह कार्यक्रम प्रभा खेतान फाउंडेशन की सहयोग पहल के तहत रविवार को अशोक क्लब में आयोजित हुआ। अनुराग ने अपनी लेखन यात्रा के बारे में बताते हुए कहा कि पॉडकास्टिंग शुरू करने से पहले ही उन्होंने कॉलेज के दिनों में लिखना शुरू कर दिया था। उस समय वे मुख्य रूप से कविताएं और रिव्यू लिखते थे। उनके अनुसार लेखन उनके जीवन में एक तरह की थैरेपी की तरह काम करता है। अपनी पुस्तक 'द ग्रेट इंडियन ब्रेन रॉट' के बारे में उन्होंने बताया कि जिस तरह पिछली पीढ़ी में टीवी को इडियट बॉक्स कहा जाता था, उसी तरह आज के दौर में सोशल मीडिया पर अत्यधिक कंटेंट कंज्यूम करने की प्रवृत्ति को ब्रेन रॉट कहा है। इस किताब में लगातार स्क्रॉलिंग से होने वाली मानसिक थकान, प्रेम की बदलती अवधारणा, जाति, गलत सूचना, समाज और विश्व में भारत की छवि जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों पर बात की गई है। चर्चा का समापन श्रोताओं के साथ प्रश्न-उत्तर राउंड के साथ हुआ। इससे पूर्व, स्वागत संबोधन अजय सिंघा ने दिया और सेशन का समापन जगदीप सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

### अंजू खंगारोत को पीएचडी की उपाधि



**जयपुर**। कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर में सेवारत असिस्टेंट प्रोफेसर अंजू खंगारोत को स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर की ओर से पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्हें यह उपाधि "पश्चिमी राजस्थान की रैतेली मिट्टी में जीरा की विभिन्न बुआई तिथियों पर विभिन्न खरपतवार नियंत्रण उपायों की प्रभाविकता एवं चारा बाजरा पर उनके अवशिष्ट प्रभाव" विषय पर शोध के लिए दी गई है। इन्होने अपना शोध कार्य एसोसिएट प्रोफेसर किया है। डा. मदन लाल में के निर्देशन पूरा किया है।

### टीम 39 ने किया प्रतिभाओं का सम्मान



**जयपुर**। पानीपेच स्थित टीम 39 जहां चाह वहां राह जन कल्याण ट्रस्ट द्वारा पानीपेच संजय कॉलोनी में सीए बनने पर निखिल अग्रवाल एवं नेशनल पुलिस तैराकी में द्वितीय स्थान मिलने पर आकाशवीर सिंह चौहान का माला दुप्पटा पहनाकर, केक काटकर एवं मिठाई बाटकर स्वागत किया गया। टीम 39 के प्रधान ट्रस्टी विष्णु बियानी एवं प्रभारी मनीष केडिया ने बताया कि टीम द्वारा कॉलोनी में बच्चों के उत्तीर्ण होने एवं विशेष परीक्षा पास होने पर उनका स्वागत किया जाता है।



## National Panda Day: Celebrating the Gentle Giants of the Bamboo Forest

Observed annually on March 16, National Panda Day honours one of the world's most beloved and endangered animals, the giant panda. Native to China, pandas are known for their distinctive black-and-white coats and their love for bamboo, which makes up almost their entire diet. Beyond their adorable appearance, pandas symbolise global conservation efforts. Thanks to sustained wildlife protection, habitat restoration and breeding programmes, their status has improved from 'endangered' to 'vulnerable.' The day encourages awareness about wildlife preservation and reminds us of the importance of protecting fragile ecosystems for future generations.

राष्ट्रदूत
MONDAY
16 March 2026
A-B








# The Great Indian Bustards

## In Maharashtra Can Be Counted On Fingers





The GIB is nomadic in nature and uses large areas without distinguished boundaries, and therefore, requires a robust sampling method to evaluate its status and distribution. Since the present status of the GIB is not known beyond the designated bustard areas, a probability distribution map for GIB covering an area of 55,000 sq km was developed through probability distribution modeling (Phillips et al., 2006) using locations of tagged GIBs across the landscape to survey potential GIB habitat in Maharashtra.

● Bilal Habib

The Great Indian Bustard (GIB) is a magnificent, large flying bird and was previously found throughout India and parts of Pakistan. In India, it was distributed throughout the grasslands of North India and the Deccan landscape, but in the last three decades, there has been a drastic change in its former range. Only about 250 individuals survive today in India, with no breeding range outside India (Dutta et al., 2011). The largest population of 100-150 birds is found in the state of Rajasthan (Rahmani, 2006) followed by less than 35 individuals in the states of Gujarat, Madhya Pradesh, Maharashtra and Andhra Pradesh (BirdLife International, 2015). The GIB is listed under Schedule I of the Wildlife (Protection) Act, 1972, and listed as 'Endangered' or an Appendix I species of CITES. Although just lately, some egg hatching in incubators has been successfully achieved.



As a part of the project titled "Tracking of Great Indian Bustard (Ardeotis nigriceps) and mapping its potential habitat across the Deccan Landscape, Maharashtra" funded by the Forest Department, Government of Maharashtra, we, a team of researchers from the Wildlife Institute of India (WII), Dehradun, fitted three GIBs with GPS transmitters and their movement was tracked for one year. The tracking data has helped in identifying suitable areas for GIB conservation beyond the protected area system in Maharashtra. In order to ascertain the status of GIB and its potential habitat in Maharashtra, a landscape level survey was conducted in September, 2017, in collaboration with the Maharashtra Forest Department.


The GIB is nomadic in nature and uses large areas without distinguished boundaries, and therefore, requires a robust sampling method to evaluate its status and distribution. Since the present status of the GIB is not known beyond the designated bustard areas, a probability distribution map for GIB covering an area of 55,000 sq km was developed through probability distribution modeling (Phillips et al., 2006) using locations of tagged GIBs across the landscape to survey potential GIB habitat in Maharashtra.

This survey revealed the status of GIB, Blackbuck and Chinkara in potential GIB habitat which is mostly in a human-dominated landscape of Maharashtra. A systematic survey was conducted in 372 grids of 12

#ENDANGERED



x12 km across the state. Vehicle-based species and habitat surveys were conducted from September 25-30, 2017, by 31 teams (1 researcher, 1-2 volunteers and 2-3 forest officials). Grids were surveyed along road trails of 3.03 ± 1.74 km length (single continuous or multiple broken transects) in a slow moving (10-20 km/hr) vehicle. At every 1 km interval along the transect, habitat characteristics that potentially influence species distribution were recorded. To overcome the issue of low detection owing to very low



population size and their ecology, a blind test using life-size GIB dummies was conducted to know the possibility of detection in sampling grids by the sampling team. The dummies placed in the sampling grids were put there by a separate team. The sampling team was unaware of the location of the dummy GIB.


Questionnaire surveys were conducted by opportunistically interviewing up to three residents per grid with a semi-structured questionnaire. Respondents were asked whether they knew or could identify the bird, and about reports or sightings of GIB in their vicinity. Information about the occurrence of associated species from these areas was also collected.

A total of 238 groups of Blackbuck were recorded across 2117 line transects covering a distance of 6436.6 km (mean length 3.03 ± 1.74 km) in 372 grids. Density of Blackbuck in potential GIB habitat was found to be 0.74 ± 0.11 /km2 and total population was found to be 37,690 ± 5626. Nineteen groups of Chinkara were recorded across 2117 line transects covering a distance of 6436.6 km (mean transect length 3.03 ± 1.74 km) in 372 grids. Density of Chinkara in potential GIB habitat was found to be 0.02 ± 0.01 /km2 and total population was found to be 1481 ± 577. The data was left-truncated at 20 m, so that the model was not constrained by the limited number of Chinkara observed on or close to the transect.

During the survey, no GIB was sighted. However, out of 1,401 respondents, 72 confirmed GIB presence in their area within the last 4 days to 6 months. We used this information along with locations of tagged birds in Maharashtra to identify 87 out of 372 grids as conservation priority areas for GIB. These grids constituted 11 clusters spread across 12 forest divisions of Maharashtra covering an area of 12,528 sq km dominated by kharif crops and open areas.

Out of the 30 GIB dummies placed, only 4 were detected by the respective sampling teams. The detection probability was found to be 13 per cent which is within the range of previous studies (Rahmani, 1986). Power analysis on detection probability (13 per cent) and occupancy (8.06 per cent) of dummy life-sized GIB showed that 8 replicates required in 180 grids of detecting 53 per cent change in occupancy. This would mean that, if the population of GIB ranges from 8 to 10, there is a chance of detecting one GIB with a minimum sampling effort of 8 temporal replicates for each transect considering that detection probability of dummy GIB and live GIB are the same. During the survey, no GIB was sighted, which implies that the number of GIB might be less than 8 in Maharashtra. Eleven clusters in 12 forest divisions have been identified important for GIB conservation in the state of Maharashtra. Most of these areas are dominated by kharif crops (sorghum, peanut, groundnut, seed oils), preferred by GIB as foraging grounds.

rajeshsharma1049@gmail.com



#WHEN THE WORLD FEELS HEAVY

# Here's Some Good News That Might Lift Your Spirits

Scientists now report that the ozone layer is recovering faster than expected, thanks largely to the global ban on harmful chemicals that damage it

In times when the news cycle can feel overwhelming, it's easy to believe that the world is only moving in the wrong direction. But beneath the noise, remarkable progress is happening across the globe, in science, environmental recovery, public health, and human compassion. If life has felt a little heavy lately, here are some uplifting developments from around the world that remind us progress is still very real.

### The Return of a Legendary Bird in Brazil

The blue Spix's macaw, the rare parrot species that inspired the animated film Rio, has officially returned to the wild in Brazil after being declared extinct in nature for over two decades. Through years of conservation work, breeding programs, and habitat restoration, these stunning blue birds are flying freely again, a powerful symbol that extinction can sometimes be reversed with dedication and global cooperation.

### Whales Are Returning to the Oceans

Marine scientists have reported encouraging signs across the world's oceans. Several whale populations are returning to areas where they hadn't been seen for decades. As protections, conservation efforts, and reduced hunting continue, ocean ecosystems appear to be recovering faster than expected in some regions. The comeback of these massive marine mammals is not just beautiful, it's a sign that the health of the oceans may be improving.

### Indonesia Ends Elephant Riding Tourism

In a major win for animal welfare, Indonesia has officially banned elephant riding tourism nationwide. For years, animal advocates have highlighted the cruelty often involved in training elephants for tourism activities. This new policy encourages ethical wildlife tourism that protects animals rather than exploiting them.

### The Ozone Layer Is Healing

One of humanity's greatest environmental success stories continues to unfold. Scientists now report that the ozone layer is recovering faster than expected, thanks largely to the global ban on harmful chemicals that damage it. If progress continues, the ozone layer could return to healthy levels between 2040 and 2066, protecting life on Earth from dangerous ultraviolet radiation.





### A Breakthrough in HIV Prevention

Medical researchers have developed a groundbreaking injectable drug called lenacapavir that shows near-100% effectiveness in preventing HIV infection. Even more promising, the injection only needs to be taken twice a year. This innovation could dramatically reduce new infections and save countless lives around the world.

### Hope for Alzheimer's Patients

Researchers have discovered that a vaccine originally developed to prevent shingles may also help slow the progression of Alzheimer's disease. Early findings suggest that it could provide protective effects on brain health, offering new hope to millions of patients and families facing the condition.

### A Breakthrough for Spinal Cord Injuries

In Brazil, scientists at UFRJ have developed a new experimental drug made from polylaminin that has helped paraplegic patients regain movement after spinal cord injuries. At least four patients have already shown significant improvements, marking a promising step forward in regenerative medicine.

### Costa Rica Runs Entirely on Renewable Energy

Costa Rica has achieved a remarkable milestone: generating 100% of its electricity from renewable energy sources for an entire year. Hydropower, wind, geothermal, and solar energy now power the country, demonstrating that a clean-energy future is not just possible, but already happening.

### Millions of Trees Planted in Burkina Faso

In West Africa, Burkina Faso is leading a large-scale reforestation effort, with millions of trees already planted and a goal of reaching 20 million by 2025. These efforts help restore ecosystems, prevent desertification, and improve climate resilience for communities.

### Cleaner Water in Peru


Peru is steadily improving water quality across the country while expanding access to safe drinking water. Infrastructure upgrades and environmental protections are helping ensure healthier communities and stronger ecosystems.

### Helsinki Achieves Zero Traffic Deaths

Finland's capital city, Helsinki, recorded an extraordinary milestone: zero fatal traffic accidents over an entire year. By lowering speed limits, redesigning streets, and prioritizing safer transportation systems, the city has shown that traffic deaths are preventable with smart urban planning.



## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# कोटा : अवैध हथियार सहित कोहिनूर 0007 गैंग के दो सदस्य गिरफ्तार

## बड़ी वारदात या हथियार तस्करी की फिराक में थे आरोपी, पुलिस जांच में जुटी

**कोटा,** (निसं)। बोरखेड़ा पुलिस टीम ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए कोहिनूर 0007 गैंग के दो आरोपियों को अवैध हथियारों के जखीरे सहित गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी अवैध हथियारों को मध्यप्रदेश के इंदौर से किसी व्यक्ति से लाये थे। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए दोनो आरोपियों के पास से 6 देशी पिस्टल, 2 देशी कट्टे सहित 12 जिंदा कारतूस बरामद किये हैं।

शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि दो बदमाश मध्यप्रदेश से अवैध हथियार लेकर कोटा की ओर आ रहे हैं, उक्त सूचना पर पुलिस उपअधीक्षक रूद्रप्रकाश शर्मा के सुपरविजन में बोरखेड़ा थानाधिकारी अनिल कुमार टेलर के नेतृत्व में टीम गठित की गई। शहर एसपी ने बताया कि सूचना पर बोरखेड़ा थानाधिकारी अनिल कुमार टेलर के नेतृत्व में टीम सदस्य थाने की उप निरीक्षक ज्योती मौर्य, हैड कांस्टेबल हनुमान, कांस्टेबल राधेश्याम व कांस्टेबल मनीष को शामिल कर इलाके के हाइवे पर कार्रवाई करते हुए मुखबिर की सूचना के अनुसार कार को रूकवाया और कार की तलाशी के दौरान अवैध हथियार जिसमें 6 देशी पिस्टल, 2 देशी कट्टे व 12 जिंदा कारतूस बरामद किये। पुलिस टीम ने मौके पर



बोरखेड़ा पुलिस टीम द्वारा जब्त किये गये अवैध हथियारों के जखीरे के बारे में शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम व अन्य अधिकारियों ने जानकारी दी।

- **बोरखेड़ा पुलिस टीम ने आरोपियों के कब्जे से 6 देशी पिस्टल, 2 देशी कट्टे और 12 जिंदा कारतूस आदि बरामद किये**
- **पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी अवैध हथियारों को मध्यप्रदेश के इंदौर से किसी व्यक्ति से लाये थे**

आर्म्स एक्ट में कार्रवाई करते हुए ताथेड़ निवासी रोनू उर्फ रोनक (25) एवं उम्मेदगंज निवासी लोकेश मीणा (25) को गिरफ्तार किया।

शहर एसपी ने बताया कि पूछताछ के आधार पर मामले में सामने आया कि अवैध हथियारों का जखीरा आरोपी मध्यप्रदेश के इन्दौर से लाकर कोटा शहर व कोटा ग्रामीण के बदमाशों को सप्लाई की जानी थी, लेकिन उससे पूर्व ही कोटा शहर पुलिस ने सूचना को गंभीरता से लेते हुए हथियारों को बदमाशों तक पहुंचने से पूर्व ही अवैध हथियारों सहित दोनों आरोपियों को धर दबोच लिया। दोनों आरोपी अवैध हथियारों को इन्दौर से लाना बता रहे हैं, आरोपियों ने हथियार इन्दौर में किससे खरीदे हैं, इसकी जांच की जा रही है। साथ ही मामले में जांच की जा रही है कि आरोपी कोटा शहर या ग्रामीण में कोई बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। शहर एसपी ने बताया कि कोहिनूर 0007 गैंग कोटा ग्रामीण इलाके की है। पकड़े गये आरोपियों से अनुसंधान किया जा रहा है। मामले में पकड़े गये आरोपी लोकेश मीणा पूर्व में हथियार सप्लाई के मामले में फरार चल रहा था, जिस पर 10 हजार के इनाम राशि भी घोषित की हुई थी।

शहर एसपी ने बताया कि बोरखेडा पुलिस टीम ने पूर्व में भी कोहिनुर गैग 0007 के आरोपी देशराज को एक देशी पिस्टल मय जिंदा कारतूस सहित पकड़ा था। वहीं बोरखेड़ा पुलिस टीम ने एक अन्य मामले में कोहिनूर गैंग के सदस्यों को लूट की योजना बनाते हुए टीम ने कार्रवाई करते हुए मनीष सुमन, विकास योगी, प्रदीप मीणा, रोहित मीणा व अजय मीणा को देशी कट्टा, कारतूस, दो चाकू व रस्सी का बंडल एवं मिर्ची पाउडर व महिला के कपड़ों सहित पकड़ा था। उक्त दोनों मामलों में हथियार सप्लाई करने के मामले में आरोपी लोकेश मीणा, सुरेन्द्र मीणा अन्य फरार चल रहे थे। पकड़े गये दोनों आरोपियों से अनुसंधान जारी है।

# श्रीगंगानगर में ड्रग और एनसीबी की टीमों ने पांच जगह छापे मारे

- **चार मनोरोग चिकित्सा केंद्रों और होलसेल दवा की दुकान पर एक साथ छापेमारी की**
- **टीमों की ओर से यह रिपोर्ट अभी स्थानीय एडिशनल ड्रग कंट्रोलर कार्यालय में नहीं सौंपी है**

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। ड्रग डिपार्टमेंट और एनसीबी की संयुक्त टीमों ने जिले के चार मनोरोग चिकित्सा केंद्रों और होलसेल दवा की दुकान पर एक साथ छापेमारी की। दो दिन चले इस सर्च ऑपरेशन को विराम दिया गया। टीमों की ओर से यह रिपोर्ट अभी स्थानीय एडिशनल ड्रग कंट्रोलर कार्यालय में नहीं सौंपी है। इस कारण से किस जगह पर क्या गड़बड़ी सामने आई, इस बारे में अभी तक कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

सूत्रों के अनुसार जिला मुख्यालय पर सेक्टर 17 स्थित केयर ब्रिज फार्मास्यूटिकल प्राइवेट लिमिटेड पर शनिवार सुबह सर्च शुरू किया गया। होलसेल दवा विक्रेता के यहां दवा के स्टॉक का मिलान किया गया। खरीद और विक्रय बिलों का मिलान किया गया। शॉप पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज बतौर रिकॉर्ड लिए गए हैं। इसके साथ ही ड्रग इंस्पेक्टर अमनदीपकौर ने यहां से पांच दवाओं के सैंपल भी लिए हैं। इसी तरह जिला मुख्यालय पर दो मनोरोग क्लिनिक, पदमपुर और श्रीकरणपुर में स्थित मनोरोग क्लिनिकों पर दबिश देकर वहां से रिकॉर्ड की जांच की गई। सूत्रों के अनुसार ड्रग कंट्रोलर की ओर से इस संबंध में तीन टीमें गठित की गई थी। इनमें बीकानेर, नागौर व झुंझुनूं के ड्रग कंट्रोल विभाग के अधिकारी तथा जोधपुर से नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर शामिल किए गए थे। यह टीम शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर पहुंच गई थी। इस टीम द्वारा किया गया सर्च शनिवार शाम को पूरा हुआ है। सभी जगह किए गए सर्च की रिपोर्ट नियमानुसार स्थानीय ड्रग डिपार्टमेंट में एडीसी को सौंपी जाएगी। इधर एडीसी श्रीगंगानगर ने टीम सहित 4 फरवरी को नेहरू पार्क के निकट दुर्गा मनोरोग क्लिनिक पर छापेमारी की। यहां पर किए गए सर्च में मिली खामियों के बारे में ड्रग इंस्पेक्टर की ओर से मनोरोग क्लिनिक संचालक और डॉक्टर से बिंदुवार जवाब मांगा गया है।

सूत्रों के अनुसार जयपुर मुख्यालय में किसी ने शिकायत की थी। इसमें जहां-जहां अब सर्च किया गया है, वहां मनोरोग क्लिनिकों और होलसेल ड्रग हाउस में एनडीपीएस एक्ट के प्रतिबंधित घटक तथा नशे के रूप में काम लिए जा रहे कैप्सूल/टेबलेट जो जिला मजिस्ट्रेट की ओर से प्रतिबंधित किए गए हैं, के दुरुपयोग के आरोप लगाए गए थे, इसलिए ड्रग कंट्रोल मुख्यालय से इनकी जांच के लिए जिले से बाहर के अधिकारियों की टीमें गठित की गई थी।

अशोक मित्तल, एडीसी, श्रीगंगानगर का कहना है कि इस छापेमारी को 34 दिन का समय बीत चुका, लेकिन अभी तक क्लिनिक संचालकों की ओर से विभाग को जवाब नहीं दिया है। उल्लेखनीय है कि यहां डॉ. अनुप्रीति द्वारा नशे से पीड़ितों को नशा छुड़वाने के लिए नशे की दवाएं दी जा रही हैं। शिकायत थी कि क्लिनिक में नशे के काम ली जा रही दवाओं का दुरुपयोग हो रहा है। मुख्यालय से गठित तीन टीमों ने जिले में चार मनोरोग क्लिनिक तथा एक होलसेल दवा दुकान पर जांच की है। इन टीमों द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट अभी हमारे पास आई नहीं है, इसलिए यह नहीं बता सकते कि कहां पर क्या स्थिति रही।

# दुकान में लगी आग से वृद्ध की मौत

**पाली,** (नि.सं.) पाली शहर के भैरू घाट इलाके में देर रात एक तीन मंजिला दुकान में शॉर्ट सर्किट से आग लगने से दुकान पूरी तरह से जल हो गई। दुकान में रखा जनरल स्टोर का सामान, दो-तीन फ्रिज, ऊपरी मंजिल में एसी, पलंग सहित सामान भी जल गया। रात करीब 2:30 बजे अचानक लगी आग से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी भयंकर थी कुछ ही देर में सब जल गया। वहीं उपरी मंजिल पर दुकान मालिक अपनी पत्नी बच्चों के साथ सो था। पास के कमरे में उसके पिताजी रिटायर्ड टीचर राजेंद्र शर्मा कमरे से बाहर नहीं निकल पाये और जल गए। घटना की सूचना पर दो फायर ब्रिगेड व पुलिस मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। आग बुझाते दुकानदार भी जल गया और उसके पिता राजेंद्र शर्मा की मौत हो गई, जिनका शव अस्पताल की मोर्चरी में रखा गया।

# मेहंदी फैक्टरी में खाना खाने से फूड प्वॉइज़निंग, दो दर्जन मजदूर बीमार

**पाली,** (नि.सं.)। पाली जिले में सोजत शहर की एक मेहंदी फैक्टरी में शनिवार रात खाना खाने के बाद अचानक मजदूरों की तबीयत बिगड़ने से अफरा-तफरी मच गई। घटना में करीब दो दर्जन मजदूर उल्टी-दस्त और पेट दर्द की शिकायत से बीमार हो गए, जिन्हें उपचार के लिए राजकीय अस्पताल सोजत लाया गया। अस्पताल में सभी मजदूरों का उपचार जारी है और फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फैक्टरी में काम करने वाले मजदूरों के लिए रात का भोजन कैंटीन में एक साथ तैयार किया गया था। मजदूरों ने जब खाना खाया तो कुछ ही देर बाद कई लोगों को पेट दर्द, उल्टी और घबराहट की शिकायत होने लगी। देखते ही देखते एक-एक कर कई मजदूरों की तबीयत खराब होने लगी, जिससे फैक्टरी परिसर में हड़कंप मच गया। स्थिति बिगड़ने पर फैक्टरी प्रबंधन और साथियों ने तुरंत बीमार मजदूरों को संभाला। कुछ मजदूरों को फैक्टरी में ही प्राथमिक उपचार दिया गया, जबकि अधिक तबीयत खराब होने पर करीब दो दर्जन मजदूरों को एम्बुलेंस और निजी वाहनों की मदद से राजकीय अस्पताल सोजत पहुंचाया गया। अस्पताल पहुंचने पर ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ ने तुरंत उपचार शुरू किया। डॉक्टरों के अनुसार सभी मजदूरों में फूड प्वॉइज़निंग के लक्षण पाए गए हैं। उन्हें दवाइयां देकर निगरानी में रखा गया है। राहत की बात यह रही कि समय रहते इलाज मिलने से किसी की हालत गंभीर नहीं है। घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग भी सतर्क हो गया है। प्रारंभिक तौर पर भोजन खराब होने की आशंका जताई जा रही है।

# भक्ति-शक्ति का बेहतरीन समन्वय राजस्थान में देखने को मिलता है : योगी आदित्यनाथ

**जालोर,** (कासं)। उतरप्रदेश के मुख्यमंत्री एवं गोरखपुर गौरक्ष के पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ रविवार को जालोर के सिरे मंदिर धाम के रत्नेश्वर महादेव मंदिर की 375 वी वर्षगांठ पर आयोजित यज्ञ, अखण्ड रामायण पाठ एवं धर्मसभा को लेकर सिरे मंदिर रोड स्थित आदर्श बालिका विद्यालय प्रांगण पहुंचे। वहां योगी आदित्यनाथ ने श्रीशांतिनाथ महाराज बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय आदर्श विद्या मंदिर के नवीन भवन का अवलोकन कर सभा को सम्बोधित किया। इसके बाद सिरे मंदिर धाम के लिए प्रस्थान किया। रात्रि विश्राम सिरे मंदिर धाम पर कर सोमवार को यज्ञ में आहुतियां देने के साथ धर्मसभा को सम्बोधित करेंगे।

- **उतरप्रदेश के मुख्यमंत्री एवं गोरखपुर गौरक्ष के पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ जालोर पहुंचे**

उतरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीर शांतिनाथ महाराज के शिष्य गंगानाथ महाराज के निर्देशन में नवनिर्मित विद्यालय भवन का अवलोकन कर सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि चित्तौड़ में पद्मनी के जौहार स्थल व मां कालका के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होने के साथ नाथ सम्प्रदाय की मुख्य धरा जालोर पर आने का भी अवसर मिला। उन्होंने कहा कि राजस्थान की धरा पर भक्ति व शक्ति का बेहतरीन समन्वय देखने को मिलता है। योगी आदित्यनाथ ने पीर शांतिनाथ महाराज की धरा को नमन कर कहा कि भारत ऋषि मुनियों, किसानों, वीर वीरागंनाओं के बलिदान की धरती है। यह खुशी का अवसर है कि एक शिष्य ने अपने गुरु की स्मृति में विद्यालय भवन बनाकर विद्या भारती संस्थान को समर्पित किया है, यह गर्व की बात है। विद्या भारती ने पहला विद्यालय गोरखपुर से संचालित किया था, जो मेरे लिए गर्व की बात है।

उन्होंने कहा कि एक शिक्षक समय पर पाठ्यक्रम पूर्ण करेगा तो शिक्षा को केवल सैद्धान्तिक हिस्सा व्यवहारिक हिस्सा बनेगा। सिरे मंदिर के 375वें वर्ष जालोर वासियों के लिए गौरव की विषय है। पीर शांतिनाथ महाराज का एक विराट व्यक्तित्व था, जिनकी तपोभूमि हर किसे के लिए आराध्य बनी हुई है।

कार्यक्रम को केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत, अलवर सांसद बाबा बालकनाथ महाराज ने भी सम्बोधित किया। इससे पूर्व योगी आदित्यनाथ महाराज का जालोर पहुंचने आदर्श विद्या मंदिर व भैरुनाथ अखाड़े की ओर से स्वागत किया गया। वहीं योगी प्रेमनाथ महाराज, योगी रेवतीनाथ महाराज, योगी आनंदनाथ महाराज, नाकोडा जैन ट्रस्ट के अध्यक्ष रमेश जैन, सांसद लुम्बाराम चौधरी, मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित अन्य मौजूद रहे।



जालोर में आयोजित कार्यक्रम को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सम्बोधित किया।

# डूंगरपुर के भीलूड़ा में चोरी के इरादे से घर में घुसे बदमाश, खाली हाथ भागे

- **पड़ोसियों की सतर्कता के कारण एक बड़ी वारदात टल गई और चोर खाली हाथ भाग गये**
- **घर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर कुछ संदिग्ध नजर आए, हालांकि उनके चेहरे स्पष्ट नहीं दिख रहे हैं**

**डूंगरपुर,** (निसं)। सागवाड़ा थाना क्षेत्र के भीलूड़ा गांव में शनिवार रात चोरी का एक प्रयास विफल हो गया। अज्ञात बदमाश घर में घुसकर तोड़फोड़ कर रहे थे, लेकिन पड़ोसियों की सतर्कता के कारण एक बड़ी वारदात टल गई और चोर खाली हाथ भाग गये।

पीड़ित चंद्रप्रकाश शाह ने बताया कि घटना के समय वे अपनी दुकान पर थे, जबकि परिवार के अन्य सदस्य मंदिर दर्शन के लिए गए हुए थे। घर खाली होने का फायदा उठाकर दो से तीन अज्ञात बदमाश घर के पिछले हिस्से की जाली और खिड़की का शीशा तोड़कर अंदर घुस गए। घर में घुसने के बाद बदमाशों ने सामान बिखेर दिया और चोरी करने की कोशिश की। इसी दौरान घर में हुई हलचल पर पड़ोसियों को शक हुआ। पड़ोसियों ने जैसे ही घर की लाइट जलाई, बदमाश घबरा गए और दीवार कूदकर मौके से फरार हो गए। इस घटना में घर की जाली और खिड़की का शीशा टूट गया। हालांकि, समय रहते शोर मचने के कारण चोर नकदी या जेवरात चुराने में कामयाब नहीं हो पाए। घर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर कुछ संदिग्ध नजर आए हैं, हालांकि उनके चेहरे स्पष्ट नहीं दिख रहे हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि क्षेत्र में कोई सक्रिय गिरोह ऐसी वारदातों को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी लेते हुए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

# विद्यालयों का निरीक्षण किया

**बीकानेर,** (निसं)। शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा कार्यालय तथा विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सीधी भर्ती-2024 के तहत चल रही दस्तावेज सत्यापन और पात्रता जांच प्रक्रिया का अवलोकन किया। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भर्ती प्रक्रिया के तहत दस्तावेजों के सत्यापन का कार्य 11 मार्च से 11 अप्रैल तक किया जा रहा है। शिक्षा निदेशक ने महारानी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय समान परीक्षा एवं दक्षता आधारित परीक्षण का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा संचालन में उदासीनता और लापरवाही सामने आने पर संबंधित संस्था प्रधान और एक व्याख्याता के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

# महंगाई और गैस सिलेंडर कमी पर कांग्रेस का प्रदर्शन

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। रसोई गैस सिलेंडरों की कमी और खाद्य पदार्थों की बढ़ती महंगाई के विरोध में रविवार को गंगापुर सिटी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर एवं देहात के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर कांग्रेस कार्यालय, देवी स्टोर चौराहा से एक पैदल मार्च निकाला। यह मार्च उपखंड अधिकारी कार्यालय तक पहुंचा, जहां कार्यकर्ताओं ने धरना देकर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए गंगापुर सिटी विधायक एवं उपनेता प्रतिपक्ष रामकेश मीना ने केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण आम जनता महंगाई से त्रस्त है। रसोई गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता न होने से लोगों को घंटों लाइन में लगना पड़ रहा है, फिर भी कई बार सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं। मीना ने आरोप लगाया कि पहले मुफ्त गैस सिलेंडर देने के दावे किए गए थे, लेकिन अब लोगों को समय पर गैस भी उपलब्ध नहीं हो रही है। इस दौरान पीसीसी सदस्य अब्दुल वहाब ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों से आम जनता ठगा हुआ महसूस कर रही है। वहीं, पीसीसी सदस्य मुकेश शर्मा ने लगातार बढ़ती महंगाई, डीजल-पेट्रोल और गैस सिलेंडरों के दामों में बढ़ोतरी से आम लोगों पर पड़ रहे अतिरिक्त आर्थिक बोझ पर चिंता जताई। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष नवीन खान और छोटेलाल व्यास ने की।

# चलने-फिरने में असमर्थ नितीश यादव ने यूपीएससी में इतिहास रचा

## नितीश कुमार यादव ने 847वीं रैंक हासिल कर हौसले की मिसाल पेश की

**पाटन,** (निसं)। कठिन परिस्थितियों में भी यदि हौसला और आत्मविश्वास मजबूत हो तो कोई भी मंजिल दूर नहीं रहती। इसका जीवंत उदाहरण अहीरवाल क्षेत्र के नांगल चौधरी के गांव खटौटी कला के नितीश कुमार यादव ने पेश किया है। उन्होंने संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में 847वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। नितीश कुमार यादव गांव खटौटी कला के पूर्व सरपंच श्रद्धानंद यादव और केला देवी के सुपुत्र हैं।

- **महज तीन फीट कद और लगभग 21 किलो वजन के नितीश बचपन से ही गंभीर बीमारी और असहनीय दर्द से जूझते रहे हैं**

महज तीन फुट कद और लगभग 21 किलो वजन के नितीश बचपन से ही गंभीर बीमारी और असहनीय दर्द से जूझते रहे। डॉक्टरों ने परिवार को यहां तक कह दिया था कि नितीश को पूरी जिंदगी दवाइयों के सहारे ही गुजारनी पड़ेगी। बीमारी के कारण वे 12-13 वर्ष की उम्र तक स्कूल भी नहीं जा सके। इसी दौरान गांव के लोगों ने परिवार को सजाड़ा धाम स्थित बाबा त्रिलोक भारती महाराज के शिव मंदिर में जाने की सलाह दी। वहां जाने के बाद नितीश के जीवन में नया आत्मविश्वास जागा और धीरे-धीरे उनका दर्द कम होने लगा। इसके बाद उन्होंने पढ़ाई की शुरुआत की। पढ़ाई के प्रति नितीश की लगन इतनी थी कि उनकी मां उन्हें गोद में उठाकर स्कूल तक लेकर जाती थी। आर्थिक रूप से साधारण परिवार और शारीरिक कठिनाइयों के बावजूद नितीश ने कभी हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने लगातार संघर्ष करते हुए संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में पांच प्रयास किए और आखिरकार 847वीं रैंक हासिल कर अपनी मेहनत और जज्बे का लोहा मनवा दिया। नितीश की सफलता यह साबित करती है कि मजबूत हौसला, विश्वास और निरंतर प्रयास से कोई भी व्यक्ति कठिन से कठिन बाधाओं को पार कर अपने लक्ष्य तक पहुंच सकता है। उनकी इस प्रेरणादायक उपलब्धि पर पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है और उन्हें लगातार बधाइयां मिल रही हैं। नितीश का ननिहाल रामसिंहपुरा में है। रविवार को जब वे अपने ननिहाल पहुंचे तो ननिहाल पक्ष के लोगों ने उन्हें घोड़ी पर बैठाकर डीजे के साथ भव्य जुलूस निकाला। इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्रिंसिपल दात्ताराम यादव, पंचायत समिति सदस्य रामस्वरूप यादव, अलीपुर के पूर्व सरपंच अमर सिंह यादव, कृष्ण यादव (शिमला नेवी) सहित कई लोगों ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में नितीश की माता केला देवी, ताई सुरेश यादव, पिता श्रद्धानंद यादव, ताऊ हीरानंद यादव, भाजपा नेता प्रमोद सिंह बाजौर, अमित यादव सह संयोजक भाजपा, पूरण मल यादव, नरेंद्र यादव, कैलाश यादव छाजा की नांगल, हवलदार कैलाश यादव (रामसिंहपुरा), महावीर यादव (मिंडाला की ढाणी), पूर्व सरपंच सतपाल यादव, भूप सिंह, सरपंच प्रतिनिधि रामसिंह जागीरदार, हवा सिंह यादव (बल्लुपुरा), रोहिताश यादव सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में ग्रामीणों ने नितीश कुमार यादव का सम्मान किया।

# डकैती के मामले में फरार आरोपी उदयपुर से गिरफ्तार

## पकड़ा गया आरोपी महेश पैरोल पर बाहर आया और कोटा में 36 लाख की डकैती की घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो गया था

- **पुलिस टीम ने पूर्व में कार्रवाई करते हुए चार आरोपी संजीव उर्फ शेरा, अमित भाई, राहुल गुप्ता उर्फ नकटां एवं कमलजीत उर्फ तोती को गिरफ्तार कर सभी आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया था**

**कोटा,** (निसं)। गुमानपुरा पुलिस टीम ने वर्ष 2024 में डकैती के मामले में फरार चल रहे 25 हजार के इनामी आरोपी को उदयपुर से गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी महेश एनडीपीएस प्रकरण में साबरमती कारागृह गुजरात में न्यायिक अभिरक्षा से पैरोल पर फरार चल रहा था, जिस पर गुजरात पुलिस ने भी 5 हजार की इनाम राशि घोषित कर रखी है।

शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि 25 नवम्बर 2024 को अज्ञात बदमाशों ने गुमानपुरा इलाके के टीचर्स कॉलोनी में डकैती कर 36 लाख नकद लूटने की वारदात की थी। शहर एसपी ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने पूर्व में कार्रवाई करते हुए चार आरोपी संजीव उर्फ शेरा को 23 दिसम्बर 2024, आरोपी अमित भाई को 4 जनवरी 2025, आरोपी राहुल गुप्ता उर्फ नकटां एवं कमलजीत उर्फ तोती को 11 फरवरी 2025 को गिरफ्तार किया, सभी आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया गया। मामले में आरोपी महेश घटना के बाद से फरार हो गया था, जिसकी गिरफ्तारी को लेकर कई बार दबिश दी गई।

वांछित आरोपी पर 25 हजार का इनाम राशि भी घोषित की गई। शहर एसपी ने बताया कि वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर चलाये जा रहे अभियान के तहत गुमानपुरा थानाधिकारी महेश कुमार के नेतृत्व में कार्यालय साइबर सेल की संयुक्त टीम का गठन किया गया, गठित टीम ने सूचना पर कार्रवाई करते हुए वर्ष 2024 की डकैती की वारदात में फरार चल रहे आरोपी जिला डूंगरपुर के बासोट निवासी महेश को उदयपुर से गिरफ्तार किया। शहर एसपी ने बताया कि मामले में सामने आया कि पकड़ा गया आरोपी महेश एनडीपीएस के प्रकरण में साबरमती कारागृह गुजरात में न्यायिक अभिरक्षा से पैरोल पर आया और गुमानपुरा टीचर्स कॉलोनी में 36 लाख की डकैती की घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो गया था, जिसे पुलिस टीम ने पकड़ा।

शहर एसपी ने बताया कि 25 नवम्बर 2024 को फरियादी विशाल भाई ने गुमानपुरा थाने में रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में कहा था कि अपने कमरे पर था, उसी समय तीन व्यक्ति आये थे जिसमें से दो जनो ने पुलिस की वर्दी पहनी हुई थी और एक सिविल में था।

शहर एसपी ने बताया कि रिपोर्ट में कहा था कि उन लोगों ने ड्रग्स बेचने का आरोप लगाते हुए कमरे की तलाशी ली और कमरे में रखा एक बैग जिसमें 36 लाख रूपये थे। रिपोर्ट में कहा कि उन लोगों ने उसको व रूपयों से भरा बैग लेकर बाहर आये, जहां एक ओर जना कार के पास खड़ा था। उन लोगों ने जबरन उसे कार में बैठा लिया और रावतभाटा रोड़ पर उसको कार से उतारकर 36 लाख रूपयों से भरा बैग लेकर फरार हो गये। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए पूर्व में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भिजवा दिया एवं फरार आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया।

## संक्षिप्त

### एक दिवसीय शिविर आयोजित

**कोटपूतली।** कस्बे के डाबला रोड़ स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की तीनों ईकाईयों का एक दिवसीय शिविर रविवार को महाविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. आर.पी. गुर्जर ने किया। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुये कहा कि युवा पीढ़ी को अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के साथ-साथ राष्ट्र और समाज के विकास में भी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिये। उन्होंने संतुलित व्यक्तित्व निर्माण, सामाजिक उत्तरदायित्व और सेवा भाव के महत्व पर विशेष जोर दिया। शिविर के दौरान छात्राओं ने स्वच्छता अभियान चलाकर महाविद्यालय परिसर में साफ-सफाई की तथा नशा मुक्ति का संकल्प लिया। इस दौरान स्थानीय नशा मुक्ति केंद्र के सहयोग से नशा मुक्ति से संबंधित जागरूकता सामग्री भी वितरित की गई। कार्यक्रम में छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई और समाज को नशे से मुक्त बनाने के लिये जागरूकता फैलाने का संदेश दिया गया।

### गणेश्वर महादेव मंदिर में भजन संकीर्तन

**निवाई।** गणेश नगर कॉलोनी में श्री गणेश्वर महादेव मंदिर परिसर में महिला मंडल के तत्वाधान में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। भगवान की झांकी सजाकर जोत जलाकर भगवान के भोग लगाए गया। महिलाओं द्वारा भजन संकीर्तन किया गया। इस दौरान गणेश नगर में पधारो गणेश्वर महादेव एवं मीठे रस से भरोरी राधा रानी लागे महान जमुना जीरो पानी खारो खारो लागे सहित कई भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। जिन पर महिलाओं ने जमकर भक्तिनृत्य किया। इस अवसर पर कांता जांगिड़, अजंता गुर्जर रजवास, ममता शर्मा, उगन्ता शर्मा, हेमा गुर्जर, शांति बारेठ, नाथी शर्मा, राधा देवी शर्मा, शांति गुर्जर, सुमन गुर्जर, गोरधनी शर्मा, धोली गुर्जर, रतनी जाट सहित महिला मंडल की कई महिलाओं ने भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। संकीर्तन के बाद और महाप्रसादी का वितरण किया गया।

### मॉडल स्कूल में प्रवेश की अंतिम तिथि आज

**निवाई।** राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल निवाई में सत्र 2026-27 में कक्षा 1 से 9 में रिक्त सीटों प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिसकी अंतिम तिथि 16 मार्च है। प्रधानाचार्य कुंभाराम चौधरी ने बताया कि कक्षा 1 से 9 में इच्छुक आवेदक प्रवेश हेतु आवेदन पत्र 16 मार्च तक विद्यालय समय में प्रवेश प्रभारी हनुमान प्रसाद गुर्जर, रमेशचंद मीणा व राजवीर चौधरी से संपर्क करके निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन पत्र 16 मार्च तक विद्यालय में जमा करवाया सकते है। उन्होंने बताया कि 16 मार्च के पश्चात कोई आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होगा। कक्षा 1 से 8 के लिए 23 मार्च को चयनित आवेदकों की सूची जारी की जाएगी। 25 मार्च से 30 मार्च तक चयनित आवेदकों से प्रवेश फॉर्म भरवाए जाएंगे और कक्षा 9 के लिए 18 मार्च को प्रवेश परीक्षा होगी।

### 'विकसित राजस्थान रन' का आयोजन

**टोंक।** राजस्थान दिवस समारोह के अंतर्गत जिला मुख्यालय पर जिला स्तरीय 'विकसित राजस्थान रन' का आयोजन किया गया। रन डॉ.भीमराव आंबेडकर जिला खेल स्टेडियम से प्रारंभ हुई, इसमें बड़ी संख्या में अधिकारी, विद्यार्थी, खिलाड़ी, पुलिस के जवान, युवा तथा आमजन ने भाग लेकर स्वस्थ जीवन एवं विकसित राजस्थान का संदेश दिया। दौड़ की शुरुआत मुख्य कार्यकारी अधिकारी परशुराम धानका एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर रामरतन सौकरिया ने हरी झंडी दिखाकर की।

नम्बर मिलाइए
9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की



नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने बानसूर और अलवर ग्रामीण विधानसभा के उमरैण में एलपीजी गैस सिलेंडर अनुपलब्धता के विरोध प्रदर्शन में भाग लिया।

■ प्रदर्शन के दौरान केंद्र सरकार पर आम आदमी की जेब पर डाका डालने का आरोप लगाया

**अलवर/जयपुर।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली में कहा कि केंद्र और राज्य सरकार केवल अपनी मनमानी कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र के इशारे पर चलने वाली राजस्थान की सरकार कठपुतली का काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि केंद्र हो या राज्य सरकार दोनों को ही प्रजा से मतलब नहीं है वह केवल अपनी तिजोरी भरने में लगे हुए हैं

जूली रविवार को बानसूर और अलवर ग्रामीण विधानसभा के उमरैण में एलपीजी गैस सिलेंडर अनुपलब्धता के विरोध में विधानसभा स्तर पर आयोजित प्रदर्शन में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे।

इस दौरान केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए आक्रोश व्यक्त किया । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला भी दहन किया।उन्होंने कहा कि आज मध्यम और गरीब वर्ग के लिए रसोई चलाना दूभर हो गया है।

कुप्रबंधन से हुई मौत पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सरकार को घेरते हुए कहा कि सरकार अविलंब गैस के दामों में कटौती करे और आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए ताकि आमजन को राहत मिल सके।

जूली ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के उस दावे पर सवाल उठाए हैं, जिसमें उन्होंने हाल ही में हालात सामान्य होने की बात कही थी। जूली ने तीखे तेवर दिखाते हुए कहा कि अगर हालात ठीक हैं, तो आखिर लोग गैस सिलेंडरों के लिए लंबी कतारों में क्यों खड़े हैं?

जूली ने कहा कि ये कहते हैं डबल इंजन की सरकार है, तो दिखे तो सही कि डबल इंजन कहां है? इस संकट की घड़ी में जनता के लिए कुछ कीजिए।

उन्होंने कहा कि गैस नहीं मिली तो किसान बर्बाद हो जाएगा।

जूली ने कहा कि एक ओर घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में 60 रुपये की वृद्धि कर आम आदमी की कमर तोड दी गई है, वहीं दूसरी ओर कमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति बाधित हो रही है। इस कुप्रबंधन के कारण प्रदेश भर में गैस की कालाबाज़ारी बढ़ती जा रही है, लेकिन सरकार स्थिति को संभालने के बजाय हाथ पर हाथ धरे बैठी है।

केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया। प्रदर्शन के दौरान केंद्र सरकार पर आम आदमी की जेब पर डाका डालने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आज मध्यम और गरीब वर्ग के लिए रसोई चलाना दूभर हो गया है।

कुप्रबंधन से हुई मौत पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सरकार को घेरते हुए कहा कि सरकार अविलंब गैस के दामों में कटौती करे और आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए ताकि आमजन को राहत मिल सके। जूली ने लोक देवता महाराज भर्तृहरि के धाम पर लगाई धोक,लिया आशीर्वाद जनता की खुशहाली की कामना की।

## बैठक का आयोजन

**कोटपूतली।** कस्बे के सुन्दरपुरा रोड़ स्थित राजा दक्ष प्रजापति छात्रावास सभागार में रविवार को अध्यक्ष बस्तीराम ठेकेदार की अध्यक्षता में छात्रावास कार्य समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अध्यक्ष मय पदाधिकारियों व सदस्यों ने भाग लिया। जिसमें छात्रावास कोषाध्यक्ष महेश प्रजापति ने छात्रावास के आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। साथ ही छात्रावास के विकास एवं संरक्षण को लेकर चर्चा की गई। जिसमें छात्रावास में निर्माणाधीन लाईब्रेरी को जल्द अंतिम रूप देने, छात्रावास के दोनों मंजिल के चारों तरफ रेलिंग व भवन के मरम्मत कार्य करवाने आदि का निर्णय लिया गया। इस मौके पर संरक्षक बी एल बासनीवाल, सह कोषाध्यक्ष कैलाश गोपालपुरा, पूर्व अध्यक्ष मामचंद ठेकेदार, व. उपाध्यक्ष धर्मपाल मंत्री, कैलाश गोनेडा, प्रभुदयाल बनेठी, उपाध्यक्ष सुभाष चन्द प्रधानाचार्य, बद्रीप्रसाद पाथरेड़ी, राधेश्याम सांई, सचिव कमलेश प्रजापति, सहसचिव यादराम गोनेडा, हरिद्वारी बासनीवाल, पूर्व सचिव गंगाराम, रामौतार पूतली, श्योराज गोनेड़ा, रामनिवास शेखुपुर, चन्द्रभान शेखपुर, गिरिराज केशवाना, रतनलाल, सांवतराम कुजोता समेत समाज के अनेक लोग मौजूद रहें।

# 'विकास कार्यों के दौरान आमजन को आवागमन में नहीं हो परेशानी'

■ जिला कलक्टर ने किया शहर के विकास कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण

**भरतपुर।** जिला कलक्टर कमर चौधरी ने रविवार को बीडीए व नगर निगम एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ शहर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में अनावश्यक देरी एवं आमजन को आवागमन में हो रही असुविधा को ध्यान में रखते हुये सभी विभाग समयबद्धता से कार्य करायें।

जिला कलक्टर ने कुम्हेर गेट से लेकर गोलपुरा बाईपास, स्टेशन रोड, सूरजपोल, जघीनागेट तथा बिजलीघर तक विभिन्न विकास कार्यों का गहनता से निरीक्षण कर प्रगति की जानकारी ली तथा आवश्यक सुविधाओं को शिफ्ट करने में देरी पर नाराजगी व्यक्त करते हुये शीघ्रता से कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने कुम्हेर गेट पर सीवरेज, पेयजल लाईन एवं विद्युत लाईनों के शिफ्टिंग कार्य शीघ्रता से कर स्लबकास्ट अगले रविवार तक पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने तोप सर्किल तक दोनों तरफ नाला निर्माण एवं बिजली-पानी तथा टेलीफोन लाईनों को भूमिगत करने के कार्य को एकसाथ पूरा करने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि मार्ग पर कार्य चलते समय आम लोगों के लिये वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था की जाये। उन्होंने आमजन को भी आगामी एक माह तक एक तरफा यातायात की व्यवस्था के कारण अन्य वैकल्पिक मार्गों से बाईपास जाने का आव्हान किया। उन्होंने अन्य कार्यों को गति देने के लिये सडकों के दोनों ओर अस्थाई थडी-ठेलों को हटाकर वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने हीरादास से काली बगीची पर चल रहे फ्लाई ओवर निर्माण कार्य को निर्धारित गति से आगे बढाते हुये वैकल्पिक मार्गों पर धूल नहीं उडे उसके लिये डामर की लेयर करने तथा दिन में नियमित रूप से पानी छिडकाव करने के निर्देश दिये।

जिला कलक्टर ने शहर में चल रहे सभी निर्माण कार्यों में आमजन को वैकल्पिक मार्ग तैयार के लिये जघीना गेट, केतन गेट , गोवर्धन गेट , चांदपोल गेट, कुम्हेरगेट एवं नीमदा गेट के पास वैकल्पिक मार्ग पर डामर कराने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने हीरादास से गोलपुरा तक सडक चौडाईकरण कार्य का निरीक्षण कर मास्टर प्लान के अनुसार 80 फीट चौडाई के अनुसार नाला निर्माण एवं डिवाईडर युक्त सडक में बाधित अतिक्रमणों को चिन्हित कर नोटिस देने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि नाला निर्माण गुणवत्ता के साथ करायें जाये जिससे बरसात के दिनों में जलभराव की समस्या पैदा नहीं हो सके। उन्होंने कुम्हेर गेट सब्जी मंडी के सामने नाला निर्माण के कार्य को शीघ्रता से कराने, स्टेशन रोड पर विद्युत लाईनों को भूमिगत करने के बाद पोल हटाने के निर्देश दिये।

## निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**फुलेरा।** सेवा भारती समिति फुलेरा (जयपुर प्रांत) के तत्वावधान में रविवार को स्थानीय आदर्श विद्या मंदिर, फुलेरा में तरुण भारत रक्तदान शिविर एवं निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का भव्य आयोजन किया गया। नर सेवा को नारायण सेवा मानते हुए आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं व प्रबुद्ध नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में कुल 51 यूनिट रक्तदान किया गया। शिविर में विभिन्न चिकित्सा पद्धितयों के विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएं दीं। सेवा संकल्प फिजियोथेरेपी हॉस्पिटल फुलेरा के डॉ. अमित दुलानी ने मरीजों की जांच कर फिजियोथेरेपी संबंधी परामर्श दिया, जबकि प्रसिद्ध चिकित्सक मूलचंद जांगिड़ ने एक्यूप्रेशर पद्धित से उपचार प्रदान किया। वहीं आदिनाथ मेडिकल स्टोर, फुलेरा के सहयोग से आगंतुकों के लिए ब्लड शुगर व ब्लड प्रेशर की निशुल्क जांच की व्यवस्था भी की गई।मुख्य वक्ता प्रांत गौ संवर्धन कार्य प्रमुख मोहन सिंह ने अपने संबोधन में तरुण जी के प्रेरक जीवन पर प्रकाश डालते हुए 'रक्तदान महादान' की महत्ता बताई।

# रामनवमी पर होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर पोस्टर का विमोचन



चौमूं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने पोस्टर का विमोचन किया ।

**चौमूं / कालाडेरा।** चौमूं शहर में माली समाज विकास समिति के तत्वावधान में आगामी 26 मार्च को रामनवमी के अबूझ सावे पर आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में चौमूं के पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने सम्मेलन के पोस्टर का विधिवत विमोचन किया। इस मौके पर पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन समाज में एकता और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का बड़ा माध्यम है।

उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से विवाह जैसे मांगलिक कार्यों में होने वाले फिजूल खर्चों पर अंकुश लगता है और समाज के जरूरतमंद परिवारों को भी राहत मिलती है। रामलाल शर्मा ने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन समाज को एक सकारात्मक संदेश देता है और युवाओं को सादगी से विवाह करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने माली समाज विकास समिति के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन सामाजिक सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर माली समाज विकास समिति के अध्यक्ष हीरालाल सैनी ने बताया कि समिति की ओर से इस वर्ष 19वां सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन को लेकर समाज के लोगों में उत्साह का माहौल है और कार्यक्रम की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। उन्होंने बताया कि अब तक सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए 27 जोड़ों का पंजीकरण किया जा चुका है।

# बेस्ट महिला पुलिस कांस्टेबल पुष्पा सैनी का सम्मान

**किशनगढ़ बास।** पुलिस थाना किशनगढ़ बास में पदस्थापित महिला कांस्टेबल पुष्पा सैनी को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बेस्ट महिला कांस्टेबल के सम्मान से राज्यस्तर पर डीजीपी पुलिस व महिला आयोग की अध्यक्ष द्वारा सम्मानित किए जाने पर रविवार को सैनी समाज की ओर से किशनगढ़ बास के बंबोरा गांव में सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें अनेक गांवों से समाज के लोग शामिल हुए और कांस्टेबल पुष्पा सैनी का सम्मान किया।

इस अवसर पर कांस्टेबल पुष्पा सैनी के साथ किशनगढ़ बास थाना प्रभारी बनवारी लाल मीणा ,एसआई राजकुमार, देवेंद्र, निहाल, महिला कॉन्स्टेबल पूनम,ममता का भी समाज की तरफ से स्मृति चिह्न एवं पुष्प माला देकर सम्मान किया गया।इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि पुष्पा सैनी की उपलब्धि समाज के लिए प्रेरणादायक है और इससे बेटियों को आगे बढ़ने का संदेश मिलता है।

कार्यक्रम के दौरान सैनी समाज बंबोरा के अध्यक्ष रामफल सैनी, खैरथल जिला सैनी समाज संरक्षक मोहनलाल सैनी, सैनी समाज गंज के अध्यक्ष एडवोकेट मुकेश सैनी,सैनी समाज गंज के कोषाध्यक्ष अनिल सैनी,सचिव मुकेश सैनी, उपाध्यक्ष हिमेश सैनी, सैनी समाज बारह गांव के अध्यक्ष अशोक सैनी,फौजी रामसिंह सैनी, बिशम्बर दयाल,जयसिंह, पन्ना लाल, भवानी सैनी, महावीर सैनी, लालमन सैनी, उपसरपंच मंगल सैनी, शिवलाल सैनी, धन्ना सैनी, हेतराम, लिछमण सैनी, बबलू, पप्पूराम, फूलसिंह सैनी, प्रदीप, हेमू सहित मातृ शक्ति ऊषा सैनी, पूनम, उमा, गुड्डी,अंजू, सरिता, संतरा, भगवती, कमलेश ,शीला,मूर्ति देवी आदि ने समाज की बेटी पुष्पा सैनी का शाल ओढ़ाकर सम्मान किया।

# 'रन फॉर विकसित राजस्थान' से विकसित व स्वच्छ राजस्थान का दिया संदेश


'विकसित राजस्थान रन' के तहत स्वच्छता की शपथ दिलाई।

■ रंगोली, स्वच्छता स्टॉल तथा स्वच्छता सेल्फी बूथ आकर्षण के केंद्र रहें


**अलवर।** राजस्थान दिवस समारोह-2026 के अंतर्गत रविवार को कम्पनी बाग स्थित शहीद स्मारक से 'विकसित राजस्थान रन' को हरी झंडी दिखाकर उपखण्ड अधिकारी माधव भारद्वाज, यूआईटी के उप सचिव जीतेन्द्र सिंह नरुका, नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरुका नेहरू युवा केंद्र के डीवाईओ पंकज यादव ने रवाना किया। दौड़ नंगली सर्किल, एसएमडी सर्किल, मोती डूंगरी होती हुई प्रताप ऑडिटोरियम पर जाकर सम्पन्न हुई। इस दौरान स्वच्छता की शपथ दिलाई।

नगर निगम अलवर द्वारा राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में शहर में संचालित मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्रों के लिए आम नागरिकों से अनुपयोगी सामग्री एकत्र कर उन्हें इन केंद्रों में उपयोगी सामग्री बनाकर जरूरतमंद लोगों को वितरित करने के लिए तीन आरआरआर वाहिनियों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। नगर निगम आयुक्त ने नागरिकों से अपील की है कि ऐसी अनुप्रयोग की सामग्री जिनको पुनः उपयोगी सामग्री में बदला जा सके, उन्हें इन वाहिनियों को भेंट करें ताकि मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्र के माध्यम से उपयोगी सामग्री के रूप में बदलकर जरूरतमंदों को उपलब्ध कराई जा सके।

रन फॉर विकसित राजस्थान' कार्यक्रम के शुभारम्भ स्थल शहीद स्मारक पर नगर निगम के द्वारा विकसित व स्वच्छ राजस्थान थीम पर आधारित गतिविधियां आकर्षण का केंद्र रही। जिसमें में मुख्य रूप से आकर्षण का केंद्र गीला व सूखा कचरा पृथक्करण करने का संदेश देने का डेमो रहा जिसमें गीला व सूखा कचरे का कॉस्ट्यूम पहने हुए निगम के कार्मिकों ने प्रस्तुति दी। इसी प्रकार आकर्षक रंगोली, स्वच्छता स्टॉल तथा स्वच्छता सेल्फी बूथ आकर्षण के केंद्र रहें।

## सार-समाचार

### गैस सिलेंडर के लिए गैस एजेंसी के बाहर लगी लाइन



**राजगढ़ ।** कस्बे के रेलवे स्टेशन के समीप हिंदुस्तान पैट्रोलियम एलपीजी गैस एजेंसी पर रविवार को उपभोक्ताओं की भा री लाइन लगी रही। सिलेंडर की गाड़ी नहीं आने पर लोगों ने सड़क पर सिलेंडर रखकर प्रदर्शन किया एवं रोष व्यक्त किया। प्रदर्शन की सूचना पर थाना पुलिस एवं प्रवर्तन निरीक्षक मौके पर पहुंचे। उपभोक्ताओं को समझाइश कर मामला शांत कराया । प्रवर्तन निरीक्षक अशोक शर्मा की मौजूदगी में सिलेंडर का वितरण किया गया। विदित रहे कि राजगढ़ कस्बे के रेलवे स्टेशन के समीप जैफ गैस एजेंसी पर रविवार का अवकाश होने की वजह से उपभोक्ताओं ने सुबह से ही लाइन लगा ली। इधर गैस एजेंसी मालिक की ओर से अवकाश की सूचना सार्वजनिक नहीं करने के कारण गड़बड़ हुई। गैस एजेंसी के कर्मचारी अवकाश की वजह से नहीं आये। इधर उपभोक्ताओं की लाइन देखकर प्रवर्तन निरीक्षक अशोक शर्मा ने गैस एजेंसी मलिक को फोन कर वितरण व्यवस्था को सुनिश्चित करने को कहा। इसके बाद सिलेंडर की गाड़ी एवं कर्मचारी वितरण स्थल पर पहुंचे एवं प्रवर्तन निरीक्षक की मौजूदगी में गैस सिलेंडर का वितरण शुरू हुआ। 48 घंटे की बुकिंग वालों को वितरण में प्राथमिकता दी गई, मगर एक दिन पूर्व एवं तत्काल बुकिंग करने वाले उपभोक्ताओं के आ जाने से समस्या का सामना करना पड़ा।

### किसान संघ की बैठक सम्पन्न

**टोंक।** भारतीय किसान संघ जिला टोंक की मासिक बैठक रविवार को कृषि उपज मंडी समिति के बैठक हॉल में जिला अध्यक्ष रमेश चंद जाट की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संभाग अध्यक्ष पोखरलाल जाट विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे तथा जिला महामंत्री विनय सिंह ताखर के सानिध्य में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। बैठक की शुरुआत संघ का ध्वज फहराकर तथा भारत माता, भगवान बलराम और दत्तोपंत ठेंगड़ी के चित्रों पर माल्यार्पण कर की गई। बैठक में उपस्थित किसानों ने वर्तमान रबी सीजन में सरसों और गेहूं की पैदावार बहुत कम होने पर गहरी चिंता व्यक्त की। किसानों ने कहा कि उत्पादन कम होने से खेती की लागत भी पूरी नहीं हो पा रही है, इसलिए सरकार से प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की जाएगी। बैठक में कार्यकारिणी द्वारा मंडी से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा की गई। किसानों ने मांग की कि मंडी में तुलाई के समय 300 ग्राम का कांटा बंद किया जाए, जिससे किसानों को अनावश्यक नुकसान से बचाया जा सके। इसके अलावा सरसों के भाव तेल के प्रतिशत के अनुपात में किसानों को लगभग 600 रूपये प्रति क्विंटल कम मूल्य मिलने से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है, जिसकी भरपाई करने की मांग भी बैठक में रखी गई।

### महंगाई के खिलाफ लालसोट में सेवादल का उग्र प्रदर्शन

**लालसोट।** नगर कांग्रेस सेवादल के तत्वावधान में रविवार को संस्कृत महाविद्यालय परिसर में नवनियुक्त कार्यकारिणी का जोरदार स्वागत किया गया। स्नेह मिलन समारोह में कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत करने और जनता के हक की लड़ाई सड़क पर लड़ने का संकल्प लिया। नगर अध्यक्ष निरंजन जोशी के नेतृत्व में आयोजित बैठक में पीसीसी सदस्य कमल मीणा मुख्य अतिथि रहे, जबकि अध्यक्षता सेवादल जिला अध्यक्ष गजानंद मधुकर ने की। कार्यक्रम में पूर्व पालिका अध्यक्ष दिनेश मिश्र, दीपक पुरोहित, रामनारायण सैनी, ललित बागोरिया, चंद्रशेखर जांगिड़ सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता मौजूद रहे। बैठक के बाद कार्यकर्ताओं का गुस्सा बढ़ती महंगाई और रसोई गैस सिलेंडर के दामों को लेकर फूट पड़ा। सेवादल कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया और सरकार की नीतियों को जनविरोधी बताया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि महंगाई ने आम आदमी की रसोई पर सीधा हमला किया है, लेकिन सरकार जनता की पीड़ा सुनने के बजाय चुप बैठी है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द राहत नहीं मिली तो सेवादल पूरे क्षेत्र में उग्र जन आंदोलन खड़ा करेगा। इस दौरान अमित शर्मा, छोटू भाई जोशी सहित अन्य कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

### किसान सम्मेलन व सहकार सुपर बाजार का उद्घाटन 19 को

**पावटा।** ग्राम सेवा सहकारी समिति प्रागपुरा की ओर से 19 मार्च गुरुवार को प्रातः 10 बजे किसान सम्मेलन एवं सहकार सुपर बाजार (मार्ट) के लोकार्पण व शिलान्यास का भव्य आयोजन किया जाएगा। ग्राम सेवा सहकारी समिति प्रागपुरा चेयरमैन उपेंद्र सिंह शेखावत ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ पूज्य श्री श्री 1008 श्री मंगलदास जी महाराज के करकमलों द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान सरकार के सहकारिता मंत्री गौतम दक उपस्थित रहेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विराटनगर विधायक कुलदीप धनखड़ करेंगे।बइस अवसर पर कई प्रमुख अतिथि भी मौजूद रहेंगे, जिनमें नावार्ड राजस्थान के मुख्य महाप्रबंधक डॉ. रवि बाबू, इफको के राजस्थान राज्य विपणन प्रबंधक पृथ्वीराज सिहाग, कृभको के राजस्थान राज्य विपणन प्रबंधक रणजीत सिंह राठौड़, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम के निदेशक सुनील छापोला तथा जयपुर सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक के प्रबंध निदेशक दिनेश शर्मा शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान किसान सम्मेलन में किसानों को सहकारिता से जुड़ी विभिन्न योजनाओं और कृषि से संबंधित सुविधाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही सहकार सुपर बाजार (मार्ट) के शुभारंभ से क्षेत्र के किसानों व ग्रामीणों को खाद-बीज और अन्य आवश्यक कृषि सामग्री एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकेगी। आयोजन को सांस्कृतिक रंग देने के लिए प्रसिद्ध गायक कलाकार हरिराम म्हासी और डांसर संगीता यादव अपनी प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए ग्राम सेवा सहकारी समिति प्रागपुरा के अध्यक्ष, प्रबंध कार्यकारिणी, स्टाफ तथा समस्त ग्रामवासी तैयारियों में जुटे हुए हैं और अधिक से अधिक किसानों व ग्रामीणों से कार्यक्रम में भाग लेने का आव्हान किया गया है।

### बैठक आयोजित

**शाहपुरा ।** पुलिस थाने के पास स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले उच्च माध्यमिक विद्यालय में रविवार को सुबह 11 बजे जय फुले माली विकास जन सेवा समिति शाहपुरा के अध्यक्ष साधुराम सैनी की अध्यक्षता में समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं गणमान्य समाज बंधुओं की गरिमामय उपस्थिति में सैनी समाज के पंचम सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक में सैनी समाज के पंचम सामूहिक विवाह सम्मेलन के संबंध में विस्तृत परिचर्चा की गई। इस दौरान सैनी समाज के पंचम सामूहिक विवाह सम्मेलन का द्वितीय परिचय सम्मेलन भी आयोजित किया गया। बैठक में सैनी समाज के पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस मौके पर महामंत्री बिरदी चन्द सैनी, तहसील अध्यक्ष रामनारायण सैनी, गजानन्द सैनी, महेश कुमार सैनी, श्रीराम सैनी, शिंभु दयाल, रामप्रताप सैनी, पूरण मल सैनी, सुभाष चन्द सैनी, बनवारी लाल सैनी, रामकरण माली, विजय सैनी, मनोहर लाल सैनी, प्रभु दयाल सैनी, नाथूलाल सैनी, रामचंद्र सैनी, जयराम सैनी सहित कई गणमान्य पदाधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।

## बैठक कल

**निवाई।** किसान क्रय विक्रय सहकारी समिति लिमिटेड की वार्षिक साधारण सभा 17 मार्च को समिति अध्यक्ष अनिता बेनीवाल की अध्यक्षता में झिलाय रोड स्थित समिति प्रांगण में आयोजित होगी।

आम सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्रीमती राजबाला देवी और घनश्याम चौधरी निवासी 253 सी पी एम गेट, भारतेंदु नगर,खातीपुरा जयपुर ने अपने पुत्र वीरेंद्र तथा पुत्रवधु कविता को अपनी समस्त चल अचल संपति से बेदखल कर दिया है तथा उससे अपने समस्त संबंध विच्छेद कर दिए है।अगर भविष्य में कोई व्यक्ति वीरेंद्र से कोई संबंध ,संव्यवहार रखता है तो उसके लिए वह स्वयं उत्तरदायी होगा। भवदीय मुकेश सिंह पंवार एडवोकेट राजस्थान हाई कोर्ट जयपुर मो. 9314294233

## संक्षिप्त

### होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित

**फुलेरा।** राजस्थान विप्र महासभा फुलेरा की ओर से रविवार को जोबनेर रोड स्थित परशुराम भवन, विप्र वाटिका में सुबह 11 बजे होली स्नेह मिलन समारोह शाखा अध्यक्ष राजू दाधीच की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। महामंत्री शैलेंद्र शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में उपस्थित सभी आगंतुकों को अबीर का टीका लगाकर मुंह मीठा कराया गया। इस अवसर पर टी-सीरीज के गायक कमलेश शर्मा ने श्याम भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया।बैठक के दौरान आगामी 19 अप्रैल को आयोजित होने वाले भगवान परशुराम जन्मोत्सव की रूपरेखा पर भी विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही जन्मोत्सव को भव्य रूप से मनाने के लिए विभिन्न सुझावों पर विचार किया गया। इस अवसर पर सभापति यादराम जोशी, सुरेश मिश्रा, धनराज शर्मा, मनीष शर्मा, दीनदयाल दाधीच, राजेंद्र शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, बजरंग जोशी, निर्मल शर्मा, राजेश शर्मा, शिवकुमार, मुरारीलाल सिंवाल, बेणीप्रसाद, रामप्रसाद जोशी, हिमांशु दाधीच, सुमित शर्मा, नवनीत शर्मा, तनिष्क गौड़ सहित अनेक विप्र बंधु उपस्थित रहे।

### एनएसएस शिविर का शुभारंभ

**निवाई।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय झिलाय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम अधिकारी मुकेश चौधरी ने बताया कि शिविर का आयोजन 14 मार्च से 20 मार्च तक किया जाएगा, जिसके तहत विभिन्न सामाजिक और रचनात्मक गतिविधियों का संचालन होगा। शिविर के उद्घाटन पर प्रधानाचार्य जगदीशप्रसाद मीना, सीएचसी झिलाय प्रभारी डॉ. सचिन कोल, बनवारीलाल मिश्रा व सत्येन्द्रसिंह राजावत सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। वक्ताओं ने स्वयंसेवकों को समाज सेवा के महत्व के बारे में बताते हुए शिविर के दौरान अनुशासित रहकर सीखने के लिए प्रेरित किया।

### जयपुर ग्रामीण में विकास को मिलेगी नई रफ्तार

**शाहपुरा ।** जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह के अथक प्रयासों के फलस्वरूप जयपुर ग्रामीण संसदीय क्षेत्र में शाहपुरा के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में 25 किलोमीटर लंबे शाहपुरा बाईपास की डीपीआर तैयार करने के लिए लगभग 1 करोड़ 9 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इस बाईपास के बनने से शाहपुरा में बढ़ते ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी तथा क्षेत्र में व्यापार, आवागमन और विकास को नई गति मिलेगी। समाचार मिलने पर स्थानीय लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

### शिविर 22 को

**निवाई।** राजस्थान जैन सभा के तत्वावधान में महावीर जयंती को लेकर बपूई वालों की धर्मशाला में 22 मार्च को जैन इएनटी जयपुर के सहयोग से विशाल रक्तदान शिविर एवं एलर्जी शिविर का आयोजन किया जाएगा। सभा के अध्यक्ष ज्ञानचन्द सौगाणी एवं मंत्री त्रिलोक सिरस ने बताया कि रक्तदान शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसडीएम प्रीति मीणा व उदघाटनकर्ता विष्णुकुमार व राहुल बोहरा करेंगे। इसी प्रकार शिविर में भगवान महावीर के चित्र का अनावरण ताराचन्द गोयल एवं दीप प्रज्जवलन सुशीलकुमार कटारिया करेंगे। शिविर में विशिष्ट अतिथि समाज सेवी राजेश चौधरी गुरूजी, सरावगी समाज महिला अध्यक्ष अनिता छाबडा, अग्रवाल समाज चौरासी महिला अध्यक्ष उषा बडागांव, जैन ईएनटी संरक्षक सुशील जैन व समाजसेवी हेमचन्द संघी होंगे।

### रक्तदान शिविर का आयोजन

**दूदू ।** नगर पालिका मुख्यालय पर स्थित जैन धर्मशाला परिसर में भगवान महावीर स्वामी की जन्म कल्याण महोत्सव के अवसर स्वेच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाकर 103 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया अध्यक्ष पदम कुमार जैन अजमेरा पदमचंद काला ने बताया कि शिविर में महिलाओं ने भी रक्तदान कर पुण्य का काम किया इस इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष जैन समाज विमल कुमार छाबड़ा त्रिलोक चंद्र जैन ज्ञानमती महिला मंडल अध्यक्ष मनोरमा देवी बोहरा सहित समाज बंधु एवं महिलाएं मौजूद रहे।

# 'समाज के उत्थान व सशक्तिकरण में भामाशाहों की महत्वपूर्ण भूमिका'

**अलवर ।** जिला प्रभारी मंत्री एवं कृषि एवं उद्यानिकी विभाग मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा ने आज अंबेडकर नगर में मीणा बालिका छात्रावास में आयोजित भामाशाह सम्मान एवं होली मिलन समारोह में शिरकत कर भामाशाहों का माला पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मान किया।

जिला प्रभारी मंत्री एवं कृषि एवं उद्यानिकी विभाग मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा ने संबोधित करते हुए कहा कि समाज के उत्थान में भामाशाह की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने बालिका छात्रावास के निर्माण में सहयोग देने वाले भामाशाहों को साधुवाद देते हुए कहा कि समाज की बालिकाओं की शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए बालिका छात्रावास का निर्माण कराना एक सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि भामाशाह सम्मान समारोह सामाजिक एकता, सहयोग और सेवा की भावना को मजबूत करने का माध्यम भी है। उन्होंने कप्तान श्री छुट्टन लाल मीणा के समाज के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण योगदान को दृष्टांकित किया एवं अलवर में उनके नाम से बने कप्तान छुट्टन लाल मीणा छात्रावास के पुनर्निर्माण की आवश्यकता के दृष्टिगत समाज एवं परिवार की सहमति पश्चात पुनर्निर्माण हेतु उन्होंने सहयोगार्थ ढाई करोड रुपए की राशि उपलब्ध कराने की घोषणा की।

उन्होंने बालिका छात्रावास निर्माण के लिए सहयोगार्थ एक कमरा निर्माण के लिए राशि एवं एक माह के वेतन को देने की घोषणा की।



कृषि एवं उद्यानिकी विभाग मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा ने अंबेडकर नगर में मीणा बालिका छात्रावास में आयोजित भामाशाह सम्मान एवं होली मिलन समारोह में शिरकत की।

■ डॉ. किरोडी लाल मीणा ने बालिका छात्रावास निर्माण के लिए सहयोगार्थ एक कमरा निर्माण के लिए राशि एवं एक माह के वेतन देने की घोषणा की

कार्यक्रम में थानागाजी विधायक कांति प्रसाद, राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ विधायक मांगीलाल मीणा, नसरू खां, के. एल. मीणा, पी.एल मीणा, आर.डी मीना, बी.पी. मीणा सहित छात्रावास निर्माण व संचालन समिति के पदाधिकारी, सदस्य एवं बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

### सिलेंडर के अभाव में अन्नपूर्णा रसाई योजना ठप

**सांभरझील ।** गैस आपूर्ति के पर्याप्त दावे अब सांभर में भी फेल होते नजर आ रहे हैं। आम लोग भी इससे पूरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। सरकार की ओर से संचालित गरीबों को भोजन उपलब्ध कराने के लिए अन्नपूर्णा रसोई योजना भी सिलेंडर के इंतजार में बंद पड़ी है। अन्नपूर्णा रसोई में 2 दिन से सिलेंडर खाली हो गया है और यहां के प्रबंधक राजू प्रधान ने नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी को भी अवगत करवाया लेकिन अभी तक सिलेंडर उपलब्ध नहीं होने से रविवार को अन्नपूर्णा रसोई में खाना नहीं पक सका। हालांकि एक दिन पहले यहां के प्रबंधक राजू प्रधान ने अपने खुद के स्तर से या यूं कहें खुद के खर्चे से सिलेंडर लाकर एक दिन रसोई का काम चलाया यह सोचकर कि रविवार को तो सिलेंडर मिल जाएगा लेकिन उनके परिवार में भी सिलेंडर की जरूरत थी इसलिए उनका एक दिन का योगदान गरीबों के लिए अमृत बनकर काम कर गया।

# बढ़ती महंगाई व जन विरोधी नीति को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

**शाहपुरा।** शाहपुरा में रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ब्लाक अध्यक्ष नाथूलाल सैनी एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश खुडानिया के नेतृत्व में नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन घरेलू गैस की लगातार बढ़ती कीमतों, सामाजिक कार्यक्रमों के लिए कॉमर्शियल सिलेंडर की अनु उपलब्धता और जनता पर बढ़ती महंगाई की मार इससे परेशान जनता को न्याय दिलाने के लिए विरोध प्रदर्शन किया गया।


कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रसोई गैस सिलेंडर लेकर नारेबाजी की।

विधायक मनीष यादव के निर्देश पर कार्यकर्ताओं ने डाक बंगला से पैदल रैली निकाली। इस दौरान उन्होंने हाथों में गैस सिलेंडर लेकर महंगाई के खिलाफ नारेबाजी की और केंद्र सरकार की नीतियों का विरोध किया।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि देशभर में घरेलू गैस के दाम लगातार बढ़ रहे है।

सरकार द्वारा पैदा किए गए हालातों से रसोई गैस कमर्शियल गैस का सिलेंडरों की कालाबाजारी धड़ल्ले से की जा रही है। केंद्र सरकार रसोई गैस, कॉमर्शियल गैस, पेट्रोल डीजल की कीमतों में कमी करके जनता को राहत देने का कार्य करे।

कांग्रेस अध्यक्ष अलाउद्दीन ने कहा सरकार की विफल विदेश नीतियों से देश पर रसोई गैस कॉमर्शियल गैस पेट्रोल डीजल की बढ़ती महंगाई का जो संकट है जिससे आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है।

कांग्रेस पार्टी जनता के साथ हो रहे खिलवाड़ को कभी सहन नहीं करेगी। शिवराम सरधना व प्रेम देवी जाट, जितेंद्र शर्मा मंडल अध्यक्ष कृष्ण दुहारिया ने कहा कि सामाजिक कार्यक्रमों के लिए कॉमर्शियल सिलेंडर उपलब्ध न होने से लोगों को परेशानी हो रही है। कांग्रेस ने केंद्र सरकार से गैस के दाम कम करने और महंगाई पर नियंत्रण करने की मांग की।

इस विरोध प्रदर्शन में बंशी मीणा, सीताराम ठुकरान, किशोर सिंह शेखावत, प्रभु अटल, राजेंद्र शर्मा, विष्णु सिसोदिया, निहाल पलसानिया, राकेश हल्कारा, पंकज मिश्रा, गोविंद चावला, रिजवान मसूरी, विशाल पलसानिया, वकील खान, गोविंद यादव, दिनेश बुनकर, हरी राम बुनकर, लीलाराम वर्मा आदि लोग मौजूद थे।

# आदर्श रामलीला मैदान पावटा में यूजीसी के विरोध में रैली आज

**पावटा।** शिक्षा और सामाजिक गलियारों में इन दिनों यूजीसी रेगुलेशन 2026 को लेकर हलचल तेज है। यूजीसी (यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन) के नए दिशा-निर्देशों के खिलाफ अब सवर्ण समाज ने मोर्चा खोल दिया है। इसी कड़ी में आज उपखंड पावटा स्थित आदर्श रामलीला मैदान में सवर्ण समाज आंदोलन का आयोजन होने जा रहा है। उपखंड पावटा में होने वाले इस

■ सवर्ण समाज ने खोला मोर्चा, बाजार बंद का आव्हान, विभिन्न सामाजिक संगठनों ने दिया समर्थन

कार्यक्रम का मुख्य मकसद सरकार की नीतियों के खिलाफ एकजुटता दिखाना है। चलो रामलीला मैदान पावटा- जय भवानी, जय परशुराम के नारों के साथ हजारों लोग जुटने की उम्मीद है। वही विभिन्न संगठनों ने आज बाजार बन्द का आव्हान भी किया है।


विभिन्न संगठनों ने बाजार बन्द का आव्हान किया।

आयोजकों का कहना है कि ये सिर्फ एक सभा नहीं, बल्कि सवर्ण समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए एक अहम कदम है। सवर्ण समाज का कहना है कि सवर्ण समाज को राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। खासकर यूजीसी के नए नियमों, आरक्षण की व्यवस्था और एट्रोसिटी एक्ट के प्रावधानों को लेकर युवाओं में गहरी नाराजगी है।

समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि ये नीतियां भेदभावपूर्ण हैं। अब वक्त आ गया है कि हम सिर्फ अपने हक की मांग नहीं, बल्कि उसे संविधान के तहत सुरक्षित करें। इस बड़े प्रदर्शन के दौरान प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसमें मुख्य मांगें यूजीसी रेगुलेशन 2026 को वापस लेने, एट्रोसिटी एक्ट के दुरुपयोग को रोकने के लिए उसमें बदलाव करने और ब्राह्मण युवाओं के लिए शिक्षा और रोजगार में समान अवसर सुनिश्चित करने की हैं। इस दौरान रतिपाल सिंह, रविंद्र सिंह फौजी कैरोडी, अग्रवाल महासभा पावटा अध्यक्ष बलदेव, गोयल, व्यापार मंडल अध्यक्ष गिरधारी गोयल, वस्त्र व्यापार मंडल अध्यक्ष रतन जिंदल, विमल गर्ग, धर्मेंद्र गोयल, अग्रवाल महासभा पावटा उपाध्यक्ष पंकज जिंदल, महामंत्री यतीश बंसल, कोषाध्यक्ष अमित पंसारी, अनूप गर्ग, ब्राह्मण महासभा पावटा सचिव दीपक पटेल, एडवोकेट विष्णु पटेल, नेहिल मंगल, आदर्श रामलीला मंडल अध्यक्ष योगेश शर्मा, विपिन शर्मा, जतिन गुप्ता, राहुल खंडेलवाल सहित बड़ी संख्या में सवर्ण समाज के लोग मौजूद रहे।

# जिला कांग्रेस कमेटी ओबीसी प्रकोष्ठ भरतपुर के तत्वाधान में सम्मेलन आयोजित

**भरतपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी ओबीसी प्रकोष्ठ भरतपुर के तत्वाधान में कार्यकर्ता सम्मेलन प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष संजीव चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कांग्रेस संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस द्वारा जिले में ओबीसी प्रकोष्ठ के गठन के बाद पहली बार जिला मुख्यालय पर आयोजित सम्मेलन में सर्वप्रथम प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष संजीव चौधरी एवं उनके पदाधिकारीयों द्वारा सभी अतिथियों का साफा बांधकर एवं माला पहनाकर तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष संजीव चौधरी ने स्वागत भाषण दिया तथा उपस्थित सभी अतिथि एवं कार्यकर्ताओं का साधुवाद करते हुए ओबीसी प्रकोष्ठ की आगामी जिला स्तरीय गतिविधियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पद से बोलते हुए ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष हरसहाय यादव ने प्रकोष्ठ की मजबूती पर बल देते हुए कहा की प्रदेश कांग्रेस द्वारा प्रदत्त ओबीसी प्रकोष्ठ के सभी कार्यक्रमों को जिला स्तर पर बखूबी संचालित करना संगठन की महती जिम्मेदारी है। उन्होंने भाजपा सरकार की जन् विरोधी नीतियों पर चर्चा करते हुए कहा कि संगठन के सभी कार्यकर्ताओं का प्रथम दायित्व है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव ढाणी ढाणी तक पहुंचा कर जनता को भाजपा की कुरीतियों को बताये। यादव ने सभी कार्यकर्ताओं को आवाहन किया कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का ओबीसी प्रकोष्ठ एक महत्वपूर्ण सेल है, जो पार्टी की मजबूती एवं जनता की आवाज को उठाने में अपनी महती भूमिका निभाता है। विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए ओबीसी प्रकोष्ठ के संभागीय अध्यक्ष अजीत सिंह महुआ ने सभी कार्यकर्ताओं को संगठित होकर प्रकोष्ठ के माध्यम से पार्टी हित में काम करने की जरूरत बताई।

महुआ ने कहा कि अब समय आ गया है कि हम सभी कार्यकर्ताओं को आपसी मतभेद बुलाकर जनता के हित की आवाज को बुलंद करें तथा भाजपा सरकार द्वारा देश को तोड़ने की की जा रही कोशिशो को नाकामयाब करने में कांग्रेस पार्टी की ओर से प्रभावी भूमिका निभाएं। विशिष्ट अतिथि पद से बोलते हुए जिला कांग्रेस कमेटी भरतपुर के जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा ने ओबीसी प्रकोष्ठ की नवगठित जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारीयो को शुभकामनाएं देते हुए सभी से एक जुट होकर संगठन की मजबूती के साथ पार्टी में काम करने की आवश्यकता बताई।

# राजस्थान दिवस पर ओ.डी.ओ.पी. प्रदर्शनी का शुभारम्भ

**कोटपूतली।** राजस्थान दिवस 2026 के अवसर पर जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र द्वारा स्थानीय नगर परिषद परिसर में आयोजित पाँच दिवसीय एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी-ऑटो कंपोनेंट) मेला एवं प्रदर्शनी का रविवार को विधायक हंसराज पटेल ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। इस दौरान जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी एवं एडीएम ओमप्रकाश सहारण भी मौजूद रहे। मेले में जिले के ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद) उत्पाद ऑटो कॉम्पोनेंट्स के साथ स्थानीय हस्तशिल्पियों और खाद्य प्रसंस्करण उद्यिमयों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन एवं विपणन का अवसर मिल रहा है। प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों द्वारा लगभग 20 से 25 स्टॉल्स लगाये गये हैं।

विधायक पटेल ने कहा कि वोकल फॉर लोकल का अर्थ है स्थानीय उत्पादों का ना केवल इस्तेमाल करना, बल्कि उनका प्रचार-प्रसार भी करना। यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक पहल है, जिसका उद्देश्य देश की घरेलू विनिर्माण क्षमताओं, लघु उद्योगों और कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देना है। यह अभियान स्थानीय कारीगरों को सशक्त बनाता है और भारतीय वस्तुओं को मेड इन इंडिया के माध्यम से वैष्विक पहचान दिलाता है। पटेल ने कहा कि प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदेश की समृद्ध संस्कृति, विकास कार्यों एवं स्थानीय प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान किया गया है। ऐसे आयोजन राजस्थान की गौरवशाली परंपरा व प्रगति की झलक प्रस्तुत करते हैं।


विधायक पटेल ने प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारंभ किया।

इस दौरान विधायक हंसराज पटेल, जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी एवं एडीएम ओमप्रकाष सहारण ने वोकल फॉर लोकल के साथ डिजिटल इंडिया का संदेश देते हुये माँ इंद्रावती राधा फाउण्डेशन की स्टॉल्स से जौ, ज्वार, रागी और बाजरा से बने बिस्किट्स का पैकेट खरीद कर उसका

■ स्टॉल्स का जायजा लेकर वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने का दिया संदेश

भुगतान यूपीआई (यूनिफाईड पेमेंट्स इंटरफेस) के माध्यम से डिजिटल रूप से किया। यह वाकया उनके जमीनी स्तर से जुड़ाव और डिजिटल इंडिया के प्रति उनके समर्थन को दर्शाता है। जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से कुटीर उद्योग, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और स्थानीय कारीगरों को नई पहचान मिल रही है। कोटपूतली-बहरोड़ जिले की विरासत एवं पारिस्थितिकी को ध्यान में रखते हुये पंच गौरव के रूप में एक जिला-एक उत्पाद में ऑटोमोबाईल पार्टस, एक जिला-एक उपज में गाजर, एक जिला-एक वनस्पति में गुग्गल, एक जिला-एक खेल में कुश्ती, एक जिला-एक पर्यटन स्थल में बैराठ चिह्नित किये गये हैं एवं इस दिशा में तेजी से कार्ययोजना बनाकर कार्य किये जा रहे हैं।

### कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष बने सलीमुद्दीन खान

**टोंक।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद इमरान प्रतापगढ़ी एवं कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एम.डी. चौपदार की सहमति से जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व उपसभापति सलीमुद्दीन खांन को अल्पसंख्यक विभाग का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनकी नियुक्ति की घोषणा के बाद जिले सहित पूरे प्रदेश के कांग्रेस कार्यकर्ताओं और अल्पसंख्यक वर्ग में खुशी की लहर देखी जा रही है। सलीमुद्दीन खांन लंबे समय से कांग्रेस पार्टी और सामाजिक कार्यों से जुड़े रहे हैं, वे जिला वक्फ कमेटी के सदर भी रह चुके हैं और अल्पसंख्यक समाज के बीच उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती है।समाज के विभिन्न मुद्दों को उठाने के कारण उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है, उनकी नियुक्ति पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और अल्पसंख्यक समाज के लोगों ने खुशी व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में प्रदेश में अल्पसंख्यक विभाग को नई ऊर्जा मिलेगी।

## सार-समाचार

### रक्तदाताओं का सम्मान

**निवाई।** श्री दिगम्बर जैन महासमिति महिलांचल निवाई के तत्वावधान में भगवान महावीर के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में श्री शांतिनाथ दिगम्बर अग्रवाल सेवा सदन में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन अग्रवाल युवा परिषद द्वारा किया गया एवं चित्रावरण लालचन्द कठमाणा एवं दीप प्रज्जवलन मोहित चंवरिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम संचालक शशी सोगाणी व ममता सांवलिया ने बताया कि दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन जयपुर के तत्वावधान में एवं दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर के सहयोग से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 38 रक्तदाताओं ने उत्साह के साथ रक्तदान किया। अग्रवाल युवा परिषद के महामंत्री राहुल बोहरा ने बताया कि शिविर में मुख्य अतिथि जिला प्रमुख सरोज बंसल द्वारा रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में अग्रवाल युवा परिषद, पंछी फाउंडेशन संस्था, रक्तादान शिविर समिति एवं जैन सखी संगठन विशेष सहयोग रहा। इस अवसर शशि सोगानी, शिप्रा जैन, हेमा बनेठा, प्रीति कासलीवाल, अनिता रामनगर, पिंकी कठमाणा, रिंकू भाणजा, ममता सांवलिया, अनिता भाणजा, रेनू बगड़ी, आशा जैन, डिंपल जैन, मनीषा जैन, मंजू जैन, प्रीति रजवास, आशु जैन, पंकज जैन, अक्ष जैन, तरुण जैन व निशु जैन सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### राजकीय विद्यालय में मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित

**चाकसू।** राजकीय महात्मा गाँधी विद्यालय में सरस्वती मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित हुआ नानगराम बोपला निवासी चन्दलाई ने 71000/- रु की लागत से विद्यालय प्रागंण में मंदिर का निर्माण अपने पिताजी की स्मृति में करवाया है, कार्यक्रम का शुभारम्भ गांव के मंदिर से कलश यात्रा से हुआ। कलश यात्रा चंदलाई ग्राम के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए विद्यालय में पहुंची। उसके बाद पंडित नरेश शर्मा ने प्राण प्रतिष्ठा का कार्यकुम सम्पन्न करवाया।इस अवसर पर भवानीपुरा निवासी श्योनारायण यादव ने 51000/- रु की लागत से रंग मंच का निर्माण करवाया जिसका भी लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजपूत सभा जयपुर के अध्यक्ष रामसिंह राजावत थे। इस अवसर पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम में सैकड़ो गांड मारने लोगों ने भाग लिया अंत में प्रधानाचार्य प्रियंका स्वामी ने सबका आभार व्यक्त किया।

### हिंदू नव वर्ष पर सजेगी भव्य विराट हिंदू शोभा यात्रा

**मनोहरपुर।** कस्बे में हिंदू नव वर्ष के पावन अवसर पर शहर में एक भव्य विराट हिंदू शोभा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। आगामी 22 मार्च 2026, रविवार को आयोजित होने वाली इस शोभा यात्रा को लेकर सनातन प्रेमियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।आयोजन समिति आप और हम तथा मनोहरपुर के समस्त सनातन प्रेमियों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, यात्रा का शुभारंभ दोपहर 3:15 बजे खोरा रोड स्थित के. डी. पैलेस से होगा। इस दौरान नगर के विभिन्न मार्गों से बस स्टैंड सैय्यद बाबा मार्केट सब्जी मंडी बाजार होते हुए यह शोभा यात्रा गांधी चौक पर जाकर संपन्न होगी।इस वर्ष शोभा यात्रा को बेहद खास बनाने के लिए कई विशेष प्रबंध किए गए हैं। यात्रा के मुख्य आकर्षणों में शामिल हैं। आयोजकों ने बताया कि शोभा यात्रा में शामिल होने वाले सभी भाई-बहनों के लिए केसरिया दुपट्टों की व्यवस्था की गई है। यात्रा के अंत में एक विशाल महा आरती का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है। आयोजक मंडल ने समस्त क्षेत्रवासियों से इस धार्मिक उत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लेने और हिंदू नव वर्ष का स्वागत धूमधाम से करने की अपील की है।

### शपथ ग्रहण समारोह आज

**निवाई।** जांगिड़ ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में भगवान श्री विश्वकर्मा मंदिर में 16 मार्च को नव निर्वाचित कार्यकारणी का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यकारी तहसील अध्यक्ष कैलाश चैनपुरा ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि राज्य मंत्री रामगोपाल सुथार, महासभा के प्रदेशाध्यक्ष घनश्याम पंवार, राजनीतिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश जांगिड़, कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष राजाराम जांगिड़, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष संजय हर्षवाल, भाजपा जिलामंत्री नीलू जांगिड़ होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष हनुमानप्रसाद जांगिड़ रानोली करेंगे। समारोह में विधायक रामसहाय वर्मा, पालिका अध्यक्ष दिलीप ईसरानी, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराणा, एडिशनल एसपी सुखदेव जांगिड़, पूर्व सदस्य वित्त विभाग हरिशंकर जांगिड़, टोंक छात्रावास अध्यक्ष कालूराम जांगिड़ एवं कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष परमेश्वर जांगिड़ सहित कई कार्यकर्ता व पदाधिकारी भाग लेंगे।

### 'स्वच्छता सप्ताह' का आयोजन जारी

**कोटपूतली।** स्वायत्त शासन विभाग के निर्देषानुसार राजस्थान दिवस समारोह कार्यक्रम के अन्तर्गत "स्वच्छता सप्ताह" 14 से 19 मार्च तक आयोजित किया जा रहा हैं। जिसके अन्तर्गत स्थानीय नगर परिषद प्रशासन द्वारा रविवार को राजस्व अधिकारी कृष्ण कुमार यादव, कनिष्ठ अभियंता कृष्ण कुमार एवं नगर परिषद के अन्य कार्मिकों द्वारा 53 किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक कैरी बैग जप्त किया गया। साथ ही मौके पर 2750 रूपये का चालान काटा गया। साथ ही उपयोग करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी। क्षेत्र के सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान राज्य सरकार द्वारा बैन किये गये सभी प्रकार के सिंगल यूज प्लास्टिक उत्पादों का विक्रय/उपयोग नहीं करें अन्यथा नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। साथ ही नगर परिषद प्रशासन द्वारा अपील की गई है कि सिंगल यूज प्लास्टिक उत्पादों का उपयोग ना करके कपड़े से बने कैरी बैग का यूज किया जावें।

### एक रुपए और नारियल में हुई शादी

**फुलेरा।** फुलेरा नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन एवं भाजपा जयपुर जिला देहात दक्षिण के प्रवक्ता रतन राजौरिया ने अपने पुत्र हर्ष राजौरिया (यूडीसी, उद्योग भवन जयपुर) का विवाह बिना दहेज के केवल एक रुपया और नारियल लेकर संपन्न कर समाज के सामने सराहनीय मिसाल पेश की है। गौरतलब है कि उन्होंने अपने बड़े पुत्र नितिन राजौरिया का विवाह भी बिना दहेज के ही किया था। उनके छोटे पुत्र हर्ष राजौरिया का विवाह निशा सुपुत्री प्रेमचंद बुटोलिया निवासी अलवर के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, फुलेरा के पूर्व विधायक निर्मल कुमावत सहित कई जनप्रतिनिधियों व गणमान्य लोगों ने बिना दहेज के विवाह करने पर राजौरिया परिवार की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे कदम समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और दहेज प्रथा जैसी कुरीति को समाप्त करने की दिशा में प्रेरणा प्रदान करते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि समाज के प्रतिष्ठित लोगों द्वारा इस प्रकार की पहल युवाओं के लिए प्रेरणादायक है और इससे सादगीपूर्ण व दहेज मुक्त विवाह को बढ़ावा मिलेगा।

### गैस एजेंसी के उपभोक्ताओं के बिना रिफिल दिये ही आया डिलिवरी संदेश

**दूदू ।** अमेरिका ईरान युद्ध की वजह से गैस एजेंसी संचालकों के बल्ले-बल्ले हो गई। बगरू स्थित भवानी गैस एजेंसी के उपभोक्ताओं ने गत 10 मार्च को रिफिल बुकिंग करवाई ओर अगले दिन खाली सिलेंडर लेकर अपनी रिफिल लेने के लिए नरैना रोड़ पर पहुंचे लेकिन उपभोक्ताओं को सिलेंडर की कमी का बहाना बनाकर टाल दिया। निराश उपभोक्ता के जब सांय रिफिल डिलीवरी का संदेश आया तो उपभोक्ताओं ने गैस एजेंसी संचालक से बात करने की कौशिश की लेकिन गैस एजेंसी संचालक ने फोन नहीं उठाया। इस पर हताश व परेशान उपभोक्ता जयकिशन व कमल ने जयपुर ग्रामीण जिला रसद अधिकारी से बात करके उन्हें एजेंसी संचालक की करतूत बताई। जिस पर भवानी गैस एजेंसी ने गुरुवार व शुक्रवार को घर बैठे दोनों उपभोक्ताओं को बिना ओटीपी लिये ही रिफिल डिलीवरी कर दी। गैस एजेंसी संचालकों के बल्ले-बल्ले हो गई ओर गैस एजेंसी संचालक भोले भाले ग्रामीणों के सिलेंडर स्वयं उठाकर उन्हें महंगे दामों में अन्य लोगों को देकर अपनी तिजोरी भरने में लगे हुए हैं। उपभोक्ता लोकेश,रतन ने बताया कि उनके भी बिना ओटीपी दिये रिफिल डिलीवरी का संदेश आ गया जबकि उन्हें रिफिल मिली ही नहीं। रविवार को जब उन्होंने गैस एजेंसी में कार्यरत विक्रम नामक व्यक्ति को अनेकों बार फोन किये लेकिन विक्रम ने फोन ही नहीं उठाया। संघमित्रा बरड़िया, रसद अधिकारी, जयपुर जिला ग्रामीण का कहना है कि मेने ईओ को कल संबंधित गैस एजेंसी पर जाकर जांच करने के लिए कहा है।



आईसीसी टूर्नामेंट्स में भारत की पुरुष और महिला टीमें खिताबी जीत की लय को आगे भी बरकरार रखेंगी। भारत ने हाल में आईसीसी टूर्नामेंटों में लगातार सफलता हासिल की है।
- रोहित शर्मा

पूर्व भारतीय कप्तान, आईसीसी टूर्नामेंट में लगातार जीत को लेकर बोलते हुए।




आज का खिलाड़ी

**विराट कोहली**



**भारतीय** क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के स्टार खिलाड़ी विराट कोहली हाल ही में एक मजेदार वीडियो में नजर आए। स दौरान उन्होंने कई दिग्गज खिलाड़ियों के बीच तुलना की और अंत में एक चौंकाने वाला फैसला लिया। आखिरी दौर में जब विराट कोहली के सामने रोहित शर्मा और क्रिस गेल के बीच किसी एक को चुनने की चुनौती आई, तो उन्होंने थोड़ा सोचने के बाद क्रिस गेल को चुना। कोहली और गेल ने आरसीबी के लिए साल 2011 से 2017 तक सात सालों तक साथ में क्रिकेट खेला है।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट में सबसे बड़ी साझेदारी :1956 में पंकज रॉय और वीनू मांकड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले विकेट के लिए 413 रन जोड़े थे।

# गिल-मंधाना सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी : बिन्नी और द्रविड़ को मिला लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड : विश्वकप विजेता भी सम्मानित

नई दिल्ली, 15 मार्च। बीसीसीआई के नमन अवॉड्र्स 2026 में शुभमन गिल को 'क्रिकेटर ऑफ द ईयर' और स्मृति मंधाना को सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर का पुरस्कार दिया गया। समारोह में रोजर बिन्नी, राहुल द्रविड़ और मिताली राज को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड के साथ टी20 विश्व कप समेत आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाली भारतीय टीमों को भी सम्मानित किया गया।



भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने नई दिल्ली में आयोजित नमन अवॉड्र्स 2026 समारोह में साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों और दिग्गजों को सम्मानित किया। भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल को बीसीसीआई के प्रतिष्ठित 'पॉली उमरीगर क्रिकेटर ऑफ द ईयर' अवॉर्ड से नवाजा गया। वहीं महिलाओं में स्मृति मंधाना को उनके करियर में पांचवीं बार सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर का पुरस्कार मिला।

### सचिन-अश्विन की बराबरी कर चुके हैं गिल

शुभमन गिल ने यह पुरस्कार दूसरी बार अपने नाम किया। इससे पहले उन्हें 2023 में भी इस सम्मान से नवाजा गया था। दूसरी बार यह अवॉर्ड जीतने के साथ ही गिल ने सचिन तेंदुलकर और रविचंद्रन अश्विन की बराबरी कर ली है, जिन्होंने भी यह पुरस्कार दो-दो बार जीता है। इन तीनों से अधिक बार यह सम्मान विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह को मिला है। कोहली पांच बार बीसीसीआई के साल के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर रह चुके हैं, जबकि बुमराह तीन बार यह अवॉर्ड जीत चुके हैं।

### टेस्ट क्रिकेट में किया शानदार प्रदर्शन

26 वर्षीय गिल ने 2025 में टेस्ट और वनडे क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया। हालांकि उन्हें टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम में जगह नहीं मिली थी, लेकिन बाकी दोनों फॉर्मेट में उनका प्रदर्शन बेहद प्रभावशाली रहा। गिल ने 2025 में टेस्ट क्रिकेट में 983 रन बनाए, जिसमें इंग्लैंड के खिलाफ उसकी सरजमीं पर खेली गई सीरीज में 754 रन शामिल रहे। इंग्लैंड के खिलाफ इस टेस्ट सीरीज में उनका औसत 70 से अधिक रहा और उन्होंने कई महत्वपूर्ण पारियां खेलीं।

### वनडे और आईपीएल में भी दमदार फॉर्म

वनडे क्रिकेट में भी गिल ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और कुल 490 रन बनाए। इसमें भारत की चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली मुहिम में बनाए गए 188 रन भी शामिल रहे। अगर सभी फॉर्मेट को मिलाकर देखा जाए तो गिल ने पिछले साल कुल 1,764 रन बनाए, जिनमें सात शतक और तीन अर्धशतक शामिल रहे। उनका औसत करीब 49 रहा। इसके अलावा आईपीएल में गुजरात टाइटंस की कप्तानी करते हुए उन्होंने 650 रन बनाए और लगभग 50 के औसत से बल्लेबाजी की।

### बिन्नी, द्रविड़ और मिताली को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

नमन अवॉड्र्स 2026 समारोह में बीसीसीआई ने पूर्व भारतीय खिलाड़ी रोजर बिन्नी और राहुल द्रविड़ को कर्नल सी.के. नायुडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया। महिलाओं में यह सम्मान मिताली राज को दिया गया। बिन्नी बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं, जबकि द्रविड़ के कोचिंग कार्यकाल में भारत ने 2024 टी20 विश्व कप का खिताब जीता था। मिताली को भारतीय महिला क्रिकेट में उनके योगदान के लिए यह सम्मान दिया गया।

### म्हात्रे और हर्ष दुबे को मिला अवॉर्ड

अपनी कप्तानी में अंडर-19 विश्व कप जिताने वाले मुंबई के आयुष म्हात्रे को घरेलू सीमित ओवर टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर के लिए लाला अमरनाथ अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। वहीं विदर्भ के हर्ष दुबे को 2024-25 रणजी ट्रॉफी सीजन में शानदार प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर चुना गया।

### विश्व कप विजेता टीमों को भी किया गया सम्मानित

नमन अवॉड्र्स समारोह के दौरान सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली भारतीय टीम को टी20 विश्व कप जीतने के लिए सम्मानित किया गया। इसके अलावा उन सभी पांच भारतीय टीमों को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने हाल के वर्षों में आईसीसी ट्रॉफी अपने नाम की हैं। इनमें पुरुष टी20 विश्व कप विजेता टीम, महिला विश्व कप 2025 की विजेता टीम, चैंपियंस ट्रॉफी 2025 विजेता टीम, अंडर-19 विश्व कप 2026 विजेता टीम और महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप 2025 विजेता भारतीय टीम शामिल हैं।

## पावरप्ले में ही मैच छीन सकते हैं संजू : गंभीर



नई दिल्ली, 15 मार्च। टी-20 विश्व का खिताब भारतीय टीम ने जीत लिया था और अब खिलाड़ी आईपीएल 2026 की तैयारियों में जुट गए हैं। इस बीच भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने बताया है कि लगातार रन बनाने के लिए जूझ रहे अभिषेक शर्मा पर किस तरह भरोसा कायम रहा। वहीं, कोच ने संजू सैमसन को प्लेइंग-11 में शामिल करने की वजह का खुलासा भी किया।अभिषेक टूर्नामेंट के पहले तीन मैच में खाता भी नहीं खोल पाए थे लेकिन उन्होंने इसके बाद दो अर्धशतक लगाए जिनमें फाइनल में लगाया गया अर्धशतक भी शामिल है। अभिषेक की खराब फॉर्म को देखकर यह चर्चा भी उठने लगी थी कि क्या इस सलामी बल्लेबाज को प्लेइंग-11 से बाहर बैठाया जाएगा? लेकिन टीम प्रबंधन ने अभिषेक पर भरोसा कायम रखा और फाइनल में उन्होंने अपना दिखाया जिससे टीम न्यूजीलैंड को हराकर खिताब बरकरार रखने में सफल रही। गंभीर ने सैमसन की भी जमकर तारीफ की। आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के अंतिम चरण में सैमसन ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने सेमीफाइनल और फाइनल में तूफानी अंदाज में अर्धशतक जड़कर भारत को रिकॉर्ड तीसरी बार खिताब जीतने में मदद की। गंभीर ने कहा कि जब संजू सैमसन अपनी फॉर्म में होते हैं तो वह पावरप्ले में ही विपक्षी टीम से मैच छीन सकते हैं। गंभीर ने कहा, हम जानते हैं कि संजू क्या कर सकता है। उसकी प्रतिभा और विस्फोटक बल्लेबाजी पर कभी कोई संदेह नहीं था। अगर वह लय में आ जाए तो पहले छह ओवरों में ही मैच जिता सकता है। सैमसन का विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था और इसलिए उन्हें आईसीसी टूर्नामेंट के शुरुआती मैचों में अंतिम एकादश में जगह नहीं मिली थी। लेकिन जिम्बाब्वे के खिलाफ करो या मरो के मैच में मौका मिलने पर सैमसन ने 15 गेंदों में 24 रन बनाकर लय हासिल की और इसके बाद अगले तीन मैच में नाबाद 97, 89 रन और 89 रन बनाए। गंभीर ने कहा, मैंने उसे जिम में यह बात बताई। दरअसल हम दोनों साथ में ट्रेनिंग कर रहे थे और मैंने उसे बस इतना बताया कि तुम जिम्बाब्वे के खिलाफ खेलोगे और उसने कहा कि ठीक है। हमारी बातचीत कुछ इसी तरह से अनौपचारिक होती है। यह किसी मुख्य कोच और खिलाड़ी के रिश्ते जैसा नहीं है। यह एक ऐसा रिश्ता है जिसमें हमारी आमने-सामने की अधिकतर बातचीत अभ्यास सत्रों के दौरान होती है।

## कोई टीम संस्था से बड़ी नहीं : जय शाह

नई दिल्ली, 15 मार्च। टी20 विश्व कप 2026 अब खत्म हो चुका है और भारतीय टीम इसकी चैंपियन बनी है। लेकिन टूर्नामेंट शुरू होने से पहले बांग्लादेश और पाकिस्तान ने किस तरह रंग में भंग डालने की कोशिश की थी, ये किसी से छिपा हुआ नहीं है। अब आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने इशारों में इस मामले पर बयान दिया है। उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन स्पष्ट रूप से कहा कि संस्था से बढ़कर कोई टीम नहीं है।शाह ने पाकिस्तान और बांग्लादेश का नाम लिए बिना कहा, यह आईसीसी विश्व कप बहुत महत्वपूर्ण था क्योंकि टूर्नामेंट शुरू होने से पहले इस बात को लेकर काफी चर्चा थी कि कुछ टीमें भाग लेंगी या नहीं और विश्व कप का आयोजन कैसे होगा। आईसीसी अध्यक्ष के तौर पर मैं कह सकता हूं कि कोई भी टीम संगठन से बड़ी नहीं होती और कोई एक टीम संगठन नहीं बनाती। संस्था सभी टीमों का संयोजन होता है।

# ट्वंटी-20 विश्वकप के हीरो संजू सैमसन का होगा शाही सम्मान

## केरल सरकार आधिकारिक रूप से सम्मानित करेगी

नई दिल्ली, 15 मार्च। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद पुरुष टी20 विश्व कप में भारत की ऐतिहासिक जीत के सूत्रधारों में से एक और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब जीतने वाले संजू सैमसन का केरल सरकार भव्य नागरिक अभिनंदन करने जा रही है। सोमवार को राज्य की राजधानी तिरुवनंतपुरम में एक आधिकारिक समारोह आयोजित किया जाएगा। राज्य के खेल मंत्री वी अब्दुरहीमान ने एक बयान में बताया कि यह सम्मान समारोह सेंट्रल स्टेडियम में शाम चार बजे आयोजित किया जाएगा। बयान में बताया गया कि केरल के



मुख्यमंत्री पिनराई विजयन इस समारोह का उद्घाटन करेंगे तथा खेल मंत्री, मुख्य सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी इसमें शामिल होंगे। तटीय कस्बे विझिंजम के रहने वाले सैमसन ने शानदार बल्लेबाजी कर टूर्नामेंट में भारत की जीत सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बयान में कहा गया कि यह विश्व कप केरल के इस क्रिकेटर के लिए प्रदर्शन में थोड़ी गिरावट के बाद जोरदार वापसी का भी प्रतीक रहा। इसमें कहा गया कि खेल विभाग ने उन्हें सम्मानित करने के लिए व्यापक तैयारियां की हैं। यह सम्मान समारोह संजू की उस मेहनत और अटूट विश्वास का प्रमाण है, जिसके दम पर उन्होंने राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह पक्की की। खेल विशेषज्ञों का मानना है कि संजू की यह सफलता केरल के उभरते हुए युवा खिलाड़ियों के लिए एक बड़ी प्रेरणा बनेगी।

## आरसीबी के तेज गेंदबाज यश दयाल ने शादी की

नई दिल्ली, 15 मार्च। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के तेज गेंदबाज यश दयाल ने कंटेंट क्रिएटर श्वेता पुंडीर से शादी कर ली है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक दोनों ने 4 फरवरी को उत्तर प्रदेश के नोएडा में परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में सात फेरे लिए थे। शादी में क्रिकेट जगत से किसी के शामिल होने की खबर नहीं है।

## ऑफिसर्स व एडवोकेट्स के बीच एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित



जयपुर 15 मार्च। रामचन्द्र कासलीवाल की स्मृति में जुडिसी 6 ऑफिसर्स व एडवोकेट्स के बीच एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किया गया जिसमे हाइकोर्ट बार एसोसिएशन व न्यायाधीश ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सुबोध कॉलेज के खेल परिसर में न्यायाधीश ने बल्लेबाजी ब गेंदबाजी कर टूर्नामेंट की शुरुआत की।

## इंडियन वेल्स सेमीफाइनल में अल्काराज हारे



कैलिफोर्निया, 15 मार्च। कैलिफोर्निया में चल रहे इंडियन वेल्स ओपन में बड़ा उलटफेर देखने को मिला है। वर्ल्ड नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज को मेन्स सिंगल्स के सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा है। रूस के डेनियल मेदवेदेव ने अल्काराज को सीधे सेटों में हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। अल्काराज ने साल के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलिया ओपन अपने नाम किया था। वहीं, विमेंस सिंगल्स में टॉप सीड आर्यना सबालेंका ने अपना शानदार फॉर्म जारी रखते हुए फाइनल में जगह बना ली है। अब खिताब के लिए उनका मुकाबला एलिना रायबाकिना से होगा मेदवेदेव ने अल्काराज को संभलने का मौका नहीं दिया मेन्स सिंगल्स के पहले सेमीफाइनल में डेनियल मेदवेदेव और कार्लोस अल्काराज 6-3, 7-6(3) से हराया। रूसी खिलाड़ी ने पहले सेट में शुरुआती ब्रेक लेकर मैच पर नियंत्रण बना लिया और पहला सेट 6-3 से अपने नाम किया। दूसरे सेट में अल्काराज ने वापसी की कोशिश की और खेल को टाई-ब्रेकर तक खींच ले गए। हालांकि, टाई-ब्रेक में मेदवेदेव ने अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए 7-6(3) से जीत दर्ज की और फाइनल का टिकट पक्का किया।

# द. अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को 7 विकेट से हराया

नई दिल्ली, 15 मार्च। साउथ अफ्रीका ने पहले टी-20 मैच में न्यूजीलैंड को 7 विकेट से हरा दिया। इसके साथ प्रोटियाज टीम ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल में मिली हार का बदला भी ले लिया। 15 मार्च को माउंट माउंगानुई के बे ओवल मैदान पर खेले गए इस मुकाबले में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, लेकिन यह निर्णय टीम के लिए सही साबित नहीं हुआ। कीवी टीम 14.3 ओवर में सिर्फ 91 रन पर ऑलआउट हो गई। इंटरनेशनल टी-20 में यह न्यूजीलैंड का 10वां सबसे छोटा स्कोर है।

जवाब में साउथ अफ्रीका ने 16.4 ओवर में 3 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया और सीरीज में 1-0 बढ़त हासिल कर ली। सीरीज का दूसरा मुकाबला 17 मार्च को हैमिल्टन में खेला जाएगा। इस मुकाबले में न्यूजीलैंड के लिए जेम्स नीशम ने सबसे ज्यादा 21 गेंदों पर 26 रन बनाए। उनके अलावा कप्तान मिचेल सैंटनर ने 19 गेंदों पर 15 रन, कोल मैकॉन्ची ने 11 गेंदों पर 15 रन और बेवॉन जैकब्स ने 7 गेंदों पर 10 रन की पारी खेली। हालांकि टीम के सात बल्लेबाज दहाई के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। न्यूजीलैंड के लिए सबसे बड़ी साझेदारी 7वें विकेट के लिए हुई, जब नीशम और मैकॉन्ची ने 17 गेंदों में 26 रन जोड़े। साउथ अफ्रीका के लिए डेब्यू कर रहे नकोबानी मोकोएना ने 3.3 ओवर में 26 रन देकर सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए।



वहीं जेराल्ड कूट्जी और ओटनील बार्टमैन ने 3-3 ओवर में 2-2 विकेट झटके। स्पिनर केशव महाराज ने भी किफायती गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 25 रन देकर 2 विकेट हासिल किए। इसके अलावा डियान फॉरेस्टर ने 1 ओवर में सिर्फ 4 रन दिए, हालांकि उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। 92 रन का टारगेट साउथ अफ्रीका ने 16.4 ओवर में हासिल कर लिया। कॉनर एस्टरहुइजन ने साउथ अफ्रीका के लिए सबसे ज्यादा 45 रन बनाए। वह नाबाद रहे। डियान फॉरेस्टर 16 रन बनाकर नॉट आउट रहे। न्यूजीलैंड के लिए 1-1 विकेट काइल जैमीसन, जकारी फाउल्केस और मिचेल सैंटनर ने लिए।

# बुमराह तेज गेंदबाजी के उस्मान तारिक : पाक सिलेक्टर

नई दिल्ली, 15 मार्च। पाकिस्तान के चीफ सिलेक्टर आकिब जावेद ने भारतीय पेसर जसप्रीत बुमराह की तुलना अपने देश के स्पिनर उस्मान तारिक से की है। आकिब ने शनिवार को लाहौर में कहा- बुमराह का गेंदबाजी एक्शन अलग है, जिसकी वजह से बल्लेबाज उनके खिलाफ लय में नहीं आ पाते। जावेद के इस बयान पर भारतीय फैंस भड़क गए हैं और आकिब जावेद को क्रिकेट का जॉनी लीवर बताया। यूजर्स ने कहा कि दोनों के एक्सपीरियंस और अचीवमेंट में बड़ा अंतर है। यह प्रेस कॉन्फ्रेंस इसलिए भी खास रही, क्योंकि इसमें पूरी चयन समिति मौजूद थी। जबकि किसी नई टीम का ऐलान नहीं होना था। इस बैठक का मकसद टीम और चयन समिति पर हो रही आलोचना का जवाब देना था। बाद में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने चयन समिति के सदस्यों से मुलाकात कर उन पर पूरा भरोसा जताया। भारत और श्रीलंका की मेजबानी में हुए टी20 वर्ल्ड कप में भारत ने खिताब जीता था। टीम की जीत में बुमराह की गेंदबाजी ने अहम भूमिका निभाई, खासकर सेमीफाइनल और फाइनल में उनके प्रदर्शन निर्णायक रहे। दूसरी ओर पाकिस्तान के स्पिनर उस्मान तारिक का टूर्नामेंट ज्यादा प्रभावी नहीं रहा। पाकिस्तान की टीम सुपर-8 चरण में ही बाहर हो गई और सेमीफाइनल तक नहीं पहुंच सकी। उनका नाम टॉप-5 विकेट टेकर्स में तक नहीं था। टी-20 वर्ल्ड कप से पाकिस्तान के बाहर होने पर आकिब जावेद ने कहा- फैंस और मीडिया को बली का बकर ढूंढना बंद कर देना चाहिए। जावेद ने टीम और सिलेक्शन कमेटी का बचाव करते हुए कहा- टीम टूर्नामेंट में सिर्फ एक मैच हारी और नेट रन रेट के कारण बाहर हो गई।

## फॉर्मला वन का बड़ा फैसला, ईरान युद्ध के खतरे के बीच बहरीन और सऊदी अरब की रेस कैंसिल



नई दिल्ली, 15 मार्च। फॉर्मूला वन और उसकी संचालन संस्था फिया ने कहाहै कि ईरान युद्ध से जुड़ी सुरक्षा चिंताओं के कारण अप्रैल में बहरीन और सऊदी अरब में होने वाली ग्रां प्री रेस नहीं होंगी। अमेरिका और इजराइल द्वारा हमले शुरू करने के बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए इन दोनों देशों पर हमले किए हैं। यह घोषणा रविवार सुबह शंघाई में चीन ग्रां प्री से पहले की गई। एफवन ने कहा, ''पश्चिम एशिया क्षेत्र में चल रही स्थिति के कारण बहरीन और सऊदी अरब ग्रां प्री अप्रैल में नहीं होंगी।'' उन्होंने कहा, ''हालांकि कई विकल्पों पर विचार किया गया लेकिन अंततः यह तय किया गया कि अप्रैल में होने वाले रेस के स्थान में बदलाव नहीं होगा।'' एफवन रेस 12 अप्रैल को बहरीन में और 19 अप्रैल को सऊदी अरब के शहर जेद्दा में होनी थी। एफवन के अध्यक्ष और सीईओ स्टेफानो डोमेनिकाली ने कहा, ''हालांकि यह एक मुश्किल फ़ैसला था लेकिन दुर्भाग्य से पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति को देखते हुए इस समय यह सही फैसला है।'' फिया ने कहा कि ये दोनों रेस 'अप्रैल में नहीं होंगी' और इनकी जगह कोई दूसरी रेस आयोजित नहीं की जाएगी। फिया के अध्यक्ष मोहम्मद बेन सुलेयम ने कहा, ''फिया हमेशा हमारे समुदाय और सहकर्मियों की सुरक्षा और भलाई को सबसे पहले रखेगी। सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद हमने इस जिम्मेदारी को पूरी तरह से ध्यान में रखते हुए यह फैसला किया है।

# सरफराज का क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास



नई दिल्ली, 15 मार्च। भारत के खिलाफ आईसीसी के दो प्रमुख टूर्नामेंट के फाइनल में जीत हासिल करने वाले एकमात्र पाकिस्तानी कप्तान विकेटकीपर-बल्लेबाज सरफराज अहमद ने रविवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया। सरफराज ने अपना अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच दिसंबर 2023 में पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच के रूप में खेला था। उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के बयान में संन्यास लेने की घोषणा की। बोर्ड के एक सूत्र ने बताया कि सरफराज के संन्यास लेने की औपचारिक घोषणा के बाद अब पीसीबी उन्हें लंबी अवधि के लिए राष्ट्रीय टेस्ट टीम का मुख्य कोच नियुक्त कर सकता है।

पीसीबी ने ऑलराउंडर अजहर महमूद का अनुबंध समाप्त कर दिया था जिसके बाद से टेस्ट टीम के मुख्य कोच का पद खाली पड़ा है। महमूद ने पिछले साल टेस्ट टीम के अंतरिम मुख्य कोच के रूप में कार्य किया था। मई में 39 वर्ष के होने वाले सरफराज को हाल में पाकिस्तान अंडर-19 और शाहीन टीमों का मेंटोर (मार्गदर्शक) और मैनेजर नियुक्त किया गया था। सरफराज ने अपना आखिरी प्रथम श्रेणी मैच पिछले साल अक्टूबर ने खेला था।

उन्होंने कहा कि वह अपनी अन्य भूमिकाओं पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, ''मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मैं पाकिस्तान की तीनों प्रारूप में कप्तानी करूंगा तथा 2006 में आईसीसी अंडर-19 विश्व कप और 2017 में चैंपियंस ट्रॉफी जीतूंगा। ये मेरे लिए अविस्मरणीय क्षण रहे हैं।'' सरफराज ने पाकिस्तान की तरफ से 54 टेस्ट, 117 वनडे और 61 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। उन्होंने तीनों प्रारूप में 100 अंतरराष्ट्रीय मैचों में कप्तानी भी की है।

### जयपुर पोलो सीजन 2026

## पद्मनाभ सिंह के बेहतरीन 7 गोलों की बदौलत टीम जयपुर बनी विजेता



जयपुर, 15 मार्च। जयपुर पोलो सीजन 2026 के अंतर्गत रविवार को राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर श्री सीमेंट कप (आउट ऑफ हैट) टूर्नामेंट का रोमांचक फाइनल खेला गया। यह मुकाबला टीम जयपुर और नाहरगढ़ के बीच हुआ। इस टक्कर में जयपुर ने 9-4.5 के स्कोर से नाहरगढ़ को शिकस्त देकर कप अपने नाम कर लिया। इस अवसर पर ज्वाइंट वाईस प्रेसिडेंट, जोनल हेड नॉर्थ, श्री सीमेंट, अमिताभ सिहाग मुख्य अतिथि रहे और विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की। विजेता टीम जयपुर से महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अकेले 7 गोल अर्जित किए। वहीं, प्रताप सिंह कानोता ने 2 गोल किए। टीम से नरेंद्र सिंह और रघुराम हरि भी खेले। दूसरी ओर, टीम नाहरगढ़ से तरुण बिलवाल और विशाल सिंह राठौड़ ने 2-2 गोल किए। टीम से खेलने वाले अन्य खिलाड़ियों में विग्रहराज सिंह कोठारिया और दिव्यमान सिंह दूजोद शामिल थे। यहां टीम नाहरगढ़ को आधे गोल का एडवांटेज भी प्राप्त हुआ।

# दिन की शुरुआत दौड़ से करने से सकारात्मक सोच विकसित होती है- भजनलाल

## मुख्यमंत्री ने ''विकसित राजस्थान रन-2026'' में प्रतिभागियों के साथ दौड़ लगाई

जयपुर, 15 मार्च। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि नियमित दौड़ लगाना स्वस्थ जीवन का मूल मंत्र है। दिन की शुरुआत दौड़ के साथ करने से पूरे दिन ऊर्जा बनी रहती है, स्वास्थ्य ठीक रहता है और सकारात्मक सोच विकसित होती है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारम्भ किए गए फिट इंडिया अभियान ने देशवासियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया है।

शर्मा ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे स्वस्थ दिनचर्या का पालन करते हुए फिट रहें तथा प्रदेश के विकास में सक्रिय योगदान दें, जिससे प्रदेश नई ऊंचाइयों को छू सके। अगर प्रदेशवासी एक कदम आगे बढ़ेंगे, तो राजस्थान कई गुना आगे बढ़ेगा।

शर्मा राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित हो रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में रविवार को जयपुर में अमर जवान ज्योति से 'विकसित राजस्थान रन-2026' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशभर में आयोजित 'विकसित राजस्थान रन' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा युवाओं के सशक्तीकरण के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को राजस्थान दिवस समारोह के तहत अमर जवान ज्योति से आयोजित हुई 'विकसित राजस्थान रन-2026' में प्रतिभागियों के साथ दौड़ लगाई।*

> ■ **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने युवाओं से अपील की कि वे स्वस्थ दिनचर्या का पालन करते हुए फिट रहें तथा प्रदेश के विकास में सक्रिय योगदान दें।**

युवाओं के लिए हमारी सरकार युवा नीति लाई है। युवाओं को ब्याज मुक्त ऋण दिया जा रहा है, जिससे उद्यिमता को बढ़ावा मिले और युवा रोजगार प्रदाता भी बनें।

उन्होंने युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप अपने सपनों की उड़ान के लिए तैयार रहिए, राज्य सरकार आपके सपनों को साकार करने में हरसंभव मदद करेगी।

मुख्यमंत्री ने प्रतिभागियों के साथ दौड़ में हिस्सा लेकर उनका उत्साहवर्धन भी किया। इस दौरान मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में प्रतिभागी व आमजन मौजूद रहे।

## नेपाल में बस पलटने से 7 भारतीय श्रद्धालुओं की मौत

काठमांडू, 15 मार्च। बड़ी खबर नेपाल से सामने आई है। यहां भारतीय श्रद्धालुओं को लेकर जा रही एक बस खाई में पलट गई है। यह हादसा मध्य नेपाल इलाके में हुआ है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक इस हादसे में सात लोगों की मौत हो गई है, जबकि कई अन्य लोग घायल हैं। पुलिस ने इस हादसे के बारे में जानकारी देते हुए बताया है कि सूचना मिलते ही रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। फिलहाल घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

> ■ **मनकामना मंदिर से लौट रही बस अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे खाई में गिरी।**

पुलिस ने बताया कि यह घटना शनिवार को नेपाल के गंडकी प्रांत में हुई। तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस मनकामना मंदिर से लौट रही थी। गोरखा जिले में बस अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क से नीचे खाई में गिर गई। गोरखा जिले के जिला यातायात पुलिस कार्यालय के प्रमुख सूरज आर्यल ने बताया कि मृतकों में दो महिलाएं और पांच पुरुष शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सभी मृतक भारतीय नागरिक हैं। सात यात्रियों को बचा लिया गया है। सभी घायलों को आंबुखैरेनी के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज किया जा रहा है।

# ईरान में फंसे 20 भारतीय छात्र सुरक्षित लौटे

## ये सभी सड़क मार्ग से अर्मेनिया, फिर हवाई जहाज से दुबई होते हुए दिल्ली पहुँचे

नई दिल्ली, 15 मार्च। ईरान में जंग जैसे हालात के बीच फंसे भारतीयों के लिए एक बड़ी और राहत भरी खबर है। 70 से ज्यादा भारतीय छात्रों और टूरिस्ट का पहला जत्था रविवार सुबह सुरक्षित नई दिल्ली लौट आया है।

जम्मू-कश्मीर छात्र संघ (जेकेएसए) ने इस बात की पुष्टि की है कि ये छात्र अर्मेनिया के रास्ते भारत पहुंचे हैं। इस खबर से उन परिवारों ने बड़ी राहत की सांस ली है जो लंबे समय से संघर्षग्रस्त क्षेत्र में अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित थे।

छात्रों की वतन वापसी का यह सफर आसान नहीं था। जेकेएसए के राष्ट्रीय संयोजक नासिर खुएहामी के अनुसार, छात्रों ने ईरान के अलग-अलग शहरों से बॉर्डर पार कर अर्मेनिया तक बसों के जरिए एक लंबी और चुनौती भरी सड़क यात्रा की।

> ■ **वापस आने वाले अधिकतर छात्र जम्मू-कश्मीर के हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ मैडिकल साइंसेज में पढ़ाई कर रहे थे।**

इसके बाद उन्होंने येरेवान के ज्वार्टनोट्स इंटरनेशनल एयरपोर्ट से दुबई के लिए फ्लाइट ली। दुबई से एक और कनेक्टिंग फ्लाइट के जरिए रविवार सुबह करीब 9:45 बजे ये छात्र दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर उतरे। छात्रों के इस पहले जत्थे की वापसी कमर्शियल उड़ानों के जरिए संभव हो सकी है।

वतन वापस लौटने वाले ज्यादातर छात्र जम्मू-कश्मीर के हैं, जो उर्मिया यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज और तेहरान यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज सहित ईरान की अलग-अलग यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर रहे थे। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री के निर्देश पर आईजीआई एयरपोर्ट के टर्मिनल 3 के एग्जिट गेट के पास एसी स्लीपर बसें तैनात की गई थीं, ताकि छात्र आराम से अपने घर लौट सकें।

## राष्ट्रपति अयोध्या में श्रीराम यंत्र की स्थापना करेंगी

अयोध्या, 15 मार्च। रामनगरी अयोध्या में एक बार फिर ऐतिहासिक और आध्यात्मिक उत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में 19 मार्च को श्रीराम यंत्र की विधिवत् स्थापना होगी। इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। यह कार्यक्रम चैत्र नवरात्र के पहले दिन, यानी वर्ष प्रतिपदा के शुभ अवसर पर आयोजित हो रहा है, जो हिंदू नववर्ष की शुरुआत का प्रतीक है। उत्तर प्रदेश सरकार और श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने इस आयोजन को अत्यंत भव्य बनाने की रूपरेखा तैयार की है।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चम्पतराय ने बताया कि श्रीराम यंत्र दो वर्ष पूर्व जगद्गुरु शंकराचार्य विजयेंद्र सरस्वती महाराज द्वारा शोभायात्रा के माध्यम से अयोध्या भेजा गया था। वैदिक गणित और ज्यामितीय आकृतियों पर आधारित यह यंत्र देवताओं का निवास माना जाता है, जो सकारात्मक ऊर्जा आकर्षित करने की क्षमता रखता है। वर्तमान में इस यंत्र की राजा राम के समक्ष नियमित पूजा-अर्चना चल रही है। इसकी स्थापना के नौ दिवसीय वैदिक अनुष्ठान पहले से ही शुरू हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि लगभग सात हजार लोग इस ऐतिहासिक समारोह में मौजूद रहेंगे।

> ■ **यह कार्यक्रम 19 मार्च को आयोजित होगा।**

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के लगभग 300 संत व महापुरुष शामिल होंगे। केरल की पूज्य माता अमृतानंदमयी अपने एक हजार भक्तों के साथ ट्रेन से अयोध्या पहुंचेंगी। मंदिर निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले संभ्रांत व्यक्तियों को भी विशेष निमंत्रण भेजा गया है। इनमें एलएंडटी, टाटा कंपनी के प्रतिनिधि, गुजरात के आर्किटेक्ट चंद्रकांत भाई का परिवार और परिसर विकास में भूमिका निभाने वाले अन्य विशेषज्ञ शामिल हैं। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के अनुसार, पत्थर-लकड़ी-संगमरमर की नक्काशी करने वाले, खंभों पर मूर्तियां उकेरने वाले, भगवान की प्रतिमा बनाने वाले और वस्त्र तैयार करने वाली फर्मों के लगभग 1800 कार्यकर्ता भी आमंत्रित किए गए हैं।

## उरी सैक्टर में घुसपैठ करता पाकिस्तानी आतंकवादी मारा गया

श्रीनगर, 15 मार्च। सेना ने जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए एक पाकिस्तानी आतंकवादी मार गिराया। सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट किया, ''घुसपैठ के प्रयास के संबंध में जम्मू कश्मीर पुलिस द्वारा प्रदान किए गए एक विशिष्ट खुफिया इनपुट के आधार पर, 14-15 मार्च 26 की मध्यरात्रि को जनरल क्षेत्र बुचर, उरी सेक्टर में एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया था।

## राहुल गांधी ने कांशीराम को भारत रत्न देने की मांग की

नई दिल्ली, 15 मार्च। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बहुजन समाज के नेता कांशीराम की जयंती पर उनको मरणोपरांत भारत रत्न देने की मांग की है। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आधिकारिक पत्र लिखकर कहा कि कांशीराम ने भारतीय राजनीति की प्रकृति को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने अपने आंदोलनों के माध्यम से बहुजनों और गरीबों के बीच राजनीतिक जागरूकता बढ़ाई।

राहुल गांधी ने कहा कि भारतीय संविधान सभी नागरिकों को समानता, गरिमा और भागीदारी का अधिकार देता है। कांशीराम ने समाज के सबसे निचले तबके तक इन अधिकारों को सार्थक बनाने के लिए अपना जीवन समर्पित किया। इससे भारतीय लोकतंत्र की नींव मजबूत हुई और राजनीतिक व्यवस्था अधिक प्रतिनिधिक तथा न्यायपूर्ण बनी। उन्होंने कहा कि कई वर्षों से दलित बुद्धिजीवी, नेता और सामाजिक कार्यकर्ता कांशीराम को भारत रत्न देने की मांग करते रहे हैं।

राहुल गांधी ने कहा कि कांशीराम को मरणोपरांत भारत रत्न देने से राष्ट्र के प्रति उनके विशाल योगदान को मान्यता मिलेगी और उन लाखों लोगों की आकांक्षाओं का सम्मान होगा, जो उन्हें सशक्तिकरण और आशा के प्रतीक के रूप में देखते हैं।

## केरल, ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

ऐसे में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 राज्य की राजनीति की दिशा तय करने वाला महत्वपूर्ण चुनाव माना जा रहा है।

## कई जिलों ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

हल्की बारिश हो सकती है। 19-20 मार्च को इसका प्रभाव अधिक रहने तथा जोधपुर, बीकानेर, अजमेर, जयपुर और भरतपुर संभाग के कुछ हिस्सों में तेज आंधी और बारिश की संभावना जताई गई है।

जयपुर में रविवार को बादल छाए रहने और हल्की धूप निकलने से अधिकतम तापमान 35.7 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 22.7 डिग्री दर्ज किया गया।

## देश की ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

चुनाव लड़ना तय है। गोवा, कर्नाटक, नगालैंड और त्रिपुरा की पांच सीटों पर 9 अप्रैल को वोटिंग होनी है। महाराष्ट्र और गुजरात की तीन सीटों पर दूसरे चरण में मतदान होंगे। यहां 23 अप्रैल को वोटिंग होगी और 4 मई को नतीजों का ऐलान होगा।




राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908